दैनिक
सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
ललितपुर ■ शुक्रवार 29 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-140 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

सुविचार
शिक्षक और सड़क दोनों एक जैसे होते हैं खुद जहां है वहीं पर रहते हैं, मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा देते हैं।

ब्रीफ न्यूज

पायलट ने बॉयफ्रेंड से तंग आकर की थी आत्महत्या

मुंबई। मुंबई में महिला पायलट सृष्टि तुली सुसाइड केस में नए खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बॉयफ्रेंड महिला को प्रताड़ित करता था। दोनों के बीच नॉनवेज खाने को लेकर भी लड़ाई होती थी। लड़की के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने बॉयफ्रेंड आदित्य पंडित को 26 नवंबर को अरेस्ट किया था।

पैरा एथलीट रिनचेन यूडो ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

नई दिल्ली। पैरा एथलीट रिनचेन यूडो ने गुरुवार को पहले विश्व पैरा पूमसे ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वे केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल इलाके में बोधखरबू नाम की जगह की रहने वाली हैं।

जम्मू-कश्मीर में 5.8 की तीव्रता से आया भूकंप

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हुए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 आंकी गई। भूकंप शाम 4.19 बजे दर्ज किया गया। वहीं, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 36.49 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 71.27 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 165 किमी की गहराई पर था।

दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि दिल्ली में गंभीर वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए लागू ग्रेप -4 कम से कम 2 दिसंबर तक लागू रहेगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ग्रेप प्रतिबंधों को कम करने पर निर्णय लेने के लिए एक बैठक करे।

बाजार में हाहाकार! सेंसेक्स में 1190 अंक की गिरावट

नई दिल्ली। सुबह की अच्छी शुरुआत के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। गुरुवार को दोपहर के बाद शेयर बाजार भरभराकर टूट गया। बीएसई सेंसेक्स 1190 अंक से ज्यादा गिर गया। वहीं निफ्टी में 360 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। सेंसेक्स 79,043 और निफ्टी 23,914.15 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक की बात करें तो 370 अंक ढह चुका है और 51930 पर कारोबार कर रहा था।

इस्कॉन ने कहा-चिन्मय कृष्ण से हमारा संबंध नहीं

नई दिल्ली। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के बड़े धार्मिक चेहरे चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद तनाव बरकरार है। इधर, गुरुवार को इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारू चंद्रा ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास का अब इस्कॉन संगठन से कोई संबंध नहीं है। इस्कॉन चिन्मय कृष्ण के किसी भी बयान या प्रतिक्रिया की जिम्मेदारी नहीं लेता है। हाल ही में इस्कॉन संगठन से चिन्मय कृष्ण को निकाल दिया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्रवाई से मचा हड़कंप

हरदोई के सड़क निर्माण घोटाले में एक एसई 2 एक्सईएन समेत 16 अभियंता सस्पेंड

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में सड़कों का घटिया निर्माण होने पर कड़ी कार्रवाई की है। इसके लिए जिम्मेदार मिले एक अधीक्षण अभियंता और दो अधिशासी अभियंता समेत 16 अभियंता निलंबित कर दिए गए हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई समेत 10 जिलों की सड़कों की जांच के आदेश दिए थे। हरदोई में सड़कों की जांच के लिए प्रमुख सचिव अजय चौहान की अध्यक्षता में एक टीम गए थे। इस टीम में पीडब्ल्यूडी सलाहकार वीके सिंह और पीडब्ल्यूडी विभागाध्यक्ष योगेश पंवार भी शामिल थे। हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने लिए गए। लैब में इन नमूनों की जांच कराई गई तो ये सभी नमूने फेल हो गए। तारकोल की मात्रा कम मिली। गिट्टी समेत अन्य सामग्री भी मानक से कम मिली। इन मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा निर्माण खंड-1 के सहायक अभियंता राजवीर सिंह, संतोष कुमार पांडे व जीएन सिंह और प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता रितेश कटियार व कृष्णकांत मिश्रा को भी सस्पेंड कर दिया गया है। इन्हीं मामलों में 8 अवर अभियंता मोहम्मद शोएब, राजीव कुमार, अमर सिंह, रुचि गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता,

सभी निलंबित अभियंताओं के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए

मकरंद सिंह यादव और वीरेंद्र प्रताप सिंह को भी निलंबित किया गया है। सभी निलंबित अभियंताओं के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिन नौ अन्य जिलों में सड़कों की जांच कराई गई थी, उनके भी नमूने जांच के लिए लैब में भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने पर वहां भी कड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

30 साल फर्जी नौकरीः चार बर्खास्त, 20 रिटायर कर्मचारियों को वापस करनी होगी पूरी सैलरी

इधर, एटा कलेक्ट्रेट में फर्जी आदेश से नौकरी पाने वाले कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। सेवा में चल रहे चार कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि सेवानिवृत्त हो चुके और मृतक 20 कर्मचारियों की पेंशन रोकने के साथ ही वसूली का आदेश दिया गया है। इनमें पांच कर्मचारी ऐसे भी हैं, जिन्होंने जांच के दौरान पत्रावलियां गायब कर दी थी। कलेक्ट्रेट में 1993 और 1995 में 30 सीजनल सहायक वासिक बाकी नवीसों को विनियमित कर लिपिक बनाया गया था। शिकायत होने पर इनकी जांच शुरू कराई गई। मामला ऊपर तक पहुंचा और शासन स्तर से एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित कर दिया गया। इनकी जांच में तमाम संदिग्ध चीजें सामने आने लगीं। जब कर्मचारियों ने खुद को फंसता हुआ देखा तो कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों से सांठगांठ की। इनके साथ मिलकर पांच कर्मचारियों ने इनकी पत्रावलियों को ही गायब कर दिया। हालांकि, जांच के दौरान पाया गया कि उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के जिस आदेश के आधार पर इन सभी को विनियमित किया गया था, वो आदेश ही फर्जी था। एसआईटी की जांच रिपोर्ट पर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक में 2023 में कार्यवृत्त उपलब्ध कराया गया। इसमें विनियमितीकरण को नियम विरुद्ध माना गया। एटा के ऐसे 19 और पत्रावलियां गायब करने वाले पांच कर्मचारियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया गया। इस आधार पर चार कर्मचारियों को सेवा से पदच्युत कर सेवाकाल में लिए गए सभी प्रकार के भुगतानों की रिकवरी की जाएगी। जबकि 15 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन रोकते हुए सेवाकाल व इसके बाद लिए गए सभी भुगतानों की रिकवरी कराई जाएगी। वहीं, अभिलेख गायब करने में संदिग्ध पांच कर्मचारियों के विरुद्ध पेंशन रोकने की कार्रवाई की गई है। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने एक खास चर्चा के दौरान बताया कि कर्मचारियों को नोटिस जारी कर सुनवाई का पूरा समय दिया गया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। 11 कर्मचारी जनपद कासगंज के हैं। इनके संबंध में कार्रवाई के लिए वहां की डीएम को पत्र भेजा गया है।

यूपीः प्रदेश में बंटेगा पावर कॉरपोरेशन

बनेंगी पांच नई ऊर्जा कंपनियां, निजी क्षेत्रों के साथ होगी पार्टनरशिप

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

पावर कॉरपोरेशन की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में तय किया गया कि नए मॉडल के तहत पूर्वांचल और दक्षिणांचल में बदलाव किया जाएगा। तय किया गया कि पूर्वांचल डिस्कॉम को तीन कंपनियों और दक्षिणांचल डिस्कॉम को दो कंपनियों में बांटा जाएगा। इससे हर कंपनी में 30-35 लाख उपभोक्ता हो जाए। इस प्रकार इन दोनों डिस्कॉम में कुल पांच नई कंपनियों का सृजन किया जाएगा। बैठक के दौरान नए मॉडल पर विस्तार से चर्चा की गई। पूरी व्यवस्था का खाका खींचने पर मंथन हुआ। पांच नई कंपनियों के बांटने के मुद्दे पर प्रस्ताव तैयार किया गया। पांच कंपनी होने से किसी एक कम्पनी व निजी निवेशक के एकाधिकारी की आशंका भी समाप्त हो जाएगी। पांच कम्पनी होने पर कई निजी निवेशक आगे आ सकेंगे। एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा। इन नई कंपनियों की सीमा इनके मंडलों व जिलों में व्यवस्था होगी कि प्रशासनिक नियंत्रण में सुविधा हो। यह व्यवस्था होगी कि हर कम्पनी में बड़े नगर भी शामिल हो तथा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों का इस प्रकार सामंजस्य किया जाएगा, जिससे इसमें काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को निवास, अपने परिवार के दायित्वों के निर्वाहन में असुविधा ना हो।

निजी क्षेत्र के साथ पार्टनरशिप की जाएगी

बैठक के दौरान यह भी साफ किया गया है कि निजी क्षेत्र के साथ पार्टनरशिप की जाएगी न कि निजीकरण। व्यवस्था में चेयरमैन शासन का ही कोई वरिष्ठ अधिकारी होगा जिससे कर्मचारियों, किसानों व उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रहे। यदि अधिकारी व कर्मचारी रिफार्म प्रक्रिया में सहयोग करते हैं, तो प्रदेश सरकार नई कंपनी में उनको हिस्सेदारी देने पर भी विचार करेगी।

दिल्ली के प्रशांत विहार में फिर धमाका, एक घायल

- फोरेंसिक और एनएसजी की टीम पहुंची
- मौके पर सफेद पाउडर जैसी चीज मिली

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार इलाके में पीवीआर मल्टीप्लेक्स के पास गुरुवार की सुबह 11.48 बजे गुरुवार को धमाका हुआ। घटना में एक शख्स घायल हो गया। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड और फोरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची है। इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता के अधिकारी भी पहुंचे। धमाका के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फायर सर्विस के मुताबिक, उनके पास विस्फोट से जुड़ा एक कॉल आया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची। यह धमाका पार्क की बाउंड्री वॉल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि मौके पर सफेद पाउडर जैसी चीज बिखरी हुई मिली है। प्रशांत विहार में यह दूसरी ऐसी घटना है।

हेमंत सोरेन बने झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री

राज्यपाल ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

चौथी बार सीएम बने सोरेन ने अकेले शपथ ली

एजेंसी ■ रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को झारखंड सीएम के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। झामुमो के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा। सोरेन राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मोरहाबादी मैदान में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में किया जाएगा। समारोह में इंडिया गठबंधन की 10 पार्टियों के 18 बड़े नेता शामिल हुए। वर्ष 2024 विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बंपर जीत मिली है। जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और भाकपा-माले को 81 में से 56 सीटों पर जीत मिली।

यूपीः 63 हजार निजी स्कूलों की छह लाख सीटों पर गरीब बच्चों का होगा प्रवेश

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

प्रदेश में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के निजी स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हो रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार स्कूलों व सीटों की संख्या बढ़ी है। 2025-26 में 62871 हजार निजी स्कूलों की छह लाख सीटों पर प्रवेश होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों का पुराना बकाया भुगतान होने के बाद इसमें निजी स्कूल भी रुचि ले रहे हैं। यही वजह है कि नए सत्र में आरटीई के लिए विभाग की ओर से 62871 स्कूल मैप किए जा चुके हैं। वहीं इसमें से 62829 स्कूलों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसी तरह कक्षा एक में 391130 और प्री प्राइमरी में 211935 सीट पर प्रवेश लिए जाएंगे। पिछले साल लगभग 3.57 लाख आवेदन हुए थे। इस बार विभाग पांच गुना आवेदन करने का लक्ष्य लेकर काम कर रहा है। उप शिक्षा निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस बार आवेदन के लिए प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग के कार्यालयों में हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी।

लखनऊ व आगरा में सर्वाधिक सीटें

कक्षा एक में आगरा में 12608, जौनपुर में 12295, आजमगढ़ में 11795, बरेली में 10689, प्रयागराज में 9629, फिरोजाबाद में 9007, मुजफ्फरनगर में 9096, गाजीपुर में 8652, गोंडा में 8279 सीटें हैं। वहीं प्री प्राइमरी में लखनऊ में 23889, गोरखपुर में 9853, गाजियाबाद में 8333, वाराणसी में 8259, गौतमबुद्ध नगर में 8176, कानपुर नगर में 7429 सीटें हैं।

शिवराज की दो टूक-नकली खाद-बीज बेचने वालों को छोड़ना मत, मैं सीएम से करूंगा बात

केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश के किसानों को हर हाल में अच्छी गुणवत्ता की खाद, बीज और कीटनाशक मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चौहान ने अपने मंत्रालय की विभागवार समीक्षा के दौरान अफसरों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में ऐसे दोषी लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई

प्रभावी नहीं होने से छूट जाते हैं। इस बारे में मैं स्वयं शीघ्र ही राज्य सरकारों से बात करूंगा। ताकि राज्यों के स्तर पर प्रभावी कार्रवाई निरंतर की जाती रहे, जो कोई भी दोषी पाया जाए, उन्हें कड़ी सजा मिल सके, जिससे कि ऐसे घृणित कृत्य रुक सके। शिवराज ने कहा कि देश के आम किसानों के हित में वे इस संबंध में किसी भी हालत में सख्त से सख्त कार्रवाई चाहते हैं। दरअसल, समीक्षा के दौरान शिवराज ने पूछा कि ऐसे नकली आदान बनाने-बेचने वालों पर क्या कार्रवाई हो रही है। इस दौरान यह बात सामने आई कि कई राज्यों के स्तर पर जांच-पड़ताल और अभियोजन के स्तर पर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अधिकांश दोषी लोग बरी हो जाते हैं या उन्हें बहुत कम दंड मिलता है। इस पर शिवराज ने कहा कि मैं मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों से भी इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करवाने के लिए बात करूंगा।

अब समंदर से ही दुश्मन का होगा खात्मा

भारत की सैन्य ताकत में इजाफा, परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

- देश की दूसरी-हमलावर क्षमता हुई प्रमाणित
- मिसाइल की चार हजार किलोमीटर की रेंज

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत की सैन्य ताकत में बड़ा इजाफा हुआ है। भारतीय सेना ने परमाणु हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का गुरुवार को सफल परीक्षण किया। भारत ने परमाणु-सक्षम 3,500 किमी रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल को आईएनएस अरिघाट पनडुब्बी से लॉन्च किया।

परीक्षण के परिणामों का विश्लेषण किया जा रहा है, जिसके बाद संबंधित अधिकारी शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को जानकारी देंगे। यह परीक्षण देश की दूसरी-हमलावर क्षमता को प्रमाणित करने के लिए अहम है। दरअसल, इससे भारत को सेकेंड स्ट्राइक की क्षमता मिल जाती है। इसका मतलब है कि अगर जमीन पर स्थिति ठीक नहीं है, तो समंदर से ही सबमरीन की मदद से हमला किया जा सकता है। भारत का नियम है कि वो कभी भी पहले परमाणु हमला नहीं करेगा, लेकिन अगर उस पर हमला होता है तो वो छोड़ेगा भी नहीं। इस मिसाइल की 4000 किमी की रेंज है जो नौसेना के लिए बहुत जरूर साबित होती है।

परिवारवाद लोकसभा में दोहराया 71 साल पुराना इतिहास, पहली बाद मां और उनके दो बच्चे चुने गए सांसद

नेहरू और गांधी परिवार की 16वीं सांसद बनीं प्रियंका गांधी

हाथ में संविधान की कॉपी थामकर ली पद की शपथ

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केरल के वायनाड से चुनाव जीतकर प्रियंका गांधी गुरुवार को पहली बार लोकसभा पहुंचीं। उन्हें सांसद पद की शपथ दिलाई गई। प्रियंका ने हिंदी में शपथ ली। इस दौरान उन्होंने राहुल की तरह हाथ में संविधान की कॉपी पकड़ी हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें शपथ दिलाई। इसके साथ ही देश की संसद में गांधी परिवार के एक और सदस्य का प्रवेश हो गया है। प्रियंका गांधी और नेहरू परिवार की 16वीं सदस्य हैं

जो लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ जब लोकसभा में गांधी परिवार का कम से कम एक सदस्य न पहुंचा हो।

प्रियंका... रुको...रुको...रुको..मुझे भी फोटो लेने दो...

दरअसल, गुरुवार को प्रियंका गांधी जब संसद पहुंचीं, तो कांग्रेस नेताओं ने बाहर ही उनका स्वागत किया। सदन में प्रपेश से पहले ही भाई राहुल ने उन्हें रोका और कहा-रुको, रुको, रुको... मुझे भी तुम्हारी फोटो लेने दो...। वहीं प्रियंका के सांसद बनने पर मां सोनिया गांधी ने कहा कि हमें गर्व है और हम सब बेहद खुश हैं। प्रियंका संसद में केरल की प्रसिद्ध कसावु साड़ी पहनकर पहुंची थीं।

ऐसे भी मौके आए हैं जब गांधी-नेहरू परिवार से जुड़े 5-5 सदस्य लोकसभा में एक साथ पहुंचे। मौजूदा लोकसभा में राहुल गांधी के बाद उनकी बहन प्रियंका भी संसद पहुंच गईं। राहुल और प्रियंका की मां सोनिया गांधी लंबे समय तक लोकसभा सांसद रही हैं। फिलहाल वो राजस्थान से राज्यसभा की सांसद हैं। ऐसा पहली बार होगा जब गांधी परिवार मां और उनके दो बच्चे एक साथ सांसद होंगे। प्रियंका और राहुल के एक साथ सदन में बैठते ही एक और इतिहास दोहराया गया। 71 साल पहले 1953 तक जवहार लाल नेहरू और विजयलक्ष्मी पंडित की भाई बहन की जोड़ी सदन में नजर आती थी। अब 71 साल बाद फिर से नेहरू-गांधी परिवार के भाई बहन साथ नजर आए।

रवांडा से भारत लाया गया लश्कर का खतरनाक आतंकी

- इंटरपोल के साथ सीबीआई-एनआईए को मिल कामयाबी
- सलमान रहमान बेंगलुरु में आतंकी गतिविधियों में था शामिल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय एजेंसियों को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इंटरपोल के साथ मिलकर सीबीआई और एनआईए ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सदस्य का प्रत्यर्पण कराने में कामयाबी हासिल की है। आतंकी को रवांडा से भारत लाया गया है। बेंगलुरु में आतंकी गतिविधियों की वजह से उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के सदस्य सलमान रहमान खान ने बेंगलुरु में 2023 में आतंकी गतिविधियों के लिए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की सप्लाई की थी। सीबीआई के ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर ने खान के प्रत्यर्पण के लिए एनआईए और इंटरपोल के साथ मिलकर काम किया। इससे लश्कर आतंकी को रवांडा से भारत लाया जा सका।

ब्रीफ न्यूज

सीएम ने ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया हेंडिल पर जारी संदेश में कहा कि महान संत, विचारक एवं समाजसेवी महात्मा फुले ने सारी जिन्दगी समाज के उपेक्षित, शोषित वर्ग के सम्मान, उत्थान एवं ईश्वर की इस कृति को समाज में उचित स्थान दिलाने के लिये अनवरत कार्य करते रहे। वे सत्यशोधक समाज के प्रवर्तक थे। सीएम ने कहा कि नारी शिक्षा एवं वंचितों के लिए समर्पित, संत ज्योतिबा फुले का जीवन हमारे लिए पथ प्रदर्शक प्रेरणादायी व सीखने वाला रहा है।

नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर को

भोपाल। नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि 50 हजार तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी। नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय में संपर्क करें।

मुख्य सचिव से आईपीएस अधिकारियों ने की भेंट

भोपाल। मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन से गुरुवार को मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भोपाल में प्रशिक्षणरत वर्ष 2022 एवं 2023 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के 11 अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्य सचिव ने आमजन की शासन से अपेक्षाएं और अधिकारियों द्वारा ईमानदारी से उन्हें पूर्ण किए जाने, नई तकनीकों से हमेशा अपडेट रहने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को एक अच्छे और लगनशील अधिकारी के रूप में अलग पहचान स्थापित करने के लिए शुभकामनाएं दी।

पीएम मोदी ने दी 4100 मेगावॉट बिजली की उपलब्धता के लिए कोल आवंटन की मंजूरी

प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिलेगा सुपर पॉवर: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कोल आधारित विद्युत उत्पादन के लिए कोल आवंटन के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इससे 4100 मेगावॉट विद्युत उत्पादन के लिए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सभी विभागों को प्रगति के अवसर दिए हैं। पीएम जानते हैं कि बिजली के बिना विकास की कल्पना संभव नहीं है। यह एक बड़ा अवसर है, जिससे हम प्रदेश में ही स्वयं के पॉवर प्लांट लगा सकते हैं। सीएम ने कहा कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हम आज भी सरप्लस की स्थिति में हैं, परंतु औद्योगिक विकास के लिए नए उद्योगों की स्थापना के परिणामस्वरूप बिजली की खपत में भी निरंतर वृद्धि होती जा रही है। भविष्य की दृष्टि से भी हमें नए थर्मल पॉवर स्टेशन की आवश्यकता होगी। यह कोल आवंटन उसमें संजीवनी की तरह काम करेगा। हम थर्मल पॉवर के नए स्टेशन की स्थापना के लिए उद्यमियों को प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि साथ ही राज्य नवकरणीय ऊर्जा की ओर भी समान रूप से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की आगामी लंबी अवधि की विद्युत मांग के आंकलन के आधार पर 27 नवम्बर को भारत सरकार की उच्च स्तरीय अंतर्विभागीय समिति द्वारा प्रदेश के ऊर्जा विभाग के प्रस्तुतिकरण के आधार पर कुल 4100 मेगावॉट के नए थर्मल पॉवर प्लांट लगाने के लिये कोयला आवंटन स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में संयंत्र लगाने के लिए प्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा निविदा जारी की जाएगी। इससे लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त होगा। साथ ही हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्रदेश उद्योग, घरेलू एवं कृषि सिंचाई के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा प्रदाय करेगा और ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बना रहेगा।

ईएजी ग्रुप की बैठक मनी लॉन्ड्रिंग व टेरर फंडिंग रोकने में मील का पत्थर साबित होगी

राज्यपाल ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के साथ किया ईएजी ग्रुप बैठक का शुभारम्भ

यूपीआई डिजिटल लेनदेन को दिया जा रहा विशेष प्रोत्साहन: चौधरी

ग्रुप देशों को मजबूत कूटनीतिक और सशक्त प्रयास करने की जरूरत

सत्ता सुधार ■ भोपाल

ईएजी (यूरेशियन ग्रुप) देशों की बैठक मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद की फंडिंग रोकने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सभी बड़े देशों को एकजुट होकर मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए एकजुट होकर बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। विश्व में आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए सभी ईएजी ग्रुप सदस्यों देशों का एकजुट होना बड़ा कदम है। पीएम मोदी के नेतृत्व में मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इन्दौर में गुरुवार को 41वीं ईएजी प्लेनरी देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राज्यपाल ने कहा कि भारत में डिमॉनिटाइजेशन, डिजिटलाइजेशन से पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास हुए। उन्होंने कहा आधुनिक तकनीक के उपयोग से अवैध वित्तीय गतिविधियों को रोकने के लिए और अधिक विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए ईएजी ग्रुप देश को मजबूत कूटनीतिक और सशक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति के लिए ईएजी ग्रुप देशों के प्रयास प्रभावी परिणामकारक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा वित्त शोधन और आतंकवाद को वित्त पोषण की रोकथाम के लिए यूरेशियन देशो का ग्रुप महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा भारत सरकार टेरर फंडिंग के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रही है। भारत में काला धन अधिनियम, आर्थिक अपराध को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। भारत में साफ और पारदर्शी वित्तीय प्रणाली के लिए जीएसटी, डिजिटल इंडिया के तहत विशेष प्रयास किए गए हैं। यूपीआई डिजिटल लेनदेन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। भारत में परिवर्तन निदेशालय लगातार सशक्त हो रहा है। भारत की सभी एजेंसियां द्वारा मिलकर आतंकवाद और उग्रवाद को धन पोषित करने वालों, मनी लांड्रिंग पर प्रभावी और कड़ी कार्रवाई हो रही हैं। भारत के इन प्रयासों को और सशक्त बनने में ईएजी ग्रुप की बैठक महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। कार्यक्रम में महापौर इन्दौर पुष्यमित्र भार्गव ने ईएजी अध्यक्ष यूरी चिकानचिन को इंदौर में मौजूद यूरेशियन गार्डन का प्रमाण पत्र भेंट किया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में केंद्रीय वित्त अतिरिक्त सचिव विवेक अग्रवाल ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थव्यवस्था के लिए खतरा : मंत्री सिलावट

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की नगरी में ईएजी ग्रुप की बैठक गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा मनी लॉन्ड्रिंग सीधे तौर पर किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, लेकिन जब यह आतंकवाद को पोषित करती है, तब विश्व शांति और सद्भाव के समक्ष गंभीर चुनौतियों को जन्म देती है। आतंकवाद को मिलने वाली वित्तीय मदद समस्त विश्व के लिए चिंता का सबब बनी हुई है इससे निपटने के लिए विश्व के बड़े देशों को एकजुट होना होगा। यह आयोजन वैश्विक अखंडता और मानवता के हित की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा नक्सलवाद और ड्रग्स का व्यापार भी मनी लॉन्ड्रिंग से बढ़ रहा हैं। इससे निपटना हमारे लिए बड़ी चुनौती हैं।

भारत के प्रयास प्रभावी और प्रशंसनीय: यूरी

ईएजी ग्रुप अध्यक्ष यूरी चिकानचिन ने कहा ईएजी ग्रुपों में भारत के प्रयास सार्थक, प्रभावी और प्रशंसनीय हैं। बैठक के दौरान टेरर फंडिंग रोकथाम प्रयासों, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा की गई हैं। उन्होंने कहा भविष्य की चुनौतियों और उनकी रोकथाम के लिए भी बैठक में चर्चा की गई है। यूरेशियन सहित अफ्रीकी देशों सहित विश्व के अन्य क्षेत्रों में आतंकवाद को फंडिंग एक गंभीर चुनौती है। ईएजी ग्रुप की बैठक में तकनीकी और प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के संबंध में चर्चा हुई है।

भारत को मेजबानी मिलना गर्व की बात

भारत सरकार के वित्त सचिव संजय मल्होत्रा ने आतंकवाद को वित्त पोषण, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम, पारदर्शी अर्थव्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा यूरेशियन क्षेत्र में टेरर फंडिंग, मनी लांड्रिंग सहित नई चुनौतियों पर नियंत्रण के लिए ईएजी ग्रुप की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। उन्होंने कहा ईएजी ग्रुप के जो भी देश शामिल है उनमें से कोई भी ग्रे सूची में नहीं है। उन्होंने कहा ग्रुप देशों के बीच बेहतर समन्वय के लिए विशेष प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। भारत को ईएजी ग्रुप देश की बैठक की मेजबानी का अवसर मिला। यह भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा आवश्यकता है कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी और एआई का उपयोग सुरक्षा के बेहतर उपायों के लिए किया जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी और जन-सुलभ बनाने करें कार्य: डिप्टी सीएम

डिप्टी सीएम ने की कर्मचारी चयन बोर्ड से भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचना विकास एवं प्रशासनिक सुधार के सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा किया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जनसुलभ बनाया जा सके। डिप्टी सीएम ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वृहद समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी और उप-सचिव शुचिस्मिता सक्सेना मौजूद रहे। शुक्ल ने 454 स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वीकृत पदों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन बोर्ड से भर्ती किए जाने की प्रक्रिया की समीक्षा की और औपचारिकताओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीवा मेडिकल कॉलेज में कैथलैब के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्रीय मरीजों को उन्नत उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही रीवा और सतना मेडिकल कॉलेज, एमवाई हॉस्पिटल इंदौर में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कैबिनेट के लिए प्रस्तावित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन और नवीन जिलों के जिला अस्पतालों में पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। उन्होंने प्रदेश में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए नियमों और निर्देशों में अपेक्षित सुधार किए जाने की कार्रवाई के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स पदों पर नियुक्ति के लिए मानकों के अनुरूप प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में सालों से निलंबित डॉक्टर्स के प्रकरण में विचार के लिए गठित समिति की बैठक आयोजित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा। बॉन्ड अवधि पूरी कर चुके डॉक्टर्स को एनओसी जारी करने और उनके दस्तावेज लौटाने की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के विषय पर विमर्श किया और प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए।

मप्र को प्राकृतिक खेती में अग्रणी बनाने उत्पादों की करें ब्रांडिंग

प्राकृतिक खेती के संवर्धन पर मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग ने किया संवाद

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश को प्राकृतिक खेती में अग्रणी राज्य बनाने के लिए उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केट कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाना चाहिए। महिला किसानों और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देकर कम्युनिटी मॉडल अपनाए जाना चाहिए। प्राकृतिक खेती के लिए मानकों और प्रमाणन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाना चाहिए। उक्त विचार विशेषज्ञों ने आज यहां मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा जलवायु सहनशीलता और सतत् कृषि के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा- मार्ग, चुनौतियां और नीति समर्थन विषय पर आयोजित संवाद में व्यक्त किए।

संवाद में कृषि, बागवानी और सतत विकास के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, महिला किसानों, स्वयंसेवी संगठनों, और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। सीईओ, राज्य नीति आयोग श्री ऋषि गर्ग ने प्राकृतिक खेती के संवर्धन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने में किसानों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करना आवश्यक है। आंध्रप्रदेश के उप निदेशक हॉर्टिकल्चर श्रीनिवासुलु ने सामुदायिक प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कम लागत और स्थानीय संसाधनों का उपयोग प्राकृतिक खेती को किसानों के लिए आकर्षक बनाता है। अतिरिक्त सचिव बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती प्रीति मैथिल ने बताया कि प्राकृतिक खेती के उत्पाद उपभोक्ताओं में लोकप्रिय हो रहे हैं, लेकिन इसे व्यावसायिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए बेहतर नीति समर्थन और बाजार संपर्क की आवश्यकता है। श्री जी. प्रकाश राव ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक आधार, जैव विविधता में सुधार और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। पद्मश्री डॉ. सुभाष पालेकर ने जैविक और प्राकृतिक खेती के बीच के अंतर को स्पष्ट किया और प्राकृतिक खेती को अपनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के सुझाव दिए।

सबको शिक्षित बनाना सरकार की प्राथमिकता

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद

सत्ता सुधार ■ भोपाल

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि ज्ञानोदय विद्यालयों से हमें गरीब बच्चों को शिक्षित करने का अवसर मिल रहा है, यह हमारा सौभाग्य है। सभी को शिक्षित बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम यह प्रयास करें कि विद्यार्थियों को पढ़ाई का माहौल मिले। पढ़ाई में कमजोर बच्चों की मार्किंग कर, उनकी कमियों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के प्रवेश लेते ही बच्चों की नींव मजबूत करने का प्रयास करें, जिससे वे राष्ट्र के सशक्तिकरण के लिये तैयार हो सके। मंत्री चौहान गुरुवार को ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, कटारा हिल्स भोपाल में शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों के संचालन की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री श्री चौहान ने विद्यालय का निरीक्षण भी किया।उन्होंने निरीक्षण में छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक, पाठ्येतर गतिविधियों, मिलने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा भी की। उन्होंने विद्यालय में स्थापित साइंस लैब, सोशल साइंस लैब, म्यूजिक रूम और क्लास रूम का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए उपकरणों और प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ दोपहर भोजन भी किया। उन्होंने ज्ञानोदय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में प्रदेश भर से मेरिट के आधार पर चयनित विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। सभी शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि बच्चों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि करें। सभी विद्यालयों में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत होना चाहिए। बोर्ड परीक्षाओं में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो। परीक्षा परिणाम में सुधार नहीं होने पर जिम्मेदार शिक्षकों एवं अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा शासन ने सर्व-सुविधायुक्त ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों की स्थापना की है, इन संस्थानों पर पालकों और विद्यार्थियों का भरोसा बना रहे, इसके लिए हमें टीम भावना से कार्य करना होगा। मंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के सभी ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों की शीघ्र पदपूर्ति कर लें। सभी विद्यालयों में खेलकूद परिसर बनाएं जाएं, जिन संभाग में परिसर बनाने का कार्य भूमि अनुपलब्धता के कारण अप्रारंभ हैं, उन जिलों के कलेक्टर को भूमि आवंटन करने के लिए पत्र लिखें। उन्होंने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, रीवा के लिए शीघ्र भूमि आवंटन कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।

सियासत विधायक निर्मला सप्रे को सदन में अपने साथ नहीं बैठाएगी कांग्रेस

अपने ने ही विधायक के खिलाफ पहुंची हाईकोर्ट कांग्रेस

सत्ता सुधार ■ भोपाल

16 दिसंबर से होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर कांग्रेस अभी से आक्रामक रूख में दिखने लगी है। खासकर सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे को लेकर कांग्रेस ने रणनीति बनाई है कि वह सदन में उन्हें अपने साथ नहीं बैठाएगी। बीना विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता समाप्त कराने के लिए कांग्रेस पहुंची मध्य प्रदेश हाईकोर्ट पहुंची है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में इसको लेकर याचिका लगाई हैं। इधर विजयपुर से नवनिर्वाचित विधायक मुकेश मल्होत्रा कांग्रेस कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार का भी स्वागत हुआ, विजयपुर चुनाव की कमान उन्हीं के हाथों में थी। लोकसभा चुनाव के समय बीना में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की उपस्थिति में निर्मला सप्रे के भाजपा में शामिल होने की घोषणा की गई थी। उन्होंने चुनाव में सागर लोकसभा सीट से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला के विरुद्ध काम किया। परिणाम भाजपा के पक्ष में रहे। निर्मला सप्रे सदस्यता को लेकर भले ही अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है, पर कांग्रेस ने यह मान लिया है कि वह अब भाजपा की सदस्य हैं। ऐसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पार्टी उन्हें अपने साथ नहीं बैठाएगी। 15 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाएगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने दलबदल कानून के अंतर्गत उनकी सदस्यता समाप्त करने के लिए आवेदन भी दिया। इस पर तीन बार नोटिस दिया जा चुका है पर निर्मला सप्रे ने अब तक कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया है। वह प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में भी शामिल हो चुकी हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले उनकी सदस्यता को लेकर निर्णय होने की संभावना है। इस मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि भाजपा का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था पर नहीं है। देशभर में लगभग 600 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दलबदल कराया जा चुका है। निर्मला सप्रे को लेकर हमें कोई भ्रम नहीं है। नेता प्रतिपक्ष के आवेदन पर निर्णय विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को लेना है पर इसे टाला जा रहा है। हमने विधिक परामर्श ले लिया है और जल्द ही कोर्ट में आवेदन करेंगे।

जमीनी कार्यकर्ताओं की बढ़ेगी पूछ परख

विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत और बुधनी विधानसभा में वोट प्रतिशत बढने से कांग्रेस का उत्साह बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी द्वारा किया गया बूथ मैनेजमेंट सफल रहा है। पटवारी को समझ में आ गया है कि अगर मप्र में जीत दर्ज करनी है तो बूथ मैनेजमेंट पर काम करना होगा। उन्होंने अब इसके लिए प्लानिंग शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मप्र में बूथ लेवल पर काम करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं की पूछ परख बढ़ाने वाली है। उपचुनाव के परिणाम से उत्साहित कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि अब पदाधिकारी केवल पीसीसी में ही नहीं बैठेंगे। सभी पदाधिकारी को फील्ड में जाना होगा और हर महीने फील्ड पर किए गए किए गए कार्यों जिसमें दौरे, बैठकों और कार्यक्रमों की जानकारी का ब्यौरा पीसीसी चीफ को देना पड़ेगा।

प्रदेश में लागू होगा पब्लिक सेफ्टी एक्ट कार्यक्रमों में वीडियो रिकार्डिंग जरूरी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेशभर में अपराधों पर अकुंश लगाने के लिए मध्यप्रदेश में सरकार ने लोक सुरक्षा कानून यानि पब्लिक सेफ्टी एक्ट लागू करने की तैयारी कर ली है। इस कानून के तहत रैली-जुलूस, धार्मिक कार्यक्रमों में सीसीटीवी या वीडियो रिकार्डिंग जरूरी होगी। इतना ही नहीं नियमों के मुताबिक दो महीने तक यह सभी वीडियो फुटेज संभाल कर भी रखना होगे। सीसीटीवी लगाने का खर्च संबंधित प्रतिष्ठान या कार्यक्रम के आयोजकों को वहन करना उठाना होगा। जो लोग नियमों को पालन नहीं करेंगे, उन्हें जुर्माना भरना पड़ेगा। गृह विभाग ने लोक सुरक्षा कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है, ड्राफ्ट के मुताबिक, शादी चाहे मैरिज गार्डन में हो या निजी स्थान पर, इसकी भी वीडियो रिकॉर्डिंग जरूरी होगी। वहीं किसी जगह 100 से एक हजार तक या उससे ज्यादा लोग इकट्ठा होते हो, या फिर प्रतिदिन आते-जाते हो वहां सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी होगा। यह जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। इसके दायरे में कॉलेज, स्कूल, मॉल, रेस्टोरेंट, अस्पतालों के साथ राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम, रैलियां और जुलूस भी आएंगे। ऐसा करने से संगठित अपराध से पर्दा उठेगा वहीं अपराधिक मामलों में पुलिस जांच में काफी मदद मिलेगी। एमपी में हर 10 साल में 20 फीसदी की दर से आबादी बढ़ रही है, बढ़ती आबादी और शहरीकरण के चलते सर्विलांस की जरुरत है।

ब्रीफ न्यूज

डाक्टर से रंगदारी मांगने वाले गिरोह पर गैंगस्टर

ललितपुर। बीते जून माह की 28 तारीख को गोविन्दनगर डा.विनोद साहू पुत्र मोतीलाल साहू से बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगने और रंगदारी न देने पर उनके 10 वर्षीय पुत्र को जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद रावतयाना निवासी दिनेश साहू पुत्र खुमान साहू, ग्राम पनारी निवासी शिवम परिहार पुत्र स्व.सोवरन, गोविन्दनगर निवासी अनिल साहू पुत्र हरीराम को सदर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस प्रकरण में धारा 387 व 506 के तहत दर्ज मामले में जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर धारा 507, 201, 120बी, 379, 411 की बढ़ोत्तरी करते हुये धारा 506 को विलोप किया गया था। इस प्रकरण में धारा 61 (2) बीएनएस की भी बढ़ोत्तरी भी की गयी। पुलिस ने दिनेश के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस के अलावा अन्य सामग्री बरामद की गयी थी। अब शहर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने उक्त लोगों पर गैंगस्टर की धारा 2/3 की कार्यवाही को प्रचलित किया है।

बालाबेहट बॉर्डर पर पकड़ी गयी यूरिया के मामले में एफआईआर दर्ज

ललितपुर। विगत दिनों बॉर्डर चैकिंग के दौरान बालाबेहट थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने ट्रैक्टर ट्रॉली में 110 बोरी कृभको यूरिया उर्वरक लदी हुयी बरामद की थी। प्रकरण में कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती की तहरीर पर अब थाना बालाबेहट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कृषि अधिकारी ने बालाबेहट पुलिस को बताया कि जांच के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में 110 बोरी कृभको यूरिया बरामद की गयी थी, जो कि मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत ग्राम आगासौद निवासी ट्रैक्टर मालिक सचेन्द्र जैन पुत्र कोमलचंद्र जैन, चालक नीरज कुशवाहा पुत्र कैलाश कुशवाहा द्वारा ट्रैक्टर चालक के मामा विन्द्रावन कुशवाहा निवासी निवाई के ट्रैक्टर के माध्यम से मे.पटेल इण्टर प्राईजेज मसौराखुर्द व मे.ममता से 340 रुपये प्रति बोरी बिना आधार व जोत वही के कूटरचित दस्तावेज बनाकर खरीदी गयी थी। इस उर्वरक से सम्बन्धित अभिलेख व क्रय की पीओएस मशीन की रसीद और बिल भी प्रस्तुत नहीं किये गये थे। इस प्रकरण में यूरिया खरीदने वाले और बेचने वालों के खिलाफ बालाबेहट पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 व उर्वरक (संचालन नियंत्रण) आदेश 1973 की धारा 3 ए के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बैंक से निकाले 50 हजार समेत बैग ले गये चोर

ललितपुर। सिविल लाइन चांदमारी निवासी कौशल वर्मा पुत्र हरीशंकर वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके दादा तेजराम वर्मा बुधवार की अपराह्न करीब 3.40 बजे तुवन चौराहा के पास पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकालने के लिए आये थे। बैंक के अंदर पैसे निकालने के लिए लाइन में खड़े हो गये और वह अपने साथ बैग लिये थे, जो कि अपने पास ही रखे थे। उक्त बैग में पासबुक और निकाले गये 50 हजार रुपये थे। आरोप है कि उक्त बैग को शाम करीब 4.30 से 4.50 के बीच अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया। तेजराम वर्मा ने उक्त बैग की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

कोविड-19 में अपने माता-पिता को खो चुके निराश्रित बच्चों से डीएम ने किया सीधा संवाद

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी बच्चों की करायी गई कैरियर कांउसलिंग

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत जनपद के 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे निराश्रित बच्चे जिन्होंने कोविड-19 के दौरान अपने माता-पिता दोनो को अथवा माता व पिता में से किसी एक को खो दिया है, को आज गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में एकसाथ बुलाकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उनकी अलग-अलग विषय विशेषज्ञों व कांउसलरों द्वारा कैरियर कांउसलिंग करायी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं, परेशानी तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं कैरियर के क्षेत्र, उनकी रुचि व स्वभाव के बारे में एक-एक कर पूछा, उन्होंने स्वयं बच्चों की कैरियर कांउसलिंग करते हुए कहा कि बच्चों को अभी कैरियर को लेकर ज्यादा चिंता

नहीं करनी है, घर में अच्छे से रहें, एक अच्छा विद्यार्थी बने और खेले-कूदें। उसके बाद उसी में से आपके कैरियर का मार्ग निकलेगा। उन्होंने कहा कि इनकम जनरेट कर लेना जीवन की सफलता नहीं है, सफल जीवन के लिए अपने स्वभाव व रुचि के अनुरुप कार्य करके मस्त रहना है। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने कौशल को पहचाने और अन्वेषण करें। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में कभी न कभी परेशानियां आती ही हैं, प्रत्येक सफल व्यक्ति जीवन के किसी दौर में संघर्षो से अवश्य ही जूझा है, तब वह सफल हुआ है। आपके जीवन में यह परेशानी जीवन के प्रारंभ में आ गई हैं, तो आगे खुशहाली अवश्य आयेगी। इसके लिए मेहनत के साथ सकारात्मक रुप से आगे बढ़ें, सरकार पूरा ख्याल कर रही है। अलग-अलग विषयों पर कैरियर कांउसलरों द्वारा बच्चों को कैरियर परामर्श दी गई, जिसमें कांउसलरों द्वारा बताया गया कि बच्चे रोजाना 20-25 पेज पढने की आदत डालें, यह प्रत्येक कैरियर सफलता में कारगर होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रेरणादायक कविताओं से बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग निराश्रित महिला व बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए पूर्णत~ प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिनमें प्रमुखत~ निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, स्पोंसरशिप योजना, महिला सम्मान कोष, दम्पत्ति पुरस्कार, विधवा महिलाओं की पुत्रियों का विवाह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान तथा मिशन शक्ति अभियान संचालित किये जाते हैं।

शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया गया जागरूकता अभियान

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों में वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, सड़क पर स्टंट न करना, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया और यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गया। प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 173 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया एवं 05 वाहनों में नंबर प्लेट न होने के कारण सीज किया गया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

(एल.एस.यू.सी.) एण्ड (एल.एस.यू.एम.) के बारे में दी जानकारी

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन्स (एल.एस.यू.सी.) एण्ड लीगल सर्विस यूनिट मनोन्याय (एल.एस.यू.एम.) स्कीम के अन्तर्गत दो दिवसीय अभिविन्यास प्रशिक्षण का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर द्वारा किया गया। एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज की देख रेख में प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ। जिला जज ने मां सरस्वती का माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवल किया। इस दौरान जिला जज ने (एल.एस.यू.सी.) एण्ड (एल.एस.यू.एम.) के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। (एल.एस.यू.सी.) क्या है और इसके बच्चों को क्या फायदे होगें कानूनी सेवाएं बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन्स (एल.एस.यू.सी.) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को कानूनी सहायता प्राप्त हो, विशेष रूप से उन बच्चों को जिनके पास कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए संसाधन नहीं होते हैं। यह इकाई बच्चों के मामलों में कानूनी अधिकारों की रक्षा करती है और यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीडन् या अन्य अव्यवस्थाओं से बचें। इसमें इन्फेंट (बच्चें के जन्म) से लेकर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना। इस दौरान एडीजे प्रथम गुलाब सिंह, एडीजे पॉक्सो नवनीत कुमार भारती, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड रविशंकर गुप्ता, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, सदस्य प्रताप नारायण, डिप्टी चीफ लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल विक्रम सिंह ठाकुर, स्पेशल एज्युकेटर शशिकला मौर्य व पुनीत कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पैनल लॉयर पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, स्वत्रंत व्यास, राजेन्द्र प्रताप सिंह, बहादुर सिंह बुन्देला, गुलझार सिंह, शेरसिंह यादव व पी.एल.वी. डा.राजीव निरंजन, बलराम कुशवाहा, सुश्री रीना परमार, अरविन्द कुमार, राजेश कुमार राठौर, दीपक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

टैक्सी चालक से दबंगों ने की मारपीट

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मैगुवां निवासी नीरज जैन पुत्र राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को रात करीब 9 बजे अपनी टैक्सी से गांव के संतोष कुशवाहा को लेकर थाने पर गया हुआ था। जब वह वापस अपनी टैक्सी से लेकर गांव आया तो वहां पर कल्लू राजा पुत्र राव राजा व संजू पुत्र कल्लू राजा ने टैक्सी रोककर गालियां देते हुये टैक्सी से संतोष कुशवाहा को ले जाने का विरोध किया। पीड़ित ने बताया कि वह भाड़े पर टैक्सी चलाता है और इसी भाड़े के लिए वह संतोष को लेकर थाने गया हुआ था। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

युवाओं को खेल मैदान आवंटन की मांग का संज्ञान ले प्रशासन : हरीबाबू शर्मा

एक दिसम्बर से डीएम आवास के सामने शुरू होगा धरना प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

युवाओं को खेल मैदान आवंटन की मांग को लेकर विगत आठ दिनों से घण्टाघर मैदान पर चल रहे धरना प्रदर्शन किसी निर्णायक मोड पर पहुंचता नजर नहीं आ रहा है। लिहाजा अब विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने एक दिसम्बर से जिलाधिकारी आवास के सामने प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। आठवें दिन धरना प्रदर्शन पर मौजूद नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि यह जनहित का मामला आज आठ दिन के बाबजूद जिला प्रशासन ने भी गंभीरता से नहीं लिया जनप्रतिनिधियों ने जनहित के मामले को संज्ञान में नहीं लिया, जिससे आगामी एक दिसंबर से जिलाधिकारी के आवास के धरना

प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर पार्षद मनमोहन चौबे, करन पाल, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शत्रुघन यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पवन परमार, भीकमसिंह यादव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र, रमेश श्रीवास्तव, महेश शर्मा, अशोक कुमार स्वर्णकार, संजय कुमार, अशोक टोनी, प्रमोद चौबे, बॉबी राजा, पुष्पराज जैन, संकेत कुशवाहा, अभिनव जैन, अविरल जैन, हर्षित जैन, अभिषेक जैन, अनिल, कार्तिक राजा, बंटी वाजपेई, रवि यादव, राणाजी परमार, लकी सिंह, ब्रजेश पांडिया, धर्मेंद्र कुमार, शिवकुमार तिवारी, दीपक पाठक, विवेक यादव, अरविंद राय, सुभाष यादव आदि उपस्थित थे।

जगतगुरु शंकराचार्य प्रयाग पीठाधीश्वर श्री ओंकारानंदजी सरस्वती जी महराज का हुआ जनपद प्रवेश

जगतगुरु के सानिध्य में आयोजित होंगी राष्ट्रीय सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा सनातन एकता यात्रा

ललितपुर। जनपद से 29 नवंबर को सनातन सांस्कृतिक संघ के तत्वाधान में शुरू होने बाली सनातन एकता यात्रा में शामिल होने के लिए जगतगुरु शंकराचार्य प्रयाग पीठाधीश्वर ओंकारानंद सरस्वती महाराज का जनपद प्रवेश हो चुका है। बताया गया है कि गुरु जी का आगमन 28 नवंबर 2024 अपराह्न 3.00 बजे हुआ, जिसकी अगवाणी श्रद्धालुओं द्वारा झरर घाट झांसी-ललितपुर हाईवे से की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं जगतगुरु का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। बताया गया है कि यह यात्रा आज शहर के तुवन मंदिर से प्रारंभ होकर टीकमगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। सनातन संस्कृति संघ (एसएसएस) की अगुवाई में आज जनपद में आयोजित होने वाली सनातन एकता यात्रा में जगतगुरु शंकराचार्य प्रयाग पीठाधीश्वर ओंकारानंद सरस्वती महराज का सानिध्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं के बुलाबे पर गुरुवार को जगतगुरु जनपद पहुंचे, जिनकी श्रद्धालुओं द्वारा बड़े ही भक्ति भाव हर्ष उल्लास के साथ अगवानी ललितपुर झांसी हाईवे पर स्थित झरर घाट के पास से की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने जगतगुरु पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मनोज जैन नरसिंह मंदिर महंत गंगा दास जी तुवन मंदिर मंदिर महंत राम लखनदास सर्वेश्वर धाम महंत कृष्णागिरी महाराज, चंडी मंदिर महंत चंदेश्वर गिरी महाराज, कंचन घाट सूर्यकांत, ग्रंथि गुरु सिंह सभा युवराज सिंह के अलावा जैन संत आदि शामिल हैं। बताया गया है कि सनातन सांस्कृतिक संघ के तत्वाधान में एक सनातन संस्कृति एवं धर्म की रक्षार्थ आज सनातन यात्रा का शुभारम्भ सुबह 10 बजे शहर के तुवन हनुमान मंदिर से होगा। इस अवसर पर प्रयाग पीठाधीश्वर- जगद् गुरु शंकराचार्य इज्य ओमकारानन्दजी सरस्वती पूज्य जैन मुनि अविचल सागर जी महाराज, पूज्य गंगादास जी महाराज, पूज्य राम लखन रास जी, चण्डीपीठाधीश्वर चन्द्रेश्वगिरी गिरी, बलराम पुरी, सिख, वौद्ध पंथ के गुरु यात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा श्री तुबन मंदिर से प्रारम्भ होकर सावरकर चौक होते हुये बानपुर मार्ग से टीकमगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। बतातें चलें कि वर्तमान समय में हिंदुओं को लेकर जो विषम परिस्थितियों उत्पन्न हो रही हैं, खास तौर पर आसपास के देश की ताजा परिस्थितियों को देखते हुए अब समस्त हिंदुओं से एक होने का आवाहन किया जा रहा है। इसके लिए भारत के सभी हिंदू संगठन देश के सभी हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि हिंदू और हिंदुत्व की संस्कृति को संरक्षित किया जा सके। इसी को लेकर हिंदूवादी संगठन सनातन संस्कृति संघ द्वारा बुंदेलखंड इलाके जनपद ललितपुर के साथ-साथ झाँसी और मध्य प्रदेश के कुछ जिलों को लेकर विराट सनातन एकता यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर आज यानि 29 नबंबर को सनातन सांस्कृतिक संघ (एसएसएस) कि राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव की अगुबाई में सनातन यात्रा आगामी 29 नवंबर 2024 को शहर के तुवन मंदिर प्रांगण से 11 बजे शुरू होगी। यह यात्रा जनपद से प्रारंभ होकर समीपवर्ती टीकमगढ़ होते हुए आगामी 2 दिसंबर को झांसी पहुंचेगी, जहां इसका समापन किया जाएगा।

जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान के तहत

अतिनिर्धन परिवारों को उपलब्ध होंगी मूलभूत सुविधाएं : डीएम

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम सिंदवाहा में निरीक्षण के दौरान जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान के अतर्गत जनपद में चल रहे सर्वेक्षण का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ग्राम के गरीब व निर्धन परिवारों से मुलाकात की और उनकी पारिवारिक स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जनपद में निवासरत सभी निर्धन परिवारों को भोजन व वस्त्र की समुचित व्यवस्था के साथ ही अच्छी शिक्षा, चिकित्सा व मकान की सुविधा सुनिश्चित कराये जाने के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत के निर्धनतम 10-25 परिवारों पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुये चिन्हित कराये

जाने हेतु पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं समुह सखी को सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये, जिससे अतिनिर्धनतम परिवारों को वुनियादी सुविधाये उपलब्ध कराये जाने हेतु विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं को उन तक पहुचाये जा सके। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत के जन सामान्य जनता से अपील की कि ग्राम पंचायत के अतिनिर्धनतम परिवारो को चिन्हित करने हेतु पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं समुह सखी को सर्वे करने में सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारीगण (श्रम-रोजगार) एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

कचहरी में बदमाशों ने की मारपीट, अधिवक्ताओं ने बचाया

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

ललितपुर। गांधीनगर चण्डी मंदिर के पास रहने वाले रविशंकर पुत्र हरीश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को 11 बजे वह कचहरी कार्य से बस्ते पर जा रहा था कि तभी कचहरी गेट के अंदर नेहरू नगर निवासी गिरवर राजा पुत्र पहाड़ सिंह ने उसका रास्ता रोक लिया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके कपड़े फट गये। तभी वहां से गुजर रहे जानकी प्रसाद एड. व हरेन्द्र झां ने उसका बचाव किया और गिरवर को ललकारा तो गिरवर ने जानकी प्रसाद एड. के साथ भी मारपीट कर दी। तभी अन्य लोग आ गये। पीड़ित का आरोप है कि गिरवर ने एम्ब्युलेंस चालक होने का हवाला देते हुये एम्ब्युलेंस ऊपर चढ़ाकर जान से मार डालने की धमकी दी है। पीड़ित ने यह भी बताया कि उक्त गिरवर आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। यह भी आरोप है कि करीब आधे घण्टे बाद गिरवर अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ बस्ते पर आया, जहां गालियां देकर मारपीट करने लगा।

आज मनाया जायेगा भाकियू लोकशक्ति का सांतवा स्थापना दिवस

ललितपुर। भाकियू लोकशक्ति के मुख्य सचिव गजेन्द्र सिंह राजा के ग्राम पिपरिया -उमारिया स्थित फार्म हाउस पर भाकियू लोकशक्ति के तत्वावधान में यूनियन का सांतवा स्थापना दिवस मनाया जायेगा। बताते चलें कि भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के तत्वावधान में विगत दिनों अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों के उचित मुआवजा तथा बीमा को लेकर भरकस प्रयत्न किया परिणाम स्वरूप समूचे बुन्देलखण्ड में किसान मुआवजा से लाभान्वित हुए। 29 नवम्बर 2024 को सुबह 11बजे ललितपुर जनपद के भाकियू लोकशक्ति सहित किसान हितैषी कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है।

अवैध गांजा समेत दो बदमाश पकड़े

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के संयुक्त निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मध्य प्रदेश के जिला भिण्ड अंतर्गत तहसील लाहर थाना दामोह के पोस्ट मुरावली निवासी जितेन्द्र सिंह कौरव पुत्र लालसिंह व थाना आलमपुर के कुरथर निवासी छोटे सिंह पुत्र

माताप्रसाद कौरव को 14 किलो अवैध गांजा के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि वह उड़ीसा से अवैध गांजा खरीदकर लाते हैं और उसे उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं और उसे आपस में बांटकर अपने ऐशो-आराम में खर्च करते हैं। गांजा तस्करों को पकडने् वाली टीम में उप निरीक्षक प्रशान्त राणा, उप निरीक्षक अनुराग शर्मा, उप निरीक्षक अंकित कौशिक, मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र पाल, आरक्षी करण प्रताप सिंह, योगेन्द्र कुमार, अमित राजपूत आदि मौजूद रहे।

डीएम ने दिये लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण के निर्देश

उद्योग बंधु की बैठक में समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत बैंक स्तर में लम्बित आवेदन पत्रों के लिए अग्रणी जिला प्रबन्धक के प्रतिनिधि को लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्र अति शीघ्र निस्तारण कराने के लिए निदेर्शित किया गया। यू.पी. एस.आई.सी. द्वारा अवगत कराया गया कि तालबेहट में अतिशीघ्र डी.पी.आर. के स्वीकृति के उपरान्त ही कार्य किया जाना है। मिनी औद्योगिक आस्थान तालबेहट को मॉडल औद्योगिक आस्थान विकसित किये जाने हेतु एम.एस.ई.सी.डी.पी. योजनान्तर्गत वित्त पोषण हेतु निदेशालय स्तर पर अनुश्रवण कर पत्राचार करने के लिए निर्देशित किया गया जिससे शीघ्र कार्य प्रारम्भ हो सकें। नये

औद्योगिक आस्थान बीघाखेत के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश लघु उद्योग इण्डस्टीज निगम को मौलिक स्तर पर कार्य करने के लिए कहा गया एवं शीघ्र बाउन्ड्री वॉल निर्माण करने के लिए निर्देशित किया गया। विभागीय योजनाओ की प्रगति पर अध्यक्ष द्वारा सन्तुष्टि व्यक्त की गयी। निवेश मित्र पोर्टल पर 01 प्रकरण भूगर्भ जल विभाग एवं 01 प्रकरण कृषि विभाग को शीघ्र निस्तारण करने हेतु कहा गया। प्लेज योजनान्तर्गत एक उद्यमी द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गयी है जिसके लिए जमीन क्रय किया जाने की कार्यवाही अपेक्षित है। विद्युत सम्बन्धी चन्देरा की समस्या स्वतन्त्र विद्युत फीडर चन्देरा के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत शामिल किये जाने की सम्भावना है। लखनपुरा स्टोन क्रेशर के निर्बाध विद्युत आपूर्ति का कार्य शीघ ही पूर्ण होने की सम्भावना है इसी प्रकार ग्राम सिवनी खुर्द में 1600 किलोवाट की विद्युत की आवश्यकता का अनुमान है जिससे नई इकाईयों के लगने की भी सम्भावना भविष्य में हो सकती है उक्त विद्युतीकरण को बिजनेस प्लान में शमिल करने के लिए कहा गया जिससे भविष्य में औद्योगिकरण का वातारण बने। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में मियावाकी योजना के अन्तर्गत चन्देरा में पार्को के सौन्दर्यकरण एवं वृक्षारोपण के कार्य को एक माह में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा जनपद में और अधिक निवेश लाने हेतु उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाये ताकि रोजगार सृजन की सम्भावनायें और बढ़ सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल द्वारा किया गया। बैठक में कमलेश सर्राफ, मुकेश जैन, सी.ओ. सदर अभय नारायण राय, अधिशासी अभियन्ता विद्युत (ग्रामीण), प्रतिनिधि ईओ नगर पालिका, जिला खनन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्रतिनिधि भूगर्भ जल विभाग, सहायक अभियन्ता यू.पी. एस.आई.सी., मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र रवि बबेले तथा उद्यमी रजनीश चडढा, नीतेश जैन, रविन्द्र प्रताप, रवि शर्मा, सुन्दर लाल, संजय सिंह यादव, प्रेम नारायण मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

कैंसर पीड़ित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

झांसी। सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के पोहरा गांव में एक युवक ने आज दोपहर को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतार कर कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।जानकारी के मुताबिक सीपरी बाजार के ग्राम पोहरा निवासी पैंतीस वर्षीय प्रकाश पाल काफी समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। उसने अपना काफी।इलाज कराया लेकिन उसे आराम नहीं मिला। इसी परेशानी के चलते प्रकाश ने आज अपने घर पर खुद को कमरे में बंद कर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सीपरी बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। जांच पड़ताल जारी है।

सिद्धपीठ देवा माता बराठा मंदिर पर भागवत कथा का हुआ आयोजन

झाँसी। बृजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के तत्वाधान में बड़ागांव डायमंड सीमेंट फैक्ट्री के समीप स्थित सिद्धपीठ देवा माता बराठा मंदिर पर सर्वजातीय कन्या विवाह का भव्य आयोजन किया गया। 25 नवंबर से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 2 दिसंबर को सर्वजातीय कन्या विवाह एवं विशाल भंडारे के साथ समाप्त होगा। दिनांक 28 नवंबर को भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें कथावाचक के रूप में वृंदावन से पधारे रोहित कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा की महिमा कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजनों के समक्ष रखी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद की प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रेम किशोर गंगवार राष्ट्रीय सचिव, बृजेश तिवारी महोबा प्रदेश कॉऑर्डिनेटर, अरविंद सोनी प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, दिलीप भार्गव कानपुर प्रांत संगठन मंत्री, बलराम दास बाबा, पुष्पा देवी गंगवार राष्ट्रीय सचिवालय कार्यालय प्रभारी, नेहा चौबे प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, हेमलता विश्वकर्मा जिला महामंत्री झांसी, सुनीता सोनी प्रदेश सचिव, कुसुम साहू प्रदेश संयोजक, महिला मोर्चा, राजेश्वरी पटेल प्रदेश मंत्री, महिला मोर्चा, प्रकाश माते, महंत जितेंद्र शरण महाराज सिद्ध पीठ महंत देवा माता, रागिनी सिंह व सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय जन व भक्तगण उपस्थित रहे।

यातायात नियमों को लेकर थाना प्रभारी द्वारा किया गया विद्यार्थियों को जागरूक

स्पीडिंग से बचें शराब पीकर गाड़ी न चलाएं

सत्ता सुधार ■ गुरसराय झांसी

यातायात माह को लेकर स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिससे जन मानस में यातायात नियमो के प्रति जागरूक हो गुराई बाजार स्थित पाठक इंग्लिश क्लास में आयोजित कार्यशाला में थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने विद्यार्थियों से कहा कि निर्धारित उम्र होनेपर ही वाहन को चलाये वाहन को निर्धारित गति और अपनी लाइन ही चलाये सभी कागजात लेकर चले वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करे, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल करें ट्रैफ़िक सिग्नल का पालन करें ओवर स्पीडिंग से बचें शराब पीकर गाड़ी न चलाएं. मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल न करें वाहन से वाहन के बीच उचित दूरी बनाए रखें. अपनी ही लेन में चलें दिशा बदलने और मोड़ने के लिए संकेतों का इस्तेमाल करें वही कांस्टेबल गोरी अग्रवाल ने कहा की एकल दिशा मार्ग का पालन करें. दो-तरफ़ा सड़क पर, चालक को सड़क के बाईं ओर गाड़ी चलानी चाहिए.एकतरफ़ा सड़कों पर, चालक को अपने वाहन से आगे निकलने वाले किसी भी वाहन को दाईं ओर से जाने देना चाहिए. समाज सेवी शीतल शर्मा ने कहा कि जब बाईं ओर मुड़ें, तो जिस सड़क से आप जा रहे हैं उसके बाईं ओर रहें और जिस पर आप प्रवेश कर रहे हैं उसके बाईं ओर रहें सन्दीप श्रीवास्तव ने बताया कि जब चालक अपने वाहन की गति धीमी कर रहा हो, तो उसे अपना दाहिना हाथ आगे बढ़ाकर उसे धीरे से ऊपर-नीचे झुलाना होता है साइलेंट जोन में हॉर्न का इस्तेमाल न करें.कार्यक्रम का संचालन के के पाठक ने किया।

कसौधन गांव में खेत के कमरे में फांसी से लटका मिला युवक, कोर्ट में तारीख करके लौटकर आया था युवक

झांसी। रक्सा के कसौधन गांव में लोकेश ने घर में बुधवार की शाम लगभग 5:30 बजे फांसी लगाकर जान दे दी परिजनों के मुताबिक पत्नी से विवाद की वजह से वह परेशान था शाम को कोर्ट की तारीख से लौट के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आपको बतादे कसौधन गांव निवासी महाराज राजपूत का इकलौता बेटा लोकेश खेती किसानी करता था परिजनों के मुताबिक करीब 12 साल पहले उसकी शादी करेरा मध्य प्रदेश निवासी रामकुमारी पुत्री अमर सिंह से हुई थी दंपति को एक पुत्री एक पुत्र है कुछ समय पहले लोकेश को शराब की लत लग गई इसके बाद से परिवार में गृह कलेश होने लगा पति-पत्नी के बीच अक्शर मारपीट भी होती थी। दुखी होकर रामकुमारी ने 2 साल पहले मायके चली गई उसने लोकेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी दर्ज कर दिया बुधवार को कोर्ट में इस मामले में पेशी थी शाम को घर लौटने के बाद से वह गुमसुम था। बिना किसी से कोई बात किए खेत में बने कमरे में चला गया कुछ देर बाद उसके चाचा के वहां पहुंचने पर वह फांसी के फंदे पर लटका दिखा। यह देखकर उनके होश उड़ गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर पुलिस ने शव को बाहर निकाला थाना अध्यक्ष के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

योगी जी विद्यालयों में तैनात मास्साब कर रहे मनमानी सर्व शिक्षा अभियान को लगाया जा रहा पलीता

विद्यालयों में है फर्जी छात्रांकन मिड डे मील बना कमाई का जरिया

कटेरा(झांसी)। जहां सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ और उनका मंत्रीमण्डल रात दिन कार्य करके प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना चाहते हैं भ्रष्टाचार मुक्त बनाना चाहते हैं लेकिन ग्रामीण इलाकों में तैनात अध्यापक मुख्यमंत्री के प्रयासों पर पानी फेरने में लगे हुए हैं आम जनता की मुख्य जरूरत निशुल्क शिक्षा जिस पर सरकार हर माह करोडों रूपये खर्च कर रही है लेकिन गांव देहात के प्राथमिक विद्यालयों में तैनात महिला तथा पुरूष अध्यापकों की मनमानी के चलते आम जनता के बच्चों को सर्व शिक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है अगर बंगरा ब्लाक के लारौन न्याय पंचायत अर्न्तगत आने बाले ग्राम पडरा के विद्यालयों की बात करें तो शिक्षा व्यवस्था का हाल चौपट है यहां अध्यापक सर्व शिक्षा अभियान को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं हाल यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूजी अपनी मनमर्जी से विद्यालय खोल रहे है तथा अपनी मर्जी से समय के पहले ही विद्यालय बन्द करके चले जा रहे हैं कई विद्यालयों में तो रसोईयों के भरोसे ही विद्यालय खुल रहे हैं कारण अध्यापकों का जिला पर निवास बनाये रहना है लेट लपेट आने के कारण मिड डे मील का भी बुरा हाल है कई विद्यालयों में तो चार चार दिन मिड डे मील नहीं बनता है जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूलों में अध्यापकों द्वारा फर्जी छात्रांकन दिखाकर मिड डे मील के पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है खबर है कि बच्चे तो सरकारी स्कूलों में पंजीकृत हैं लेकिन वह निजी विद्यालयों में पढ रहे हैं कभी सरकारी विद्यालय जाते ही नहीं हैं जिससे मिड डे मील बनवाने बाले अध्यापकों की बल्ले बल्ले है अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय के अध्यापक अपनी मर्जी से कई दिनों विद्यालय से गायब रहते हैं और बाद में आकर रजिस्टर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर देते हैं रही बात शिक्षा विभाग के अधिकारियों की तो जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर की दूरी होने के कारण पडरा के विद्यालयों का निरीक्षण करने से कतराते हैं जिस कारण अध्यापकों की मनमानी जारी है ग्राम पडरा के कप्तान सिंह, यज्ञप्रताप सिंह बुन्देला,नाती राजा, चतुरसिंह,अनुज जैन, इन्द्रपाल सिंह, सतीष सैन, गुलजारी लाल कुशवाहा सहित तमाम ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने मुन्ना मेवाती को सौंपी जिला प्रभारी की कमान

समथर झांसी। आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा कस्बा निवासी एक युवक को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर जहां एक तरफ जोश और उत्साह देखने को मिला। तो वहीं कुछ लोगों में हलचल सी दिखाई दी। जिससे माना जा रहा है। कि आगामी समय में नगर की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों आजाद समाज पार्टी कांशीराम में करीब आधा दर्जन पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने सदस्यता ग्रहण किया था। जिसमें सैफ खान मुन्ना मेवाती भी शामिल थें। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सैफ खान मुन्ना मेवाती को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप कर हल चल पैदा कर दी। मुन्ना खान ने कहा। कि पार्टी द्वारा दी गई। जिम्मेदारी को पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए जिम्मेदारी से निभाएंगे। और आमजन एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

> एक तरफ जोश और दूसरी तरफ हलचल आगामी समय में नगर की राजनीति में मिल सकता बड़ा बदलाव

तहसील मुख्यालय पर पत्रकारो ने दिया जोरदार धरना प्रदर्शन

मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ गरौठा झांसी

उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार तिवारी को संगठन के मंडल अध्यक्ष डॉक्टर बी बी गोर एवं जिलाध्यक्ष अभिनंदन जैन ने ज्ञापन देते हुए बताया की ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के गुरसराय निवासी पत्रकार कौशल किशोर के साथ तहसीलदार गरौठा मदन मोहन गुप्ता द्वारा समाचार कवरेज के दौरान कृषक सेवा केंद्र मडौरी गुरसराय में समाचार कवरेज करने को रोका व जाति सूचक गालियां देकर धक्का मारकर भगा दिया था।

इस संबंध में 25 नम्वर को ज्ञापन देकर तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही कर न्याय की मांग की गई थी कोई सुनवाई न होने पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अभिनंदन जैन के नेतृत्व में सभी पत्रकार साथीओ ने आज दिनांक 28 नवंबर को तहसील में धरना प्रदर्शन कर उक्त दोषी तहसीलदार को तुरंत हटाकर तहसीलदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की स्वतंत्रता बरकरार रखे जाने की मांग की। अगर तहसीलदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती तो संगठन जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन के लिए लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

वहीं इस मामले को लेकर उपजिलाधिकारी ने पत्रकारों से तहसीलदार के विरुद्ध पांच दिन में जांच करवाने का आश्वासन दिया। संचालन वरिष्ट पत्रकार सन्दीप श्रीवास्तव ने किया

इस मौके पर डॉक्टर बी बी गौर मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह भूपेंद्र सिंह सेंगर मोहनलाल भारती सोम मिश्रा बालादीन राठौर इकबाल अहमद आकाश राजेश सिंह परिहार धीरेंद्र रैकवार राजेंद्र बुंदेला मिलन परिहार संदीप श्रीवास्तव प्रदीप शर्मा मंगल सिंह राकेश सेन प्रदीप सिंह गौर मुबीन खान राजीव परमार सुनीता प्रज्ञा सोनम हेमंत यादव मुकेश पाठक दीपक यादव कपिल घोष कौशल किशोर कल्लू वर्मा विपिन श्रीवास समद अली संजय रिछारिया मानवेंद्र सिंह यादव नरोत्तम राजपूत महेंद्र रैकवार विवेक अग्रवाल निर्दोष राजपूत भूपेंद्र हजरत मंसूरी दानवेंद्र तिवारी कमलकांत शर्मा सेंगर सहित बड़ी संख्या में गरौठा मोठ झांसी मऊरानीपुर के पत्रकार मौजूद रहे।

युवाओं को नैतिक शिक्षा के आधार से चरित्रवान बनाए : भगवान भाई

सत्ता सुधार ■ गुरसराय झांसी

गुणवान और चरित्रवान युवा देश और समाज के लिए कुछ रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। प्राचीन संस्कृति आध्यात्मिकता की रही जिस कारण प्राचीन मानव भी वंदनीय और पूजनीय रहा। नैतिक शिक्षा से ही मानव के व्यवहार में निखार लाता है। आज का युवा कल का भावी समाज हैं। अगर कल के भावी समाज को अच्छा देखना चाहते हो तो वर्तमान के युवाओं को नैतिक सद्गुणों की शिक्षा की आधार से चरित्रवान बनाए। तब समाज बेहतर बन सकता है। गुणवान व चरित्रवान युवा देश की सच्ची सम्पत्ति हैं7 उक्त उदगार माउंट आबू से ब्रह्माकुमारी के पधारे हुए बी के भगवान भाई जी ने कहे 7 वे जे. एम. मोदी महाविद्यालय में नैतिक शिक्षा का महत्व विषय पर बोल रहे थे। ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहा कि हमारे मूल्य हमारी विरासत है। मूल्य की संस्कृति के कारण भारत की पूरे विश्व में पहचान है। इसलिए नैतिक मूल्य, मानवीय मूल्यों की पुर्नस्थापना के लिए सभी को सामूहिक रूप में प्रयास करने चाहिए। सकारात्मक चिन्तन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सकारात्मक चिन्तन से समाज में मूल्यों की खुशबू फैलती है। सकारात्मक चिन्तन से जीवन की हर समस्याओं का समाधान होता है। संचालन प्राचार्य डॉ पुष्पेंद्र चोहान ने किया कार्यक्रम कि सयोजिका बी के चित्रा बहन जी और बी के कविता बहन ने भी अपनी शुभकामनाये दिया। कुछ बच्चो ने आज के इस नैतिक शिक्षा के कार्यक्रम के लाभ भी सूनाये। बी के दीक्षा बहन जी ने मंच संचालन का कार्य किया। कार्यक्रम में सीनियर शिक्षिका डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ प्रतिज्ञा गुप्ता बी के कल्याणी बहन जी और सभी शिक्षक स्टाफ भी उपस्थित था।

अम्बावाय पशु चिकित्सा केंद्रः इलाज के अभाव में अन्ना जानवर बन रहे कंकाल

चिकित्सा केंद्र पर तैनात महिला अधिकारी कार्यालय से रहती नदारत

सत्ता सुधार ■ झाँसी

उत्तर प्रदेश सरकार अन्ना जानवरों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कितने भी प्रयास कर ले। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते सरकार के प्रयास विफल हो रहे है। अम्बा वाय स्थित पशु चिकित्सा केंद्र पर तैनात अधिकारी केंद्र से नदारत रहती है। जिसके चलते सड़क कर दुर्घटनाओं में घायल अन्ना जानवरों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता और वह पड़े पड़े कंकाल बन जाते है। पशु चिकित्सा केंद्र के अफसरों की यह पोल ग्रामीणों और समाजसेवी संस्था आसरा एनजीओ ने खोल कर रख दी। उन्होंने जिला प्रशासन से ऐसे लापरवाह अफसरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।जानकारी के मुताबिक ग्वालियर रोड स्थित अंबा वाय स्थित पशु चिकित्सा केंद्र पर तैनात महिला अधिकारी कार्यालय से नदारत रहती है। जिसके चलते ग्रामीणों के पशुओं ओर अन्ना जानवरों को दुर्घटना होने ओर हालात बिगड़ने पर सही समय पर उपचार न मिलने से दम तोड़ देते है। मामला बुधवार को अम्बा वाय में एक कुत्ते की हालत बिगड़ने की सूचना पर पहुंचे आसरा एनजीओ के संस्थापक पूजा बंटी शर्मा वहां पहुंचे। उन्होंने कुत्ते को लेकर पशु अस्पताल पहुंचे जहां उन्हें कोई नहीं मिला। इसके बाद वह अगले दिन गुरुवार की सुबह पशु अस्पताल पहुंचे उस समय भी केंद्र पर कोई उपस्थित नहीं। ग्रामीणों से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि पशु अस्पताल में तैनात महिला अधिकारी कभी आती है कभी नहीं आती। यहां सड़कों पर दुर्घटनाओं में घायल होने वाले जानवर उपचार के अभाव में दम तोड़ देते है और पड़े कड़े कंकाल बन जाते है। ग्रामीणों ने नदारत रहने वाले पशु अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

ऑल इंडिया प्वाइंटस मैंन एसोसिएशन ने दिया मान्यता के चुनाव हेतु समर्थन

सत्ता सुधार ■ झांसी

शुक्ल सदन एनसीआरएस के मण्डल कार्यालय में ऑल इंडिया प्वाइंटस मैंन एसोसिएशन ने दिया मान्यता के चुनाव के लिए पूर्ण समर्थन जिसमें मुख्य रूप से सतीश चौधरी, बृजेंद्र सिंह,दिनेश जायसवाल,मुकेश रावत,मनमोहन सिंह,दिनेश पाल,सुनील वर्मा, उधम सिंह,विशाल कश्यप, नौशाद अली, संजय सक्सेना,शिव मिलन सिंह,संतोष कुमार कुशवाहा,रवि प्रकाश,विजय कुमार,प्रेम नारायण, जोप जैन,योगेश कुमार,गौरव सिंह,जयवीर कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव,सुभम कुमार,बालकिशन चौरसिया , धर्मेंद्र कुमार रजक,दिनेश कुमार शाक्या,अंसार अली, सुरेन्द्र सिंह ,संतोष कुमार, कामाख्या नारायण,अखिलेश रायकवार आदि ने दिया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, मण्डल सचिव भानू प्रताप सिंह चंदेल, एवं मंडलीय पदाधिकारी विवेक चड्डा, अशोक त्रिपाठी ,उमर खान,शाखा अध्यक्ष लाइन शाखा एस के सिंह,शाखा सचिव सुनील राय, शाखा अध्यक्ष लोको विद्युत शाखा अनिल कुमार शर्मा, सचिव अश्वनी गोस्वामी, सतीश जोशी आदि मौजूद रहे एवं सभा का संचालय राघवेन्द्र तिवारी ने किया।

बमनुआं समिति पर पुलिस सुरक्षा में हुआ पांच सौ बोरी खाद वितरित

सत्ता सुधार ■ टहरौली

खाद मिलने की सूचना पर बमनुआं किसान सेवा सहकारी समिति पर सुबह सात बजे ही सैकड़ों किसान इकठ्ठा हो गये, ग्यारह बजे के करीब पहुंचे नायव तहसीलदार दीपक कुमार द्वारा सत्यापन करने के बाद वितरण शुरू किया गया, टोकन खिडकी पर पहुंचने को लेकर लोगों ने आपस में धक्का-मुक्की करना शुरू कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस लगवाने के बाद लाइन डेढ सौ किसानों में पांच सौ बोरी डीएपी तथा एक सौ नवासी नैनो डीएपी खाद का वितरण किया गया। इस दौरान कई किसान दिन भर लाइन में खडे रहने के बाद भी खाद न मिल पाने से मायूस होकर खाली हाथ ही घर लौट गए। समिति पर करीब पंद्रह हजार बोरियों की जरूरत होती है जिसके सापेक्ष अभी तक सिर्फ पैंतालीस सौ बोरी नौ ट्रक खाद का ही वितरण किया जा सका है जरुरत के हिसाब से समय पर खाद न मिल पाने की वजह से निराश किसानों में व्यवस्था, जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष पनप रहा है।

स्वयं सहायता समूह सदस्य 3 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते है

झाँसी। डे-एनयूएलएम एवं अमृत 2.0 के संयुक्त तत्वावधान में Water Management- Water Quality Testing के संचालन एवं रख-रखाव (O&M) सहित पेयजल से सम्बन्धित अनेक गतिविधियों में अमृत मित्र के अन्तर्गत Women सालह्य को सम्मिलित कर कार्य कराये जाने की अपेक्षा की गई है। सूडा मुख्यालय के निर्देशानुसार 6 माह के लिए होगा। परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की इच्छुक महिलएं जो डे-एलयूएलएम के अन्तर्गत एमआईएस पोर्टल पर हो एएलएफ/सीएलएफ में पंजीकृत हो। स्वयं सहायता समूह का गठन न्यूनतम 03 वर्ष पंचसूत्र का पालन के साथ पूर्ण कर रहे हो एवं बैठको में 75 प्रतिशत की उपस्थित, कम्प्यूटर/लैपटाप/टैबलेट/स्मार्टफोन चलाने में सक्षम होना चाहिए। कोई अपराधिक या असामाजिक ट्रैक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए।आवश्यकतानुसार कार्य में अपना अंशदान हेतु सहमति हो। ऐसे स्वयं सहायता समूह सदस्य दिनांक 03.12.2024 तक आवेदन कर सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु समूह रजिस्टर एवं समूह बैंक पासबुक के साथ कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) में शहर मिशन प्रबन्धक, नगर निगम परिसर, झाँसी से सम्पर्क कर सकते है।

यातायात नियम व अग्नि से सुरक्षा हेतु किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ झांसी

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन में प्रत्येक शहर के प्रमुख स्थानो पर यातायात जागरूकता के साथ-साथ लोगों को आग से बचाव के उपाय भी बताए रहे। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी के साथ-साथ आगजनी की घटनाओं की भी पुनरावृत्ति ना हो। यातायात माह 2024 के क्रम में आज झांसी के रक्सा टोल प्लाजा पर यातायात माह 2024 की सह संयोजक ट्रैफिक चीफ वार्डन व उत्तर प्रदेश फायर सर्विस एवं आपात सेवा में वरिष्ठ अग्नि सचेतक प्रगति शर्मा द्वारा टोल प्लाजा पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को यातायात नियमों की जानकारी व शपथ दिलाने के साथ-साथ आग के प्रकार व आग से बचाव के विभिन्न उपाय बताये गये तथा समझाया कि एक्सपायरी डेट का सिलेंडर कतई ना लें ,जीर्ण शीर्ण तारों को तुरंत बदलवाये , यातायात के नियम हो या आग से बचाव के तरीके , यह दोनों ही हमारे जीवन से जुड़े हैं इसलिए लापरवाही कतई ना करें। कार्यक्रम के अंत में प्रगति शर्मा , प्रोजेक्ट मैनेजर रंजय सिंह, रक्सा थाने के एस आई राजेश कुमार व टोल प्लाजा की पूरी टीम द्वारा टोल से निकलने वाले हेलमेट व सीट बेल्ट धारक वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर व नियम न मानने वालों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उक्त अवसर पर ट्रैफिक वार्डन व अग्नि सचेतक दीपशिखा शर्मा , रक्सा थाने से श्याम सिंह तोमर, टोल मैनेजर पवन शर्मा, संदीप बधाना, इंसिडेंट मैनेजर नीतीश बहुगुणा, सेफ्टी मैनेजर अश्विनी शर्मा, एचआर मैनेजर आशीष भदौरिया ,अकाउंटेंट जीएस गुप्ता , टी बी आर एक्सीक्यूटिव नीलम यादव, टी बी आर मैनेजर योगेश शर्मा आदि अधिकारी व टोल कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रगति शर्मा द्वारा रक्सा थाने के एस आई व टोल के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद व्यक्त किया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान पर बुन्देलखण्ड सेवा संस्थान ने झांसी में निकाला जागरूकता मार्च, हजारों की तादाद में शामिल हुए लोग

सत्ता सुधार ■ झांसी

भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में गैरसरकारी संगठन बुन्देलखण्ड सेवा संस्थान ने झांसी में बाल विवाह के खिलाफ 10 स्कूलों एवं 50 गांव में जागरूकता व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए। इस दौरान मशाल जुलूस और कैंडल मार्च में बाल विवाह पीड़िताओं, महिलाओं, बच्चों व पुरुषों सहित 3000 से अधिक लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस दौरान पुरोहितों, मौलवियों, हलवाइयों, रसोइयों, सजावट, बैंड बाजा वालों व शादी का कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों जैसे विवाह से जुड़े सभी हितधारकों ने शपथ ली कि वे बाल विवाह संपन्न कराने में किसी भी तरह से भागीदारी नहीं करेंगे और इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे। बुन्देलखण्ड सेवा संस्थान 250 से भी अधिक अग्रणी गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) का सहयोगी है जो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। बुंदेलखंड सेवा संस्थान ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में 180 बाल विवाह रुकवाए हैं।

ब्रीफ न्यूज

एचटीएस विद्रोही समूह ने सीरियाई सैन्य ठिकानों पर हमला, 89 लोगों की मौत

दमिश्क। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही समूह और उसके सहयोगी गुटों ने अलेप्पो प्रांत के ग्रामीण इलाकों में सीरियाई सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इन झड़पों में 89 लोगों की मौत हो गई, जिसमें एचटीएस और उसके समर्थक गुटों के 52 लड़ाके और सीरियाई सरकारी बलों के 37 सैनिक शामिल थे। रिपोर्ट में सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के हवाले से बताया गया कि एचटीएस और अल-फतह अल-मुबीन ऑपरेशन रूम के गुटों ने ऑपरेशन शुरू होने के 12 घंटे से भी कम समय में 21 गांवों, कस्बों और रणनीतिक स्थलों पर नियंत्रण कर लिया। पांच सीरियाई सैनिकों को एचटीएस ने बंधक बनाया और हथियार डिपो, बख्तरबंद वाहन और भारी हथियार भी जब्त कर लिए। ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि हमले के जवाब में, रूसी युद्धक विमानों ने अटारीब शहर के आसपास विद्रोहियों गुटों के ठिकानों पर वैक्यूम मिसाइलों का उपयोग करके हमले किए। सीरियाई सरकारी बलों ने अटारीब, दारत इज्जाज और आसपास के गांवों पर सैकड़ों तोपों और रॉकेटों से बमबारी की। एक दिन पहले, एचटीएस की तैयारियों कारण पश्चिमी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में अतारिब और आसपास के गांवों से नागरिकों को बड़ी संख्या में पलायन करना पड़ा था। एचटीएस, जिसे पहले नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था, को कई देश आतंकवादी संगठन मानते हैं।

मेरिका में 3,000 से अधिक नकली गिब्सन इलेक्ट्रिक गिटार जब्त

लॉस एंजिल्स । अमेरिका में सीमा शुल्क विभाग ने 3,000 से अधिक नकली गिब्सन इलेक्ट्रिक गिटार पकड़े हैं। यह रिकॉर्ड नकली म्यूजिकल सामानों की जब्ती है। इसकी जानकारी अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने दी। साल 1902 में कलामजू, मिशिगन में स्थापित प्रतिष्ठित अमेरिकी गिटार ब्रांड ने अपने सभी उपकरणों का उत्पादन विशेष रूप से अमेरिकी में किया है। एक नए प्रामाणिक गिब्सन गिटार की कीमत आमतौर पर 500 यूएस डॉलर से 2,000 डॉलर के बीच होती है। जबकि, कुछ मॉडल 10,000 डॉलर में भी बिकते हैं।

सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार, यह नकली गिटार ई-कॉमर्स बाजार के लिए थे, अगर असली होते, तब उनकी अनुमानित कीमत 18 मिलियन डॉलर होती। इसतरह के प्रोडक्ट अक्सर निम्न-गुणवत्ता या खराब सामग्रियों का उपयोग करके बनाए जाते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। साथ ही इसका घटिया क्वालिटी का सामान आग लगने के खतरे को भी पैदा कर देते हैं। यह जब्ती उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन या संदिग्ध स्रोतों से धोखाधड़ी वाले उत्पादों को खरीदने के जोखिमों के लिए जागरुक करने वाली थी। पोर्ट के निदेशक अफ्रीका बेल ने कहा, वह लोग धोखेबाज हैं और यह सब अमेरिकी उपभोक्ता को धोखा देने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा है। बेल ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में, दक्षिणी कैलिफोर्निया बंदरगाह पर 2 बिलियन डॉलर से अधिक के नकली उत्पाद जब्त किए गए थे।

गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग कर रहे हैं विरोध प्रदर्शन

इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से बांग्लादेश उच्च न्यायालय का इनकार, सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी, ■ ढाका

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा के बीच वहां के उच्च न्यायालय ने इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है। बांग्लादेश इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की देशद्रोह मामले में गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान ही एक वकील सैफुल इस्लाम की हत्या कर दी गई। जिसके बाद बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठ गई। बुधवार को ढाका उच्च न्यायालय में पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वकील मोहम्मद मोनिरउद्दीन ने इस्कॉन के बारे में कुछ समाचार पत्रों की रिपोर्ट पेश की और इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही चटगांव, रंगपुर और दिनाजपुर में धारा

144 लागू करने का आदेश देने की मांग की। इस पर उच्च न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल से इस्कॉन की हालिया गतिविधियों के बारे में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। गुरुवार को इस मामले में फिर सुनवाई हुई और अटॉर्नी जनरल द्वारा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी, जिसमें बताया गया कि वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या और इस्कॉन की गतिविधियों के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं और इन मामलों में 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस पर न्यायमूर्ति फराह महबूब और न्यायमूर्ति देबाशीष रॉय चौधरी की उच्च न्यायालय की पीठ ने सरकार की कार्रवाई पर संतुष्टि जाहिर की और इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि सरकार को कानून व्यवस्था और बांग्लादेश के लोगों की जान-माल की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए।

इस्कॉन पर आरोप लगाया गया है कि यह बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठन के रूप में काम कर रहा है, जो सांप्रदायिक हिंसा भड़काने और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा देने में शामिल है। आरोप है कि इस्कॉन समर्थकों ने चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद हुए प्रदर्शनों में एक वकील की हत्या की, जो संगठन की कानून और व्यवस्था के प्रति खुली अनदेखी का उदाहरण है।

हिंदुओं पर हो रहे जुल्मों को लेकर भड़के खालिदा जिया के सेनापति बोले-अंजाम बहुत बुरा होने वाला है

बांग्लादेश में सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद हिंदुओं को निशाना बनाकर हमले किए गए। अभी भी इस्कॉन टेंपल के एक साधु की गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश में तनाव चरम पर है। इसके बाद बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बुधवार को कुछ लोगों द्वारा किए जा रहे बुरे प्रयासों पर गहरी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे सोशल मीडिया के जरिये देश को विभाजित करके अंधकार की ओर ले जाने की कोशिश कर रही हैं।उन्होंने एक चर्चा में कहा कि पिछले कुछ दिनों में हुई कुछ घटनाओं के बाद हम बहुत चिंतित हैं। जरा सोचिए कि धर्म के मुद्दे पर कितना पागलपन फैलाया जा रहा है। बीएनपी नेता ने चिंता जाहिर करते हुए अचरज जाहिर किया कि प्रेस की आजादी के लिए बीएनपी और अन्य लोकतांत्रिक दलों के लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के बावजूद, प्रोथोम एलो और द डेली स्टार जैसे मीडिया संस्थान अब हमले के घेरे में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग, जो खुद को सबसे लोकप्रिय और देशभक्त मानते हैं, देश के भीतर विभाजन को भड़का रहे हैं और इसे अंधकार की ओर धकेल रहे हैं।किसी का सीधे नाम लिए बिना फखरुल ने सवाल किया कि विभाजन और फूट के बीज बोने के लिए जिम्मेदार लोग बांग्लादेश के सच्चे दोस्त हैं या दुश्मन। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बांग्लादेश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर बुधवार को चिंता जाहिर की।

वित्त वर्ष 2024 में सेकंड हैंड कार रिटेलर कार्स 24 को 498 करोड़ का हुआ नुकसान

कंपनी के खर्च में वित्त वर्ष 2024 में बढ़ोतरी देखने को मिली है

एजेंसी, ■ नई दिल्ली

ऑनलाइन सेकंड हैंड कार रिटेलर प्लेटफॉर्म कार्स 24 का नुकसान वित्त वर्ष 2024 में 6.4 बढ़कर 498 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 2023 में यह 468 करोड़ रुपए था। कंपनी के खर्च में वित्त वर्ष 2024 में बढ़ोतरी देखने को मिली है और यह सालाना आधार पर 23.3 फीसदी बढ़कर 7,461 करोड़ रुपए हो गया है, जो वित्त वर्ष 2023 में 6,053 करोड़ रुपए था।

वित्त वर्ष 2024 में कार्स24 की ओर से सबसे ज्यादा 6,106 करोड़ रुपए गाड़ियां खरीदने पर खर्च किए गए हैं। इसमें सालाना आधार पर 23.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह कुल लागत का 81.8 फीसदी है। इसके अलावा बाकी राशि एंम्पलॉय बेनिफिट, विज्ञापन, लीगल, ब्रोकर्स को कमीशन और अन्य मदों पर खर्च किए गए हैं। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की आय में भी इजाफा हुआ है और यह 25.1 फीसदी बढ़कर 6,917 करोड़

रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2023 में 5,530 करोड़ रुपए थी। कार्स24 की आय का मुख्य जरिया कारों की बिक्री है। इसका आय में योगदान 92 फीसदी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024 में कार की बिक्री से आय 24 फीसदी बढ़कर 6,400 करोड़ रुपए रही, जो कि वित्त वर्ष 2023 में 5,164 करोड़ रुपए थी। बाकी की आय फाइनेंसियल सर्विसेज, सर्विस फीस, पार्किंग फीस और अन्य सेवाएं जैसे इंश्योरेंस और वारंटी जैसे घटकों से हुई है। कंपनी के मुताबिक उसने वित्त वर्ष 2024 में 2,00,000 से ज्यादा कारों की बिक्री की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्स24 की ओर से बीते तीन सालों में कोई नई फंडिंग नहीं जुटाई गई है। दिसंबर 2021 में कंपनी ने 3.3 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर 450 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके प्रमुख निवेशकों में अल्फा वेव, सॉफ्टबैंक, टेनसेंट और डीएसटी ग्लोबल शामिल हैं। कार्स24 की स्थापना 2015 में हुई थी। कंपनी गाड़ियों की खरीदारी, बिक्री, लोन, बीमा, ड्राइवर ऑन डिमांड, फास्टैग, चालान, स्क्रैपिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करने का काम करती है।

डोनाल्ड ट्रंप भारत के मित्र, केंद्रीय मंत्री ने भारत-अमेरिका के संबंधों पर जताया यह अनुमान

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के मित्र हैं और भारत-अमेरिका की मित्रता आगे भी बढ़ती रहेगी। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यह बात कही। केंद्रीय मंत्री का यह बयान पूर्व में ट्रंप की ओर भारत पर अधिक टैरिफ का आरोप लगाए जाने के बावजूद आया है। ट्रम्प ने अपने चुनाव अभियान के दौरान आरोप लगाया था कि सभी प्रमुख देशों के बीच भारत विदेशी उत्पादों पर सबसे अधिक टैरिफ लगाता है और उन्होंने सत्ता में आने पर इसके जवाब में टैरिफ लगाने की कसम खाई थी। यहां एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि आधिकारिक प्रक्रियाएं पूरी हो जाने और नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद वह अमेरिका में अपने समकक्ष के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

इस्लामाबाद में पीटीई का प्रदर्शन रुका पर तनाव बरकरार

एजेंसी, ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई को लेकर बवाल मचा हुआ है। राजधानी इस्लामाबाद में पीटीआई प्रदर्शन से पीछे जरुर हट गई है, लेकिन हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इससे पहले हालात इस कदर खराब हो गए थे कि सरकार को सेना तैनात करनी पड़ी थी। पीटीआई प्रमुख और पूर्व पीएम इमरान खान के समर्थकों ने इस्लामाबाद कूच के तहत सड़कों पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ हिंसक घटनाएं भी हुई। हालात काबू करने के लिए जवानों ने बल प्रयोग भी किया। इसी बीच खबर चली कि पुलिस ने इमरान खान का समर्थन करने वाले करीब एक हजार लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रदर्शन का आव्हान करने वाली इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के कंटेनर में आग भड़की, जिसके बाद प्रदर्शन को खत्म करने का ऐलान कर दिया गया। इमरान समर्थकों ने अपना प्रदर्शन वापस ले लिया है, लेकिन तनाव बरकरार है। बताया जा रहा है कि पीटीआई के समर्थक इस्लामाबाद से वापस अपने घरों की तरफ लौट रहे हैं। आधी रात को की गई पुलिस की कार्रवाई के चलते इमरान खान के समर्थकों को डी-चौक और उसके आस-पास के मुख्य व्यापारिक जिले को खाली करना पड़ा, जिससे उनका विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया। इमरान की रिहाई की मांग के साथ सरकार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसक घटनाओं को देखते हुए सेना को बुलाया गया था। प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए थे। प्रदर्शनकारियों को इस्लामाबाद आने से रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाई गई थी। प्रदर्शनकारियों पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा और इमरान समर्थकों ने बैरिकेडिंग तोड़कर इस्लामाबाद पहुंच गए थे, जिसके बाद पूरा शहर जंग के मैदान में तब्दील होता दिखा था।

भारत-जापान में आर्थिक सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर हुई पहले दौर की वार्ता

विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

एजेंसी, ■ टोक्यो

भारत और जापान के बीच सामरिक व्यापार और प्रौद्योगिकी सहित आर्थिक सुरक्षा पर वार्ता का पहला दौर बुधवार को टोक्यो में हुआ। इस दौरान दोनों देशों ने आर्थिक हितों की रक्षा करने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निकट सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्ष फोकस क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर ठोस परिणाम लाने पर सहमत हुए। बता दें कि भारत-जापान 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक में 20 अगस्त को रणनीतिक व्यापार और प्रौद्योगिकी पर वार्ता की घोषणा की गई थी। टोक्यो में हुई बैठक ने आर्थिक सुरक्षा नीतियों पर विचारों का आदान-प्रदान करने व औद्योगिक और तकनीकी लचीलापन बढ़ाने



के साथ-साथ प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देने का अवसर दिया।

विक्रम मिस्री ने जापानी अधिकारी से की मुलाकात

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को जापान यात्रा की और जापानी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। जिसके बारे में विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनकी यात्रा ने भारत और जापान के बीच मजबूत और स्थायी मित्रता को और मजबूत किया, जो साझा मूल्यों, आपसी सम्मान, आपसी विश्वास और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है। इसके साथ ही मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि इस वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

तनाव दूर करने 1,000 घरों में की सेंधमारी, आरोपी गिरफ्तार

टोक्यो । जापान में एक अजीब घटना सामने आई है जिसके तहत एक आदमी ने तनाव से निपटने के लिए 1,000 घरों में सेंधमारी की है। जापानी पुलिस ने 37 वर्षीय इस शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने एक अजीब तरीके से तनाव से निपटने की कोशिश की है। उसने बताया कि उसे दूसरों के घरों में घुसना पसंद है और उसने 1,000 से अधिक बार ऐसा किया है। आरोपी ने पुलिस के सामने यह बताया कि उसे इस कार्रवाई से रोमांच मिलता है और इससे उसका स्ट्रेस कम हो जाता है। वह समय-समय पर दक्षिणी जापान के घरों में घुस जाता था, जिससे उसे ऊब व तनाव से बचने का लगता था। कोई भी व्यक्ति तनाव या चिंता से गुजर रहा है, तो वह इस तरह की गैरकानूनी कार्रवाई से दूर रहने की सलाह दी जाती है। चोरी जैसे गलत कामों से विचलित होने की बजाय, स्वास्थ्यवर्धक तरीके से तनाव से निपटना चाहिए।

डोनाल्ड ट्रंप को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

संदिग्ध ने हाल के महीनों में फेसबुक पर कई वीडियो पोस्ट किए

एजेंसी, ■ लॉस एंजेल्स

अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एरिजोना के मैनुअल तामायो-टोरेस ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो पोस्ट किए थे जिसमें पूरे परिवार को मार देने की बात थी। एक समाचार एजेंसी ने बताया कि अदालती दस्तावेजों से पता चला है कि संदिग्ध ने हाल के महीनों में फेसबुक पर कई वीडियो पोस्ट किए हैं, जिनमें से एक में वह सफेद रंग की एआर-15 की राइफल पकड़े हुए दिखाई दे रहा है, जिसमें 30 राउंड की मैगजीन लगी हुई थी। अदालती दस्तावेजों में सीधे तौर पर ट्रंप की पहचान नहीं की गई थी, केवल उन्हें व्यक्ति1 के रूप में रिफर किया गया था, आम तौर पर किसी सार्वजनिक व्यक्ति, पूर्व

राष्ट्रपति और नव निर्वाचित राष्ट्रपति को ध्यान में रखकर इसका उपयोग अदालती दस्तावेजों में किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले गुरुवार को तामायो-टोरेस ने फेसबुक पोस्ट के एक वीडियो में कहा, (व्यक्ति 1) तुम मरने वाले हो, (व्यक्ति 1) तुम्हारा बेटा मरने वाला है। तुम्हारा पूरा परिवार मरने वाला है। यह अब तुम्हारे लिए वास्तविकता है। तुम्हारे भविष्य में मरना यही एकमात्र वास्तविकता है। दस्तावेजों में कहा गया है कि तामायो-टोरेस पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को धमकाने का एक गंभीर आरोप लगाया गया है, क्योंकि उन्होंने ट्रंप और उनके परिवार के खिलाफ कई धमकियां दी थी। उस पर बंदूक खरीदने के दौरान झूठे बयान देने के चार आरोप भी लगाए गए हैं। एबीसी 7 की रिपोर्ट के अनुसार तामायो-टोरेस ने वीडियो में यह भी दावा किया है कि व्यक्ति 1 ने उसके बच्चों का अपहरण किया और उनकी तस्करी की।

अध्ययन यह अध्ययन अमेरिका के शिकागो स्थित नॉर्थवेस्टर्न मेडिसिन के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया

मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती नई खोज

एजेंसी, ■ न्यूयॉर्क

अमेरिका के वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नए हिस्सों का पता लगाया है। मस्तिष्क का यह नया हिस्सा सामाजिक संपर्कों (सोशल इंटरैक्शन) में मदद करता हैं। वैज्ञानिकों की यह ताजा खोज मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इस महत्वपूर्ण खोज से चिंता (एंग्जायटी) और अवसाद (डिप्रेशन) जैसी मानसिक बीमारियों के इलाज के नए रास्ते खुल सकते हैं। यह अध्ययन अमेरिका के शिकागो स्थित नॉर्थवेस्टर्न मेडिसिन के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि मस्तिष्क का सोशल कॉग्निटिव नेटवर्क, जो हमें दूसरों के विचार और भावनाएं समझने में मदद करता है, मस्तिष्क के पुराने हिस्से

एमिग्डाला से जुड़ा हुआ है। एमिग्डाला को लिजर्ड ब्रेन भी कहा जाता है और यह डर और खतरों का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अध्ययन के वरिष्ठ लेखक रोड्रिगो ब्रागा ने कहा, यह नेटवर्क हमें यह सोचने में सक्षम बनाता है कि दूसरा व्यक्ति क्या सोच रहा है या महसूस कर रहा है।ब्रागा के अनुसार, यह प्रक्रिया मानव मस्तिष्क में हाल ही में विकसित हुई है। एमिग्डाला और सोशल कॉग्निटिव नेटवर्क के बीच निरंतर संचार सामाजिक व्यवहारों, जैसे पालन-पोषण, आक्रामकता और सामाजिक पदानुक्रम को समझने में मदद करता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि एमिग्डाला का मेडियल न्यूक्लियस नामक हिस्सा विशेष रूप से सामाजिक व्यवहारों के लिए जिम्मेदार होता है। चिंता और अवसाद जैसी मानसिक बीमारियों में एमिग्डाला की अत्यधिक सक्रियता देखी जाती है, जो अत्यधिक भावनाओं और उनके नियंत्रण में कठिनाई पैदा करती है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि ट्रांस-क्रानियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन (टीएमएस) जैसी तकनीक का उपयोग करके इन मस्तिष्क संबंधों को प्रभावित किया जा सकता है। टीएमएस एक गैर-हानिकारक प्रक्रिया है, जो मस्तिष्क की गतिविधियों को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। यह अध्ययन यह भी बताता है कि इंसान की सामाजिक समझ, जैसे दूसरों की भावनाओं और विचारों को समझना, मस्तिष्क के हाल ही में विकसित हिस्सों की वजह से संभव हुआ है। यह खोज न केवल मानसिक बीमारियों के इलाज को बेहतर बनाएगी, बल्कि हमें यह समझने में भी मदद करेगी कि इंसान सामाजिक रूप से इतना कुशल कैसे बना।

शत्रुतापूर्ण व्यवहार से नाराज रुस ने ब्रिटिश नागरिकों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी, ■ मॉस्को

रूसी विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश पक्ष की शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के जवाब में 30 ब्रिटिश नागरिकों के रूसी क्षेत्र में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय के अनुसार, ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा शत्रुतापूर्ण व्यवहार के जवाब में रूस प्रतिबंध सूची का और विस्तार करने के लिए तैयार है। इससे पहले रूसी विदेश मंत्रालय ने जासूसी के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक को निष्कासित करने के बाद रूस में ब्रिटिश राजदूत को तलब किया और विरोध दर्ज कराया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) का हवाला देते हुए सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि विल्क्स एडवर्ड प्रायर नामक ब्रिटिश राजनयिक पर अपने दस्तावेजों में गलत जानकारी देने और जासूसी समेत कई असामान्य गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। एफएसबी ने कहा कि उसे दो दिनों के भीतर रूस छोड़ देना चाहिए। रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रतिबंध सूची में ब्रिटेन के राजनीतिक प्रतिष्ठान, सैन्य गुटों, उच्च तकनीक कंपनियों के साथ-साथ अन्य सदस्य भी शामिल हैं। ब्रिटिश उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर, राजकोष की चांसलर रेचल रीव्स, गृह सचिव यवेट कूपर और कई अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी इस सूची में शीर्ष पर हैं।

सामान्य मौतों से ज्यादा संख्या है, सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या

देश में सामान्य मोतों से इतने लोग नहीं मरते जितने प्रतिदिन सड़क हादसों में मोतें हो रही हैं परिवार के परिवार मारे जा रहें हैं अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं द्य अक्सर देखा गया है की ज्यादातर सड़क हादसे लापरवाही और नशा करके ड्राइविंग कर रहे हैं द्य सड़क हादसों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे द्य यातायात के नियमों का सही तरीके से पालन किया जाये तो सड़क हादसों में होने वाली मोतें रुक सकती हैं द्य।देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है ।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है।देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। देश में इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रह है। पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाये जाते हैं ।मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है । शराब पीकर बाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए।हादसों की सूची बढती ही जा रही है। आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता।पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के

लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं।

नारायण सिंह कुशवाह

प्रदेश के विकास में उद्यानिकी का भी महत्वपूर्ण योगदान

देश और प्रदेश की उन्नति सर्वोपरि है। इसके लिए किसानों को आर्थिक दृष्टि से सशक्त करना आवश्यक है, जिससे किसान संपन्न हो सकें और देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सकें। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी देश या प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक विकास की गति किसानों के उत्थान से ही संभव हो सकती है। इसके लिए प्रदेश के विकास में उद्यानिकी भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। इसके लिये नवाचार और तकनीकी सुधार किये जा रहे है। देश के 10% क्षेत्रफल वाले राज्य मध्यप्रदेश में देश की लगभग 7% आबादी निवास करती है। यहां 11 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों का उत्पादन किया जाता है। राज्य की कृषि उपज में विविधता मुख्यतः नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों पर निर्भर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वर्तमान सरकार परिणाम देने वाली नीतियों के माध्यम से उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में नवाचार और प्रगति के नए अध्याय लिख रही है।

देश के 10% क्षेत्रफल वाले राज्य मध्यप्रदेश में देश की लगभग 7% आबादी निवास करती है। यहां 11 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों का उत्पादन किया जाता है। राज्य की कृषि उपज में विविधता मुख्यतः नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों पर निर्भर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वर्तमान सरकार परिणाम देने वाली नीतियों के माध्यम से उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में नवाचार और प्रगति के नए अध्याय लिख रही है।

मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, उद्यानिकी फसलें किसानों की आय को आसानी से दोगुना करने में सहायक होती हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्र-संस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती और खाद्य प्र-संस्करण के नए तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। प्रदेश संतरा, धनिया मसाले तथा औषधीय एवं सुगंधीय पौधे उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त प्रदेश टमाटर, लहसुन, हरी मटर, अमरूद ,फूल गोभी, मिर्च एवं प्याज उत्पादन में दूसरे तथा नीबू वर्गीय फल, लाल मिर्च, बंद गोभी एवं फूल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है । राज्य में उद्यानिकी का रकबा बढ़कर लगभग 27 लाख हेक्टेयर हो गया है। राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश में उद्यानिकी के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है। इस कारण रकबा 2019-20 में 21.75 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2023-24 में 26.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। लगभग 23.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्पादन भी लगभग 27 फीसदी बढ़ा है। वर्ष 2019-20 में जो उत्पादन 317.36 लाख मी. टन था, जो बढ़कर अब 404.24 लाख मी. टन हो गया है।

किसानों को उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा फूड प्रोसेसिंग इकाईयाँ स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाता है। सरकार से अनुदान लेकर किसान फूड प्रोसेसिंग इकाईयाँ स्थापित कर सकते हैं। साथ ही अनुदान के आधार पर किसान छोटे, मध्यम और बड़े कोल्ड स्टोर भी स्थापित कर सकते हैं। खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अपने समृद्ध कृषि संसाधन और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति का उपयोग कर, 8.3त्न की औसत /वार्षिक दर से बढ़ रहा है, जो देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है. उद्यानिकी

उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए 21530.26 लाख रुपए की अनुदान सहायता से 183 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर 8.05 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता विकसित की गई है।

वहीं प्याज भंडारण के लिए 23667.71 लाख रुपए का अनुदान देकर 66500 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता किसानों के खेतों पर निर्मित की गई है। प्रदेश में बागवानी को शिखर पर ले जाने के प्रयासों में राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.एम.सी.) पर ड्रॉप मोर क्रॉप (पी.पी.एम.सी), एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाय.) के तहत वर्ष 2024-25 में 528 करोड़ 91 लाख रुपए की कार्ययोजना मंजूर की गई है। राज्य में उद्यानिकी उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए 16 विभिन्न बागवानी उत्पादों को जी.आई. टैग के लिए पंजीयन कराया गया है। सूक्ष्म सिंचाई द्वारा राज्य में 14 हजार 900 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगभग 12 हजार 790 हितग्राहियों को 114 करोड़ 76 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है। इजराइल तकनीक के समन्वय से प्रदेश में मुरैना में उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी के लिए, छिंदवाड़ा में नींबूवर्गीय फसलों के लिए तथा हरदा में निर्यात करने लायक आम एवं सब्जी सेन्टर की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए 14 करोड़ 74 लाख की योजना का अनुमोदन किया गया है।

प्रदेश सरकार की नई पहल ई-नर्सरी पोर्टल से घर, गार्डन या खेतों में उत्तम गुणवत्ता के पौधे लगाने के लिये, अच्छे और स्वस्थ पौध के लिये अब नर्सरी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उद्यानिकी विभाग द्वारा ई-नर्सरी पोर्टल पर 300 से अधिक नर्सरियों की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध करवाई गई है। इससे पौधों का क्रय-विक्रय आसानी से किया जा सकता है। 24 बागवानी उत्पाद जिनकी खेती आमतौर पर राज्य भर में की जाती है, जिनमें कोदो-कुटकी, बाजरा, संतरा/नींबू, सीताफल, आम, टमाटर, अमरूद, केला, पान, आलू, प्याज, हरी मटर, मिर्च, लहसुन अदरक, धनिया, सरसों, गन्ना, आंवला और हल्दी शामिल हैं। छिंदवाड़ा, आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, मंदसौर, बैतूल और सीहोर जैसे जिले संतरे के उत्पादन के लिए जाने जाते हैं जो संतरे के प्र-संस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए आदर्श हैं। इसी तरह बैतूल, कटनी, अनूपपुर, रीवा, सिंगरौली और रायसेन जिले जो आम की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं, वहां कई आम आधारित खाद्य प्र-संस्करण उद्योग हैं जो स्थापित होने के विभिन्न चरणों में हैं।

मध्यप्रदेश उद्यानिकी विभाग को उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र भी प्राप्त हुए हैं। जुलाई 2024 को प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एग्री एवं हार्टी एक्सपो-2024 में उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग मध्यप्रदेश को सर्वोत्तम बागवानी पद्धतियों और सब्जियों एवं ताजे फलों को बढ़ावा देने के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। एमपीएफएसटीएस पोर्टल के संचालन के लिए वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर स्कॉच पुरस्कार, अंतर्राष्ट्रीय कृषि तथा उद्यानिकी एक्सपो-2023 में 'एक्सीलेंस अवॉर्ड, नेशनल ओडीओपी अवॉर्ड सेरेमनी-2023 में प्रदेश के बुरहानपुर जिले को केला उत्पादन तथा प्र-संस्करण में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं वर्ष 2022-23 में 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत बेहतर क्रियान्वयन के लिए उद्यानिकी विभाग को स्कॉच अवार्ड प्राप्त हुआ।

प्रदेश में फसल क्षेत्र का विस्तार और उत्पादन में सुधार के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पौधों और उन्नत बीजों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। उत्पादन के पहले और बाद में प्रबंधन तकनीकों के जरिए फसल की गुणवत्ता और उत्पादन को बेहतर बनाना, फसल के उचित मूल्य के लिए खाद्य प्र-संस्करण और विपणन के साधनों में सुधार, अत्याधुनिक कृषि तकनीकों के जरिए संरक्षित खेती को बढ़ावा देना, किसानों को तकनीकी और वित्तीय समर्थन एवं कृषि और संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक और निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए समन्वय करना आदि चहुँमुखी प्रयासों से उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषकों को अधिकतम लाभ पहुँचाने और आमदनी दोगुनी करने का कम कर रही है।

(लेखक - मध्यप्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंकरण तथा सामाजिक न्याय मंत्री है)

स्मृति शेष

मनोरमा लढा एक व्यक्तित्व एवं कृतित्व

अनंत गुणों की खान एवं बहुमुखी प्रतिभा की धनी श्रीमती मनोरमा जी लढा को मैं अपनी बाल्यावस्था से तब से भली भांति परिचित रहा हूं जब मुझे उनकी दादी सास स्व. केशर बाई लढा मेरे पैतृक गांव जीरापुर से ग्वालियर पसारी परिवार का घर बसाने के लिये ग्वालियर लाई थी। प्रिय अतुल उस समय सवा महिने के थे।मेंने उन्हे उस समय की पारिवारिक परंपरा का निर्वहन करते हुए घर में अक्सर सीधे पल्लू की साडी में घूंघट में रहते देखा था । कही भी बाहर जाना तो साडी पर लूगड़ा लपेट कर जाना पड़ता था। इसी क्लिष्ठ परंपरा के रहते विवाहोपरांत उन्होंने ग्वालियर से ही एम ए और फिर एल एल बी किया। साथ ही पतिदेव श्री गोपाल जी लढा ने बी काम (गोल्ड मेडलिस्ट) और फिर एम काम एवं सी ए की डिग्री मेरिट से प्राप्त की । बडे - बूढों के भरे पूरे परिवार का हंसते - मुस्कराते पालन करते हुए और अपनी प्रतिभा को उकेरना और सात देवरों का चहेता बन कर रहना कोई मजाक नही था। बृहत्तर ग्वालियर माहेश्वरी महिला मंडल की ग्वालियर में स्थापना कर महिलाओं के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । श्रीमति कृष्णा देवी नागोरी के साथ माहेश्वरी नेत्र एवं आरोग्य प्रतिष्ठान की स्थापना कर सभी समाज जनों का सहयोग ले कर गरीब एवं बेसहारा वर्ग के लिये मोतियाबिंद के आपरेशन केंप का माहेश्वरी भवन में लगातार बाईस वर्ष तक (सरकारी प्रतिबंध तक) संचालन किया ओर वहीं हजारों आपरेशन करवाए।

फिर कालांतर में जीवन में एक अनूठा परिवर्तन तब आया जब कलकत्ता से श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट के न्यासी और अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के वरिष्ठ स्व. श्री हरनारायण जी सादानी का घर में पदार्पण हुआ । उन्होने श्वसुर (अपनी मां के आज्ञाकारी) स्व. श्री हरगोविंद जी लढा से मनोरमा जी की प्रतिभा को देखकर उन्हे समाज में माहेश्वरी महिला जाग्रति हेतु आगे आने हेतु प्रोत्साहित किया। उस समय का मुझे याद है कि श्री गोपाल जी लढा की परिवार में सभी के आज्ञाकारी बने रहने से तटस्थ की भूमिका रहती थी लेकिन वे मन ही मन इसके समर्थक बने रहे। ये वही मनोरमा जी थी जिन्होने कलकत्ता अधिवेशन में पांच हजार श्रोताओं की उपस्थिति में अभूतपूर्व समाज सुधारक भाषण दे कर सभी का मन मोह लिया । फिर तो उन्होने पीछे मुड़ कर नही देखा । आगे जा कर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा बनी और अनेकों सामाजिक सुधार किये। इसी मध्य पति देव श्री गोपाल जी को प्रेरित कर उनकी सीए की प्रेक्टिस को आगे ले जाने में सहायक बनी और उस समय लायंस क्लब की सक्रिय सदस्यता से लढा जी के लायंस गवर्नर बनने तक की साथ में यात्रा की । आप विवेकानंद नीडम, भारत विकास परिषद, वनबंधु परिषद आदि अनेक संस्थाओं में श्री लढा जी के साथ संस्थाओं को आगे बढाने में भरपूर मदद की।

पिछले अनेक वर्षो से तत्कालीन भारत के मुख्य न्यायाधीश स्व. रमेश चंद्र जी लाहोटी के मार्गदर्शन में समर्पण संस्था की स्थापना कर ग्वालियर की जनता को सस्ती स्वास्थ सेवाएं प्रदान करने में एवं जरूरतमंदों को भोजन के प्रतिदिन बनवाकर पेकेट बांटने में पूर्ण सहयोग करती रही।आप पर्यावरण एवं कला प्रेमी थी। बीमारी की हालत में भी वे स्वयं स्व-निवास के आगे गुमटी में बैठकर अक्सर भोजन के पेकेट बांटते हुए देखी जाती थी।

वे एक प्रखर वक्ता थी। लेखनी पर उनका पूर्ण अधिकार था । वे अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष रहते हुए पत्रिका की संपादक भी रही। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए उन्हे अंतरराष्ट्रिय महिला दिवस के अवसर पर तत्कालीन म.प्र. शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया व्दारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

आस्थाओं से अभिभूत गुरु कृपा आप पर सदैव बनी रही। पूज्य श्री घनश्यामा चार्य जी महाराज, पूज्य श्री विष्णुप्रपन्ना चार्य जी महाराज, पूज्य श्री माधव प्रपन्नाचार्य जी महाराज जैसे अनेक संतों का सदैव आशीर्वाद आप पर बना रहा।

कहते हें एक सदाचारी नारी अपने दोनों परिवारों के सात पीढियों को तारने में सक्षम होती है। आपने अपने जीवन में जहां लढा परिवार का मान बढाया वहीं अपने मायका म. प्र. के आगर मालवा के बाहेती परिवार का भी मान बढाया।

आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हें। आपके पुत्र - पुत्रवधु अतुल - सुनीता एक सफल उद्योगपति हें और पुत्री दामाद डा ममता - अनिल जाजू आपके पदचिन्हों पर चलते हुए समाज सेवा में भी आगे है।

ऐसी पुण्यात्मा आदरणीय मनोरमा जी को शत - शत नमन सहित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

प्रेरणा

धन का भार

पाटलिपुत्र में नाभिकुमार की गिनती सबसे संपन्न लोगों में होती थी। लेकिन अपार धन-संपत्ति होते हुए भी उन्होंने कभी दान नहीं दिया था। कई लोगों ने उन्हें इस बारे में कहा था पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक रात उनके घर चोर ने सेंध लगाई। उसने सावधानी से घर का कीमती सामान एकत्र किया और उसकी एक बड़ी पोटली बनाई। पोटली सिर पर रखते ही वह गिर गई और आवाज होते ही नाभिकुमार की आंखें खुल गईं। ह चोर के पास आए और पोटली उठाने में उसकी मदद करने लगे। चोर को डर से कांपते हुए देखकर नाभिकुमार ने उससे कहा-डरो मत, तुम यह सब ले जा सकते हो। मगर तुम भी मेरे ही जैसे लगते हो। मैंने भी अपने जमा धन से किसी और के लिए कुछ नहीं निकाला। इसलिए मेरा धन भी मुझ पर भार की तरह है। अगर तुम भी मेरी तरह नहीं करते और पोटली में से थोड़ा सामान निकाल लिए होते तो तुम्हारे लिए इसे उठाना आसान हो जाता। खैर, तुम अब यह सामान ले जा सकते हो। चोर यह सुनकर दंग रह गया। उसने प्रायश्चित करने के उद्देश्य से कहा- आप यह सब वापस ले लीजिए और मुझे क्षमा कीजिए। नाभिकुमार ने कहा- तुम्हें एक ही शर्त पर क्षमा किया जा सकता है। तुम इसमें से कुछ धन ले लो और कोई काम-धंधा शुरू कर दो। इस प्रकार मेरा धन परोपकार के काम में लग जाएगा और तुम्हारा जीवन भी सुधर जाएगा। चोर ने वैसा ही किया। नाभिकुमार उस दिन से हर किसी की सहायता करने लगे।



राजकाज

प्रियंका से वायनाड ही नहीं देश को हैं उम्मीदें

वायनाड से रिकॉर्ड तोड़ मतों से चुनाव जीतने के बाद प्रियंका गांधी ने सांसद के तौर पर गुरुवार को संसद में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की है। इसी के साथ उनसे न सिर्फ वायनाड की जनता बल्कि संपूर्ण देश के लोगों की खासी उम्मीदें बंध गई हैं। प्रियंका ने अपने अंदाज में हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली, तो लोगों को एक बार फिर भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद आ गई। उत्तर प्रदेश में तो पिछले दिनों इंदिरा गांधी और प्रियंका गांधी की तस्वीर वाले पोस्टर वायरल हुए थे, जिसमें इंदिरा की वापसी लिखा गया था। राजनीतिक गलियारे में इस बात को लेकर चर्चा आम हो गई है कि क्या अब पार्टी प्रियंका को कोई बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपेगी या फिलहाल वो वायनाड पर ही अपना ध्यान केंद्रित करेंगी। बहरहाल प्रियंका के संसद में पहुंचने से कांग्रेस को खासा बल मिला है, जिसका आभास आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है।

अडानी के नाम पर संसद ठप्प

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। विपक्ष द्वारा अडानी का नाम लेते ही आसंदी भड़क जाती है। अडानी एक ऐसा नाम हो गया है। जिसका नाम सुनते ही ऐसा लगता है, संसद में अडानी नाम का उपयोग करना भारी अपराध बन गया है1। संसद के अंदर सांसदों को बोलने की संवैधानिक स्वतंत्रता है। संसद में सांसदों द्वारा जो बोला जाता है। वह विशेष अधिकार के दायरे में आता है। अडानी के नाम पर आसंदी और सत्ता पक्ष जिस तरह से भड़कता है। उसको देखते हुए आम जनता के मन में भी यह विश्वास घर करने लगा है। अडानी, सरकार से भी ज्यादा पावरफुल हैं। तभी सरकार अदानी का नाम लेने से बच रही है।

पीएम को धमकी यह तो हद ही हो गई

देश में कानून का डर अपराधियों और शरारती तत्वों पर है या नहीं, यह अब सवाल तेजी से उठने लगा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि विमानों, ट्रेनों और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को बम से उड़ाने की धमकियों तो बहुतायत में पिछले कुछ समय से मिल ही रहीं थीं, लेकिन अब धमकी देने वालों के हौसले इस कदर बढ़ गए कि उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही जान से मारने की धमकी दे डाली है। दरअसल मुंबई पुलिस के कंट्रोल रुम में कॉल करके अज्ञात शख्स ने पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी दी है। इस पर कहा जा रहा है कि एक तरफ देश के कुछ राज्यों में बुलडोजर और एनकाउंटर के सहारे कथित तौर पर अपराधियों पर लगाम कसी जा रही है, तो दूसरी तरफ पीएम तक को धमकी दी जा रही है।

स्टार्ट-अप से करें कमाई

आजकल इवेंट का काम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। खास बात ये है कि इसमें आपको किसी खास डिग्री की आवश्यकता नहीं है और आप क्रिएटिव तरीके से काम करके इसमें पैसा कमा सकते हैं।

अगर आप कारोबार करना चाहते हैं पर आपके पास बजट कम है तो आप स्टार्ट-अप से अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। इसमें निवेश भी कम करना होगा और आप अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं। अगर आप इन बिजनेस में क्रिएटिव और मेहनत से काम करेंगे तो आप जल्द ही हर महीना लाखों रुपये कमा सकते हैं। आजकल इवेंट का काम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। खास बात ये है कि इसमें आपको किसी खास डिग्री की आवश्यकता नहीं है और आप क्रिएटिव तरीके से काम करके इसमें पैसा कमा सकते हैं। इवेंट में आप वेडिंग, ऑफिशियल प्रोग्राम, पार्टी आदि की अरेजमेंट कर सकते हैं और इसमें आपको निवेश नहीं करना होता, सिर्फ इवेंट की व्यवस्था करनी होती है। आप अच्छे संपर्क बनाकर इसमें पैसे कमा सकते हैं। आपको सुनकर भले ही ये अजीब लगे, लेकिन कई लोग इससे अच्छा पैसा कमा रहे हैं। यह गैराज किसी एक दुकान पर नहीं होगा, बल्कि यह डिमांड पर कहीं जाएगा।

मतलब आजकल गाड़ियों की संख्या अधिक हो गई और बीच रास्ते में गाड़ी खराब हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप ऐसे लोगों की मदद कर पैसे कमा सकते हैं। देश में कारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ड्राइविंग सीखने वालों की संख्या भी बड़ी है। ऐसे में ड्राइविंग स्कूल चलाना भी एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। इस काम को करने के लिए शुरुआती तौर पर आपके पास सिर्फ एक कार होना जरूरी है। जिससे आप दूसरों को ड्राइविंग सिखा सकें। घर से बाहर दूसरे शहरों में रह रहे लोगों के लिए घर का खाना एक सपने जैसा होता है। इसलिए आप इन शहरों में टिफिन आदि का कारोबार करके आप कम इनवेस्ट में अधिक पैसे कमा सकते हैं। इसकी पब्लिसिटी के लिए आप सोशल मीडिया या किसी ऐप का सहारा ले सकते हैं। इस क्लिनिंग सर्विस में आप कपड़ों से लेकर घर,गाड़ी आदि तक का काम कर सकते हैं क्योंकि लोगों के पास काम की व्यस्तता की वजह से यह सब काम करने का वक्त नहीं होता है। ऐसे में आप उनके लिए ऑनलाइन रुप से ये काम करके अच्छे पैसे कमा सकते हैं। विदेशों और मेट्रो सिटी में कई लोग इस तरह से कमाई कर रहे हैं। यह एक फ्रीलांस काम की तरह है। इस काम को आप किसी बिजनेस या नौकरी के साथ भी कर सकते हैं। आप यह भाषाओं के लिए कर सकते हैं।

अपनी बात

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम ऐतिहासिक रूप से नियमों के अनुपालन के उच्चतम मानक का प्रदर्शन करके ही अध्यक्ष को राजी करते हैं। और जैसा कि मैंने कल संकेत दिया था, अध्यक्ष के फैसले से सम्मान पैदा होना चाहिए न कि चुनौती। सदन के महत्व और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर जोर देते हुए सभापति ने कहा, यह सदन सिर्फ बहस के सदन से कहीं अधिक है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को दोहराया कि मुख्यमंत्री पद के लिए किसी फॉर्मूले पर चर्चा नहीं की जा रही है और महायुति के सहयोगी नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद निर्णय लेंगे। 23 नवंबर को घोषित राज्य चुनाव परिणामों में, महायुति, जिसमें भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी शामिल थी, ने 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें हासिल कीं।

ब्रीफ न्यूज

वार्ड नंबर 10 में पार्षद पद के लिए शेष 4 अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

गुना। जिले के नगर पालिका परिषद गुना के वार्ड नंबर 10 में पार्षद पद का निर्वाचन होना है, जिसके लिये निर्वाचन लड़ने वाले शेष रहे 04 अभ्यर्थियों को आज चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार, इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रेमनारायण को चुनाव चिन्ह हाथ, भारतीय जनता पार्टी से विनोद कल्याण सिंह लोधा को चुनाव चिन्ह कमल, निर्दलीय अलताफ अहमद को चुनाव चिन्ह केक एवं निर्दलीय खालिद बंटी को चुनाव चिन्ह कैमरा आवंटित किया गया हैं।

बाजार करने गए युवक का रास्ता रोककर की मारपीट

गुना। जिले के आरोन थानांतर्गत आरोन बाजार में एक युवक को दो लोगों ने रोककर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी धर्मेन्द्र कुशवाह पुत्र भैयालाल कुशवाह निवासी कुशमान ने घायल अवस्था में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह कुशमान से मोटर साइकिल आरोन बाजार करने आया था। उसकी मोटर साइकिल दास हनुमान मंदिर के पास आई, तभी वहा पर राशिद खान पुत्र मजीद खान तथा उसका दोस्त छोटा वहां पर आ गये और उसे रोककर उसके साथ गाली गलौंच कर जमीन पर पटक मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

30 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

गुना। जिले की आरोन थाना पुलिस द्वारा उरझनाई तिराहे के पास से एक व्यक्ति को तीस लीटर अवैध शराब के साथ दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम तोफान पुत्र मान सिंह बंजारा निवासी सुनगयाई बताया। जिसके कब्जे से पुलिस ने दो केनों में से 30 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

30 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

गुना। जिले की आरोन थाना पुलिस द्वारा उरझनाई तिराहे के पास से एक व्यक्ति को तीस लीटर अवैध शराब के साथ दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम तोफान पुत्र मान सिंह बंजारा निवासी सुनगयाई बताया। जिसके कब्जे से पुलिस ने दो केनों में से 30 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

पेंशनर संघों की बैठक का हुआ आयोजन

गुना। जिला पेंशन कार्यालय में पेंशनर संघों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर संघों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी पेंशनरों संघों से सार्थक चर्चा कर संबंधित मुद्दों पर जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

विभिन्न योजनाओं के 44 हितग्राहियों को मौके पर रूपये 1 करोड़ 86 लाख के वितरित किए हितलाभ

जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले 249 युवक-युवतियों का प्राथमिक चयन और 188 को दिए ऑफर लेटर

सत्ता सुधार ■ गुना

युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस पर जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले के आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में निजी क्षेत्र में बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य एवं युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिये यह आयोजन विश्राम गृह गुना में किया गया। मेला में 14 कम्पनियां द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य 249 का प्राथमिक चयन किया गया और अतिथियों द्वारा 188 युवक युवतियों को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। इस मेले में भाग लेने के लिये ऑनलाईन व ऑफ लाइन सहित कुल 438 ने पंजीयन कराया। इसी प्रकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय व अन्य विभागों द्वारा संचालित प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाओं की विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी दी गई और सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव शेयर किए। आज विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के 44 हितग्राहियों को मौके पर रूपये 186.94 लाख का हितलाभ वितरण किया जा रहा है।

उद्यानकी विभाग ने उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी

इस दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा जिला आधारित प्रोडक्ट कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उधम उन्नयन योजना अन्तर्गत किया गया। जिसमें उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं विशेषज्ञ द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। विभिन्न योजना में हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे हितग्राहियो को प्रशंसा पत्र वितरित किए। इस दौरान अतिथि नपा उपाध्यक्ष धर्म सोनी, एडीएम अखिलेश जैन, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा उप संचालक जीएस रघुवंशी, जिला व्यापार एवं उद्योग प्रबंधक आरके जैन, ग्रामोद्योग अधिकारी मिलिंद देशपांडे, ग्रामीण आजीविका मिशन जिला प्रबंधक डी.पी. कम्ठान सहित बड़ी संख्या में युवक-युवतियाँ व स्वरोजगारी उपस्थित रहे।

पनहेटी में तनाव की स्थिति नियंत्रण में, प्रभारी मंत्री ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पनहेटी का दौरा किया

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के बमोरी क्षेत्र के ग्राम पनहेटी में बीते दिनों वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर हुए विवाद में भील और बंजारा समाज के बीच टकराव के बाद उपजी स्थिति अब नियंत्रण में है। इस टकराव में गलसिंह भील नामक एक व्यक्ति की मौत हुई थी, जिसके बाद गांव में हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। मंगलवार शाम से हालात सामान्य हो गए हैं, और पुलिस तथा प्रशासन ने गांव में शांति बहाल कर दी है। बुधवार को मृतक गलसिंह भील का अंतिम संस्कार पुलिस सुरक्षा के बीच किया गया। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को जरूरी मदद और राहत सामग्री उपलब्ध कराई। जिले और संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की नजर लगातार घटनास्थल पर बनी हुई है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पनहेटी का दौरा किया। प्रभारी मंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहायता की घोषणा की प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मृतक गलसिंह भील के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की। मंत्री ने पूरे मामले की जानकारी लेते हुए आश्वासन दिया कि दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके बाद मंत्री राजपूत ने बंजारा बस्ती का भी दौरा किया। उन्होंने आगजनी की घटनाओं का निरीक्षण किया और बस्ती के लोगों, विशेषकर महिलाओं, से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। महिलाओं ने बस्ती में पानी और बोर की मांग की, जिस पर मंत्री ने तुरंत प्रभाव से बोर खनन और राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने बंजारा समाज को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा।

शांति की अपील और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रभारी मंत्री ने दोनों समुदायों से आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज को बांटती हैं और इससे बचने के लिए सबको एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सभी समुदायों के साथ समान व्यवहार करती है और हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सत्येंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासन ने गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार गांव की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

तीन आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

गलसिंह भील की हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है, और प्रशासन ने दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का भरोसा दिलाया है। फिलहाल गांव में अब स्थिति शांतिपूर्ण है, और प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों को आवश्यक मदद उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। घटना के बाद लगातार दूसरे दिन गांव में शांति बनी हुई है।

असली नोटों के साथ थमा दिए नकनी नोट

दुकानदार एटीएम पर जमा करने पहुंचा तो फंसे नोट

सत्ता सुधार ■ गुना

मधुसूदनगढ़ में नकली नोटों के जरिए धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक ऑनलाइन दुकान के संचालक को असली नोटों के साथ नकली नोट मिलाकर 35,000 रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के अनुसार घटना 20 अप्रैल 2024 की है। पीड़ित रवि विश्वकर्मा, जो मधुसूदनगढ़ में बांके बिहारी मंदिर के पास एक ऑनलाइन दुकान चलाते हैं, ने बताया कि उस दिन करीब 5-25 बजे उनकी दुकान पर एक अज्ञात व्यक्ति आया। उसने कहा कि उसे अर्जेंट पैसे भेजने हैं क्योंकि उसका कोई रिश्तेदार गुना अस्पताल में भर्ती है। उसने रवि को 35,000 रुपये नकद दिए, जो सभी 200-200 रुपये के नोट थे। उस व्यक्ति ने एक मोबाइल नंबर (7869167487) दिया और रवि से उस पर पैसे भेजने का बोला। रवि ने पहले एक रुपये का ट्रांजेक्शन करके नंबर की पुष्टि की। इसके बाद उन्होंने फोन पे के जरिए दिए गए नंबर पर पूरे 35,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। नकली नोटों का पता कैसे चला रवि ने उक्त राशि को अपने बैंक खाते में जमा कराने के लिए एटीएम का उपयोग किया।

पुलिस की जांच और खुलासा

थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पीड़ित रवि और हरी सिंह अहिरवार नामक व्यक्ति से पूछताछ की गई। हरी सिंह ने बयान दिया कि 20 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी दुकान पर आकर उसका मोबाइल नंबर लिया और थोड़ी देर बाद फोन पे के जरिए 35,000 रुपये भेजे। उसने 25,000 रुपये अपनी दुकान से और 10,000 रुपये राधा ऑनलाइन दुकान से निकालकर अज्ञात व्यक्ति को दिए। पुलिस ने पीएसटीएन डेटा और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह पाया कि दो अज्ञात व्यक्ति, जिनमें से एक रवि की दुकान पर और दूसरा गुना में मौजूद था, एक-दूसरे से संपर्क में थे। उन्होंने योजना बनाकर असली और नकली नोटों को मिलाकर धोखाधड़ी की।

आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 489बी, 489ई, 420, और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं इस मामले में पुलिस ने व्यापारियों और आम जनता से अपील की है कि नकद लेनदेन करते समय सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत ग्रामों में किया जा रहा गतिविधियों का आयोजन

गुना। शासन के निर्देशानुसार राजस्व महा-अभियान 3.0 का सफल संचालन जिले में कलेक्टर सतेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में 15 दिसम्बर तक चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत राजस्व विभाग के लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को राजस्व महा-अभियान में ठीक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज तहसील चांचौड़ा के ग्राम भैसुआ में ई-केवायसी का कार्य किया गया ।

जिला अस्पताल परिसर में नाली से मिला भ्रण, जांच में जुटी पुलिस

सत्ता सुधार ■ गुना



जिला अस्पताल परिसर में आज सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। जब अस्पताल के मंदिर गेट के पास बनी नाली में एक भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 10 बजे इस घटना का पता तब चला, जब सफाई के दौरान कचरे के ढेर में भ्रूण देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। चार से पांच माह का भ्रूण, जांच के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे प्रारंभिक जांच में पता चला है कि भ्रूण लगभग चार से पांच महीने का है और इसका वजन करीब डेढ़ सौ ग्राम है।

सिविल सर्जन डॉ. आरएस भाटी ने बताया कि भ्रण को फिलहाल पोस्टमॉर्टम रूम में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने संभावना जताई कि यह कृत्य अस्पताल परिसर के बाहर से आकर किसी ने अंजाम दिया होगा। पुलिस ने घटना के संबंध में अस्पताल परिसर और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों का जल्द पता लगाया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुकाबले आयु वर्ग में गुना जिला थ्रोबॉल संघ की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें रही विजेता

बालक-बालिका थ्रोबॉल टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान हासिल

सत्ता सुधार ■ गुना

19 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका एवं बालक थ्रोबॉल टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिला थ्रोबॉल संघ गुना के सचिव सौरभ सक्सेना ने बताया कि मध्य प्रदेश थ्रोबॉल संघ द्वारा 23 एवं 24 नवंबर 24 को आयोजित राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में गुना जिले की 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में गुना जिला थ्रोबॉल संघ की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें विजेता रही। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर के मऊ में किया गया प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग फाइनल मैच इंदौर एवं गुना के मध्य हुआ। जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में गुना विजेता रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग में फाइनल मैच इंदौर एवं गुना के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और गुना विजय रही। गुना जिले की टीम में गुरुकुल, शारदा, नेशन, डीएनडी, नवयुग, सीएम राईज, आरएन कॉन्वेंट, वंदना स्कूल, मॉडर्न स्कूल तथा पीजी कॉलेज के बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग टीम के कोच अदनान खान तथा बालीका टीम के कोच अमन मांझी थे। थ्रोबॉल खेल का नियमित अभ्यास संजय गांधी खेल परिसर में नियमित किया जाता है। इस अवसर पर खेल और युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर, दुर्गेश सक्सेना, अतुल शर्मा, सुनीता कंवर, शिवराज सिंह भदोरिया, तौफीक खान, यश प्रधान, जय कुशवाहा, वीरू खटीक, प्रदीप शर्मा, सतीश रघुवंशी, राहुल तिवारी सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

मरणोपरांत भी दो लोगों को रोशनी दे गई स्व. बसंती देवी जैन

गुना। शहर में गत दिवस स्व. बसंती देवी जैन जी का अकास्मिक निधन हो गया। उनकी इच्छा थी कि मरणोपरांत आंखों को किसी जरूरतमंद व्यक्तियों को दान की जाए। माताजी का निधन होने के बाद उनके बेटे सुनील जैन ने गिर्राज अग्रवाल को संपर्क किया। तभी उन्होंने चेयरमेन लायन आलोक अग्रवाल जी से संपर्क कर चिकित्सालय की टीम को नेत्र दान करने के लिये सूचित किया। उनकी इस इच्छा का सम्मान करते हुए। लायंस नेत्र चिकित्सालय टीम द्वारा टेक्नीशियन ईश्वरी जादौन, सहायक बलराम लोधी के सहयोग से नेत्रदानी स्व. बसंती देवी जैन की ऑखों को लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना को दान किया गया। जो कि तत्काल इंदौर अस्पताल को भेजी गई। जिसको अस्पताल के द्वारा दो जरूरतमंद व्यक्तियो को, यह ऑखे सफल प्रत्यारोपित की गई। अभी तक 13 पुण्यआत्माओं ने अपनी आखों को दान कर 26 जरूरतमंद व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान की है। और ज्यादा से ज्यादा लोगो से अपील की जाती है, कि मरणोपरांत अपनी ऑखें दान करे। ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। मरणोपरांत अपनी आखें दान करके किसी दो व्यक्तियों की जिन्दगी में रोशनी लाई जा सकती है । अमर रहेंगी आखें नेत्रदान करें। नेत्रदान के जरूरी नहीं कि संबंधित व्यक्ति ने पहले से संकल्प पत्र भरा

पत्ते दें हरी-भरी सेहत

हमारी प्रकृति अनेक औषधियों का भंडार है। इसकी जड़ी-बुटियां हो या फिर पत्ते ही क्यों ना हो, सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं।

मेहंदी – मेहंदी की पत्तियों को पीसकर रात को सोते समय पैर के तलवों व नाखूनों पर लगाने से शरीर की गर्मी शांत होती है व लू लगने का भय नहीं रहता। मेहंदी हर हफ्ते बालों में लगाने से सिर की गर्मी शांत हो जाती है।

चमेली– अगर आपके मुंह में छाले हो गए हों तो तीन दिन नियम से चमेली की पांच पत्ती चबाने से आराम मिलता है। अगर मुंह से दुर्गंध आ रही हो तो चमेली की पत्तियों को उबालकर उसमें आधे नींबू का रस निचोड़कर कुल्ला करने से दुर्गंध दूर हो जाती है।

पान– पान के पत्ते में मिश्री के कुछ दाने रखकर खाने से सूखी खांसी ठीक हो जाती है।

शहतूत– शहतूत की पत्तियों को उबालकर उसमें एक चुटकी सेंधा नमक डालकर गरारे करने से टॉन्सिल्स की सूजन में आराम मिलता है व गले की खराश दूर हो जाती है। शहतूत के रस में थोड़ी चीनी मिलाकर पीने से पेट की जलन व पेडू की गर्मी में आराम मिलता है।

अनार– अनार की छाल का काढ़ा बना लें। एक कप काढ़े में आधा चम्मच सौंठ का चूर्ण डालकर सुबह-शाम पीने से खूनी दस्त व खूनी बवासीर में आराम मिलता है। इसके दानों का रस पीने से हिचकी बंद हो जाती है और घबराहट मिट जाती है।

अंजीर– सफेद दाग शुरू होते ही अंजीर के पत्तों व इसकी जड़ को घिसकर लेप लगाने से सफेद दाग का बढ़ना बंद हो जाता है व धीरे-धीरे दाग मिट जाते हैं। एक अंजीर के चार टुकड़े खाने से कफ वाली खांसी ठीक हो जाती है।

होम्योपैथी कारगर चिकित्सा पद्धति

भारत में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के 100 से अधिक देशों के साठ करोड़ से अधिक लोग आज भी होम्योपैथी पद्धति से उपचार कराते हैं। इसके उपचार के आश्चर्यजनक परिणामों के फलस्वरूप इस पद्धति से इलाज कराने का चलन भी बढ़ रहा है।



डॉक्टरों का मानना है कि भले ही होम्योपैथी का जन्म जर्मनी में हुआ, लेकिन भारत इस चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में अगुआ बनकर उभरा है। सरकार द्वारा होम्योपैथी को बढ़ावा देने से हाल के वर्षों में होम्योपैथी के प्रचलन में दस गुना वृद्धि हो गई है।

100 से अधिक देशों का विश्वास

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार होम्योपैथी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा पद्धति है, जो 100 से अधिक देशों के साठ करोड़ से अधिक लोगों द्वारा इस्तेमाल की जा रही है।

बढ़ावा देने की आवश्यकता

अस्पतालों में होम्योपैथी के लिए की जाने वाली प्रैक्टिस को भी मान्यता देकर उसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इनमें होम्योपैथी के अलावा आयुर्वेद, यूनानी, योग और नेचुरोपैथी को भी शामिल करना चाहिए।

कैंसर जैसी घातक बीमारी का इलाज

हाल के वर्षों में किए गए अनुसंधानों से यह साबित हो गया है कि होम्योपैथी से पुरानी से पुरानी बीमारियों में फायदा हुआ है और खासकर कैंसर जैसी घातक बीमारी में मरीज को नई ऊर्जा मिली है। इनके अलावा एलर्जी, पाचन तंत्र खासकर आंतों, श्वसन तंत्र तथा त्वचा से संबंधित रोगों के उपचार में भी यह बेहद कारगर है और इसके साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं।

लू के लिए होम्योपैथी उपचार

गर्मियों में खतरा लू लगने का होता है। इससे बचाव ही इसका उपचार है। खाली पेट न रहें। पानी अधिक पीएं। सिर में टोपी पहनें, कान बंद रखें। ककड़ी, प्याज, मौसंबी, मूली, बरबटी, दही, मठा, पुदीना, चना का उपयोग करें। धूप से आकर तुरन्त पानी पीना, नहाना खतरनाक है। मौसम का तापमान बढ़ने से शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है। इस बिगाड़ का शरीर पर आंतरिक दुष्प्रभाव है लू। तेज बुखार, बेचैनी, असहनीय सिर दर्द, शरीर में जलन, मुंह और गले में सूखापन, तीव्र अवस्था में बेहोशी इसके मुख्य लक्षण हैं। अगर लू लग ही जाए तो होम्योपैथी में उपचार लाभदायक होगा ।

होम्योपैथी उपचार

शरीर में पानी की व्यवस्था कायम रखना ही इस दवा का काम है। पानी कम होने पर मुंह सूखना, सिर दर्द, चक्कर आना, बुखार, बेहोशी आदि में 5 गोली हर एक घंटे में दें, जब तक कि आराम न हो। रोकथाम के लिए दिन में दो खुराक काफी है। धूप में काम करने वाले मजदूर लोगों के लिए यह दवा अधिक कारगार साबित होगी।

अलियम सेप्पा-200

रोकथाम के लिए 5 गोली दिन में 2 बार लें। लू, तेज बुखार, शरीर में जलन, बेहोशी में 5 गोली हर एक घंटे में दें। नेट्रम म्यूर, अलियम सेप्पा 200 की उक्त खुराक के अलावा अन्य बीमारियां होने पर ग्लोनाइन 200, बैलाडोना 200, ब्रायोनिया 200, का उपयोग करें।

वात-पित्त, कफ दोष की प्रकृति

प्रत्येक मनुष्य का विशिष्ट शारीरिक स्वरूप तथा मानसिक स्वभाव होता है। इसे उसकी प्रकृति कहते हैं। गर्भधारण के समय वात-पित्त-कफ इनमें से जिस दोष की प्रधानता होती है, उसके अनुसार मनुष्य की वात, पित्त अथवा कफ प्रकृति बनती है। प्रकृति के इस प्रधान दोष का प्रभाव शरीर की सभी धातुओं, अवयवों, इन्द्रियों, बुद्धि एवं मन पर पड़ता है।

प्रकृति आजन्म अपरिवर्तित रहती है। व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक परीक्षण से प्रकृति का निश्चय किया जाता है।

कफ प्रकृति

कफ शीत, स्निग्ध, मृदु, मंद, गुरू, स्वच्छ, दृढ़, सौम्य, मधुर गुणयुक्त होने के कारण कफ प्रकृति वाले पुरुषों में भी स्वभावतयः ऐसे लक्षण पाये गये हैं। उनके अंग प्रत्यंग स्निग्ध, सुकु मार, सुडौल तथा बलसंपन्न होते हैं। मुख प्रसन्न, नेत्र धवल-विशाल व स्निग्ध और स्वर गंभीर होता है। कांति सतेज, वर्ण गेहूं के समान, त्वचा स्निग्ध तथा केश काले व घने होते हैं। उनकी क्षुधा व तृष्णा मंद होती है। उन्हें तीखे कड़वे कसैले, उष्ण व रूक्ष पदार्थ प्रिय होते हैं। वे अल्प भोजन करते हैं तथापि बलवान होते हैं। उन्हें निद्रा अधिक आती है। वे कोई भी कार्य में सोच-विचार देर से करते हैं। वे सहनशील, धैर्यवान, क्षमावान, परिश्रमी होते हैं। वे कम परंतु, सारगर्भित बोलते हैं। वे सरल, कृतज्ञ, निर्लोभ, गंभीर, सात्विक, विनम्र, शालीन व धर्मात्मा होते हैं। वे बात को देर से समझते हैं, लेकिन समझी हुई बात उनकी स्मृति से बाहर नहीं जाती। वे शास्त्र ज्ञानसंपन्न, बुद्धिमान, दीर्घदर्शी, वीर्यसंपन्न, विपुल संतान वाले व दीर्घायु होते हैं

पित्त प्रकृति

पित्त प्रकृति उष्ण-तीक्ष्ण, पीत-ताम्रवर्णी होने के कारण पित्त प्रकोप के पुरुष उष्ण आहार, औषध, धूप, ताप, उष्ण प्रदेश व उष्ण ऋतु सहने में असमर्थ, तीक्ष्ण जठराग्नि वाले, कपिलवर्ण के केशवाले, गौरवर्ण व सुकुमार होते हैं। उनके नख, नेत्र, जिह्वा, ओष्ठ, हथेली व तलुए आरक्त वर्ण के होते हैं। शरीर पर तिल अधिक होते हैं। वार्धक्य के लक्षण ' झुर्रियां, केशों की धवलता अथवा केशपतन उनमें जल्दी दिखाई देते हैं। उनकी जठराग्नि तीव्र होने के कारण वे बार-बार अन्न ग्रहण करते हैं। उन्हें मधुर-कसैला-कड़वा व शीत आहार प्रिय होता है। पित्त की तीक्ष्णता के कारण वे पराक्रमी, बुद्धिमान, तेजस्वी, निर्भय, अभिमानी, साहसी, शीघ्र कुपित व प्रसन्न होने वाले होते हैं। उनकी निद्रा अल्प व शांत, स्मृति मध्यम व वाणी स्पष्ट होती है। किसी भी बात में अपनी प्रतिक्रिया त्वरित व्यक्त करते हैं। वे अल्प वीर्य, अल्प संतान, मध्यम बल, मध्यम आयु वाले होते हैं।

वात प्रकृति

वायु रूक्ष, लघु, चल, शीत गुणयुक्त है। अतः वात प्रकृति वाले मनुष्यों का शरीर रूक्ष, कृश व छोटा, स्वर रूक्ष, वर्ण श्याम, त्वचा रूक्ष होती है। वायु के चल गुण के कारण उनकी गति, चेष्टाएं तथा वाचा चंचल होती है। निद्रा अल्प व खण्डित होती है। जठराग्नि विषम होने के कारण क्षुधा कभी अल्प, कभी अधिक होती है। भोजन अनियमित, अल्प व बार बार होता है। शरीर पर शिराओं का प्रसार अधिक दिखाई देता है। वे अधिक बोलते हैं। सभी कार्यों को शीघ्र आरंभ करते हैं। किसी भी बात को सुनकर शीघ्र ही ग्रहण कर लेते हैं, पर उसे शीघ्र ही भूल जाते हैं। उनके मन में क्षोभ, भय, प्रेम, व वैराग्य के भाव शीघ्र उत्पन्न होते हैं। उनको रोग भी शीघ्र होते हैं। वातालाघाः सदातुराः। वे शीतलता नहीं सह सकते तथा अल्प कारण के उनमें अंगों का जकड़ जाना, कंपन, ठंड लगना, ये विकार पाये जाते हैं। उन्हें मधुर-अम्ल-लवण, उष्ण आहार प्रिय होता है। वे गंधर्व स्वभाव के अर्थात् गीत, वाद्य, नृत्य, हास्य, विलास प्रिय व अजितेन्द्रिय होते हैं। वे अल्प बल, अल्प वीर्य, अल्प वायु व अल्प संतान वाले होते हैं। मानवीय प्रकृति में जिस दोष की प्रधानता होती है, उसके प्रकोपजन्य व्याधि होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए अपनी प्रकृति का निश्चय कर उसके अनुसार आहार-विहार का सेवन करें।

जीन है स्तन कैंसर की प्रमुख वजह

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसे जीन का पता लगाने का दावा किया है, जो स्तन कैंसर के लिए जिम्मेदार है। इससे स्तन कैंसर के उपचार में मदद मिल सकती है। कैंब्रिज शोध संस्थान के एक दल ने इस जीन की खोज की है। इसे जेडएनएफ 703 नाम दिया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि स्तन कैंसर के लिए यह जीन जिम्मेदार है। लगभग 4,000 मरीजों पर अध्ययन के बाद इसके बारे में पता लगाया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जीन कोशिकाओं को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। इस शोध से जुड़े वैज्ञानिक प्रोफेसर कार्लोस काल्डस ने कहा कि इस जीन की सक्रियता के आधार पर कैंसर के उपचार के लिए जरूरी थेरेपी की जा सकती है। वैज्ञानिकों द्वारा स्तन कैंसर के लिए जिम्मेदार जीन की खोज से अब यह बीमारी लाइलाज नहीं रहेगी।

सामंथा से वरुण धवन ने पूछा मजेदार सवाल, जवाब में अभिनेत्री ने पूर्व पति का किया जिक्र

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बनी की सफलता का आनंद ले रहीं हैं। शो में उनके और वरुण धवन की जोड़ी को फैंस ने काफी ज्यादा पसंद किया है। इस शो के अलावा अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान की वजह से भी काफी चर्चा बटोर रही हैं। दरअसल हाल में ही अमेजन प्राइम वीडियो ने फैंस के साथ वरुण और सामंथा के बीच हुई मजेदार बातचीत का वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता ने उनसे पूछा कि उन्होंने सबसे ज्यादा पैसे किस बेकार चीज पर खर्चे हैं। इसका अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, पूर्व प्रेमी को दिए उपहारों पर।

पूर्व प्रेमी पर किए खर्चे को बेकार मानती हैं सामंथा

प्राइम वीडियो द्वारा साझा की गई बातचीत के दौरान, वरुण ने सामंथा से मजाकिया अंदाज में पूछा, आपने क्या किसी बेकार चीज पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च किए हैं? सामंथा ने बिना कोई पल गंवाए चुटकी लेते हुए कहा, मेरे पूर्व प्रेमी के महंगे उपहार। इस पर वरूण थोड़े हैरान नजर आए। उन्होंने आगे पूछा, वो अमाउंट कितना है? इस पर सामंथा ने शांत भाव से जवाब दिया, काफी। अभिनेत्री का यह जवाब काफी ज्यादा वायरल हो रहा है।

सामंथा ने तलाक पर बनाए रखी है चुप्पी

जाहिर है कि सामंथा और नागा चैतन्या के तलाक की खबरों ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। ऐसे में अभिनेत्री के इस स्पष्ट जवाब के बाद से सोशल मीडिया पर लोगों ने भी कई तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, नागा चैतन्य के साथ अपने पिछले रिश्ते के बारे में अभिनेत्री ने हमेशा से एक गरिमापूर्ण चुप्पी बनाए रखी है, लेकिन उनके इस बयान के बाद कई फैंस नागा चैतन्या की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है सिटाडेल

बात करें सामंथा रुथ प्रभु की हालिया रिलीज सीरीज सिटाडेल हनी बनी की, तो राज और डीके की जोड़ी द्वारा बनाई गई एक्शन से भरपूर यह सीरीज दर्शकों को पसंद आई है। ये सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। ये सीरीज रूसो ब्रदर्स की सिटाडेल के यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अभिनय किया है। इसमें वरुण, सामंथा और साकिब के अलावा केके मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार भी नजर आए हैं।

सोशल मीडिया पर मिलती नकारात्मक आलोचनाओं पर छलका अनन्या का दर्द

अनन्या पांडे बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने भले ही बहुत कम फिल्में की हैं, लेकिन लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। हाल में ही अभिनेत्री ने बॉलीवुड में अपने शुरुआती दिनों के संघर्षों को लेकर बात की है। इनमें सोशल मीडिया की अफवाहें और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर संदेह आदि चीजें शामिल हैं। बरखा दत्त की मोजो स्टोरी पर बात करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे ऑनलाइन आलोचना ने उनके आत्मविश्वास को प्रभावित किया। इस बातचीत में अनन्या ने आगे कहा कि वह एक अभिनेत्री हैं, इसलिए उन्हें सोशल मीडिया पर मौजूदगी रखनी ही पड़ती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर की जाने वाली इन आलोचनाओं का नकारात्मक प्रभाव, तब समझ आया जब उनकी छोटी बहन रायसा ने उनसे खुद को इंस्टाग्राम पर टैग न किए जाने के लिए कहा। अभिनेत्री ने कहा, मैंने अपनी छोटी बहन रायसा पर भी इसका असर देखा। वह एक अभिनेत्री नहीं हैं और न ही अभिनेत्री बनने की उनकी कोई योजना है, लेकिन हर बार जब हम उनकी कोई तस्वीर पोस्ट करते हैं, तो वह कहती हैं कि उन्हें टैग न करें, क्योंकि लोग उन्हें फॉलो करते हैं और बुरी बातें कहते हैं।

स्कूल में भी सुनने को मिली नकारात्मक आलोचना

अनन्या पांडे ने कहा, जब मैं स्कूल में थी, तब सोशल मीडिया अभी-अभी शुरू हुआ था। मुझे हर तरह की बातें कही जाती थीं, जैसे कुबड़ा, फ्लैट स्क्रीन, चिकन लेग्स। यह स्कूल में था, तब हम अपनी सीमित दायरे में थे। अब, सोशल मीडिया की वजह से, सबसे छोटी आवाज को भी बढ़ाया जा सकता है। इसने मेरे आत्मविश्वास को प्रभावित किया और आज भी करता है। खुद से प्रेम करना एक यात्रा है, मंजिल नहीं।

अनन्या की शिक्षा को लेकर झूठ बोलने का किया फर्जी दावा

अभिनेत्री ने आगे कहा कि इंडस्ट्री में उन्हें अपने पहले साल के दौरान झूठी अफवाहों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी ने उन्हें स्कूल से जानने का दावा करते हुए एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और उन पर उनकी शिक्षा के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने अभी-अभी शुरुआत की थी, अपने पहले साल में, किसी ने इंस्टाग्राम पर एक फर्जी अकाउंट बनाया और उन्होंने लिखना शुरू कर दिया कि वे मेरे साथ स्कूल में थे और मैं ऐसी-वैसी थी, मैंने अपनी शिक्षा के बारे में झूठ बोला था। पहले तो मुझे लगा कि कोई भी इस पर विश्वास नहीं करेगा, लेकिन लोगों ने इस पर विश्वास किया। इससे मुझे काफी परेशानी हुई।

अनन्या पांडे का वर्क फ्रंट

बताते चलें कि अनन्या पांडे हाल में ही कंट्रोल और कॉल मी बे वेब सीरीज में नजर आई हैं। इनके बाद अब वह अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ एक अनाम फिल्म में भी अभिनय करने वाली हैं। इसके अलावा, उनके पास भविष्य के लिए चांद मेरा दिल और कॉल मी बे सीजन 2 भी है।



तेलुगु फिल्म आकाशम दाति वास्तव से डेब्यू के लिए तैयार धनश्री वर्मा

डेंटिस्ट, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और डांस कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, धनश्री दिल राजू के बैनर तले निर्मित आकाशम दाति वास्तव नाम के तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करेंगी। इस प्रोजेक्ट में कोरियोग्राफर यश मुख्य भूमिका में होंगे। जानकारी तो यह भी है कि इस फिल्म में प्रसिद्ध मलयालम अभिनेत्री कार्तिका मुरलीधरन भी अभिनय करेंगी, जो सबा नयागन और सीआईए में अपने अभिनय से प्रसिद्ध हुईं। धनश्री के डेब्यू की बात करें तो कथित तौर पर वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस नवीनतम चर्चा पर अधिक विवरण और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक डांस बेस्ड फिल्म है और एक कोरियोग्राफर होने के नाते निर्माताओं को धनश्री इस फिल्म के लिए परफेक्ट लगी हैं।

आकाशम दाति वास्तव की शूटिंग जारी

हालांकि, निर्माताओं ने इस भूमिका के लिए धनश्री को चुनने से पहले कई अभिनेत्रियों के ऑडिशन लिए। रिपोर्ट के अनुसार, धनश्री फिल्म में अपनी भूमिका की गहराई और पूरी कहानी पर विचार करने के बाद ही फिल्म में शामिल होने के लिए सहमत हुईं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने पहले ही फिल्म के कुछ सीन मुंबई में ही शूट कर लिए हैं। इसका बाकी हिस्सा हैदराबाद में पूरा होने की संभावना है। धनश्री और कार्तिका मुरलीधरन के अलावा आकाशम दाति वास्तव ससी कुमार मुथुलुरी के निर्देशन की पहली फिल्म भी है। उल्लेखनीय गायक कार्तिक ने फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर तैयार किया है। खैर, एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और प्रतिभाशाली कोरियोग्राफर के रूप में अपनी उपस्थिति के कारण धनश्री पहले ही दर्शकों के बीच अपनी पहचान बना चुकी हैं। जाहिर है, वह बचपन से ही एक प्रशिक्षित शास्त्रीय भरतनाट्यम डांसर भी रही हैं। धनश्री 2020 में युजवेंद्र चहल के साथ शादी के बंधन में बंधी। यह जोड़ी पहले अलग होने की अफवाहों से सुर्खियों में आई थी। हालांकि, वे केवल निराधार अनुमान थे।



शोभिता धुलिपाला संग नया सफर शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं नागा चैतन्य

सामंथा रुथ प्रभु से अलग होने के तीन साल बाद नागा चैतन्य अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। वह शोभिता धुलिपाला के साथ शादी करने जा रहे हैं। उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि वह अपने लाइफ के नए पड़ाव की शुरुआत करने के लिए एक्साइटेड हैं। नागा चैतन्य ने अपने बर्थडे के बारे में कहा, मुझे अपना जन्मदिन मनाना पसंद है, लेकिन इसे सादगी से मनाना और अपने करीबी दोस्तों और परिवार के साथ बिताना, अपनी पसंदीदा चीजें करना। मेरा मतलब है कि कुछ समय के लिए खुद को अलग करना, अपने कम्फर्ट जोन में रहना और अपने दिमाग को रिचार्ज करना। इस बार भी मैं यही कर रहा हूं और गोवा में अपने करीबी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिता रहा हूं।

शोभिता की नागा चैतन्य के जन्मदिन पर प्लानिंग?

नागा चैतन्य से जब पूछा गया कि उनके बर्थडे के लिए शोभिता धुलिपाला ने क्या प्लानिंग की है तो वह बोले, वह सारी प्लानिंग मुझ पर छोड़ देती है। जब तक वह मेरे साथ है। मेरे लिए यही काफी है। 4 दिसंबर को कपल शादी करने जा रहे हैं। इस बारे में भी एक्टर ने बात की। कहा कि उन्हें शादी को लेकर कोई घबराहट नहीं है। लह बहुत एक्साइटेड हैं। पेट में तितलियां उड़ रही हैं।

नागा चैतन्य और शोभिता की शादी कहां होगी?

एक्टर ने बताया, शादी हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में होगी। जिसके साथ एक बहुत ही खास भावना जुड़ी है। मेरे दादाजी की प्रतिमा है और उसके सामने शादी करने और उनका आशीर्वाद लेने का फैसला परिवार ने लिया था। हमारे परिवार एक साथ आकर इस जश्न को सेलिब्रेट करने के लिए एक्साइटेड हैं। एक्टर इन दिनों अपनी अगली मूवी थंडेल की शूटिंग में भी व्यस्त हैं।

फिल्म और शादी साथ हैंडल करेंगे नागा चैतन्य

उनसे जब पूछा गया कि वह कैसे दोनों चीजें हैंडल करेंगे तो वह बोले, थंडेल लगभग पूरी हो चुकी है। हमारे पास शूटिंग के लिए सात दिन से भी कम समय बचा है और वो भी इस महीने पूरा हो जाएगा। शादी अगली महीने है और दिसंबर से पहले हफ्ते में सेलिब्रेशन शुरू हो जाएगा। कुछ फैमिली कमिटमेंट्स भी होंगी। उसके बाद फिर मैं फिल्म पर लग जाऊंगा। डबिंग और प्रमोशन का काम सम्भालूंगा। इसलिए भरोसा है कि सब आसानी से बैलेंस हो जाएगा।

शोभिता धुलिपाला के बारे में बोले नागा चैतन्य

अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में चैतन्य ने आगे कहा, मैं शोभिता के साथ अपनी नया सफर शुरू करने और साथ मे लाइफ को सेलिब्रेट करने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं उसके साथ बहुत ही गहराई से जुड़ता हूं। वह मुझे खूबसूरती से समझती है। और मेरे अंदर की कमी को पूरा करती है। आगे का सफर बहुत ही शानदार होने वाला है।

प्रकाश झा ने आगामी फिल्मों पर की बात, क्या राजनीति 2-गंगाजल 3 में नहीं होंगे रणबीर-अजय?

प्रकाश झा को खास अंदाज में पर्दे पर कहानी कहने के लिए जाना जाता है, जो आम जनता को काफी आकर्षित भी करता है। हालांकि, काफी समय से उनका कोई बड़ा प्रोजेक्ट बड़े पर्दे पर नहीं आया है। आजकल के दौर में जहां फ्रैंचाइजी फिल्मों का बोलबाला है। ऐसे में प्रकाश झा ने भी हाल ही में गंगाजल 3 और राजनीति 2 की योजना का खुलासा किया है। साथ ही, उन्होंने इन संभावित परियोजनाओं में अजय देवगन और रणबीर कपूर के शामिल होने पर भी चर्चा की है।

गंगाजल 3 की स्क्रिप्ट है तैयार

गंगाजल को एक कल्ट क्लासिक के रूप में माना जाता है, जिसमें अजय देवगन के अमित कुमार के किरदार को बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन पुलिसकर्मी के रूप में सराहा गया था। हालांकि, जब प्रकाश झा ने जय गंगाजल में प्रियंका चोपड़ा के साथ सीक्वल बनाने की कोशिश की थी, जो अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाई। अब फिल्मकार तीसरी कड़ी में एक नया दृष्टिकोण लेकर आ रहे हैं और इसकी स्क्रिप्ट भी पहले ही तैयार हो चुकी है।

प्रकाश झा ने आगामी फिल्मों पर की बात

इसके अलावा वह राजनीति 2 की भी योजना बना रहे हैं। पहले भाग में रणबीर कपूर, अजय देवगन, नाना पाटेकर और मनोज बाजपेयी जैसे सितारे थे। यह फिल्म राजनीति और सत्ता के खेल को दर्शाती है, जिसमें हर किरदार का अपना महत्व था। इन फिल्मों पर बात करते हुए प्रकाश झा ने कहा, यह गंगाजल का विस्तार नहीं है, बल्कि एक नई कहानी होगी जो एक हेड कांस्टेबल के बारे में है। वहीं, राजनीति 2 पहली फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, दूसरी फिल्म पहली फिल्म का विस्तार है। समर प्रताप (रणबीर कपूर का किरदार) विदेश जा चुके हैं, लेकिन वह कहानी का हिस्सा बने रहेंगे।

क्या अजय देवगन-रणबीर कपूर होंगे हिस्सा?

जब उनसे पूछा गया कि क्या अजय देवगन और रणबीर कपूर इन फिल्मों में अपने पुराने किरदारों को फिर से निभाएंगे, तो प्रकाश ने स्पष्ट किया कि इस बारे में कुछ भी कहना अभी मुश्किल है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि हम कास्ट को फिर से लेंगे। दस साल पहले आप सीधे अभिनेता से मिलकर कहानी सुना सकते थे और उन्हें फिल्म के लिए मना सकते थे। अब अभिनेता खुद स्क्रिप्ट नहीं पढ़ते। उनके सहायक और मैनेजर्स ऐसा करते हैं और आपको उनसे संपर्क करने के लिए कई स्तरों से गुजरना पड़ता है। इस बातचीत में प्रकाश झा ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर कोई उपयुक्त भूमिका मिलती है तो वह अजय देवगन और रणबीर कपूर के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई प्रोजेक्ट होगा, तो उनसे संपर्क किया जाएगा, लेकिन मैं उनसे नियमित संपर्क में नहीं हूं।



स्त्री 2 की सफलता के बाद राजकुमार राव ने बढ़ाई फीस

एक आउटसाइडर होने के बाद भी राजकुमार राव ने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। रिपोर्ट्स की मानें तो स्त्री 2 की सफलता के बाद राजकुमार राव ने अपनी फीस बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने कहा, मैं हर दिन अलग-अलग आंकड़े पढ़ता हूं। मैं अपने निर्माताओं पर बोझ डालने वाला मूर्ख नहीं हूं। उन्होंने आगे बोला, सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर का हिस्सा बनने से एक अभिनेता के रूप में मुझमें कोई बदलाव नहीं आएगा। राजकुमार ने आखिरी में जोड़ा, मैं जीवन भर काम करना चाहता हूं इसलिए मैं ऐसी भूमिकाओं की तलाश में रहता हूं जो मुझे चुनौती दें।

ब्रीफ न्यूज

गर्म वाटर गीजर वृद्धाश्रम को भेंट

हरदा। जिला युवा उपभोक्ता कल्याण समिति चारूवा के सदस्यों द्वारा गर्म वाटर गीजर वृद्धाश्रम को भेंट करने के लिए समिति को प्रदान किया गया। इस पुनीत कार्य में सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान के अलावा जिलाध्यक्ष संजय गंगराड़े निखिल जैन, पवन बघेला, अभिषेक तिवारी, विष्णु नामदेव गबरू गुर्जर, राजू मंडलोई, प्रकाश दशोरे द्वारा, सहयोग प्रदान किया गया।

कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक आज

हरदा। ले में कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक 29 नवम्बर को आयोजित होगी। यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शाम 5 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में सहकारिता, वन, पुलिस, जिला पंचायत, खाद्य, खनिज, आबकारी, परिवहन, यातायात, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय पर जानकारी सहित उपस्थित होने के लिये कहा गया है।

स्वसहायता समूहों को किया गया भुगतान

हरदा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी ने बताया कि जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को नाश्ता व भोजन प्रदाय करने के कार्य में संलग्न स्वसहायता समूहों को अक्टूबर माह तक का भुगतान किया जा चुका है।

प्रवेश पत्र जिला उद्योग से करें प्राप्त

हरदा। नर्मदापुरम में 7 दिसम्बर को रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य अतिथ्य में किया जा रहा है। महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सचिन रोमड़े ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये प्रवेश पत्र जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा में प्राप्त हो गये है। जिन उद्योगपतियों, इकाई स्वामियों, व्यापारियों द्वारा इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये ऑनलाइन पंजीयन कराया गया है, वे 29 नवम्बर से कार्यालय समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा से अपने प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

कमिश्नर श्री तिवारी 4 दिसम्बर को अधिकारियों की बैठक

हरदा। आयुक्त नर्मदापुरम संभाग के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में जिला हरदा की राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 4 दिसम्बर को आयोजित की गई है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दो चरणों में होगी। उन्होने बताया कि प्रात- 10-30 बजे से राजस्व, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सामाजिक न्याय तथा श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी जबकि दोपहर 1 बजे से नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, आयुष, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी बैठक में अनिवार्यत- उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

बाल विवाह मुक्त भारत एवं "हम होंगे कामयाब एक दिन" पखवाडा अभियान का हुआ शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ दमोह

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के शुभारम्भ एवं ''हम होंगे कामयाब एक दिन'' पखवाडा के अवसर पर शासकीय कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह के द्वारा संकल्प समाज सेवी संस्था एवं ममता एचआईएमसी संस्था के सहयोग से किया गया। दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पल्लवी और प्राची ठाकुर ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया। पीएम श्री कॉलेज से दिशा पटेल ने बाल विवाह पर अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर अंकिता आहूजा ने कानून के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया की बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से पहले बालिका की एवं 21 वर्ष से पहले बालक की शादी करना कानूनन अपराध हैं, इसके तहत इस शादी में शामिल प्रत्येक वह व्यक्ति जो सेवाएं या सहयोग दे रहे हैं, अपराधी है, जिसमे 2 वर्ष तक की कठोर कारावास एवं 1 लाख तक का जुर्माना का प्रावधान हैं।

इस अवसर पर मनीष सोनी ने बालिकाओं की शासन एवं प्रशासन में बढती भूमिका एवं उपलब्धियां और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजीव अयाची ने बाल विवाह रोकने पर अपने विचार विस्तार से रखें। स्वागत भाषण एवं आयोजन का प्रयोजन जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे ने प्रस्तुत किया गया। जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन द्वारा बाल विवाह पर जिले में एनएफएचएस 5 के अनुसार स्तिथि पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त भारत, बाल विवाह मुक्त मध्यप्रदेश, बाल विवाह मुक्त दमोह बनाने हेतु बाल विवाह के खिलाफ समस्त प्रतिभागियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। साथ ही छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग सहायक संचालक संजीव मिश्रा, विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, संकल्प समाजसेवी संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे, राजीव अयाची, मनीष सोनी, अंकित आहूजा, प्राचार्य नरेश अहिरवार, बाल संरक्षण अधिकारी अनंतराम, वीरेंद्र जैन, शरद मिश्रा, विष्णु शर्मा, विपिन तिवारी, एच एल अहिरवाल, रीना चौरसिया, नीलू जैन, रामरतन विश्वकर्मा, वीरेंद्र दुबे एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और आभार समाज सेवी सुजात खान ने व्यक्त किया।

मसाला उद्योग स्थापित किया तो रामकृष्ण के परिवार में आई खुशहाली

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना बनी मददगार

सत्ता सुधार ■ हरदा

उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत आर्थिक मदद लेकर हरदा जिले के रामकृष्ण राजपूत ने मसाला उद्योग शुरू किया, जिससे उसकी आय में वृद्धि हुई। पहले खेती करके साल भर में एक-डेढ़ लाख रुपये कमाने वाला रामकृष्ण अब हर माह लगभग एक लाख रुपये कमा लेता है। आय बढ़ने से परिवार में खुशहाली आ गई है। सहायक संचालक उद्यानिकी विजय सिंह ने बताया कि टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम सामरधा निवासी रामकृष्ण राजपूत अपनी पैतृक जमीन पर खेती करते थे, जिससे एक से डेढ़ लाख रुपये तक आय होती थी, जिससे परिवार का पालन पोषण बमुश्किल हो पाता था। रामकृष्ण को एक दिन उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के बारे में मालूम चला तो उसने उद्यानिकी कार्यालय जाकर पूछताछ की। विभाग से मार्गदर्शन लेकर उसने इस योजना में आवेदन किया, जिससे उसे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत 64.56 लाख रुपये का ऋण मिल गया, जिसमें 10 लाख रुपये की अनुदान राशि भी शामिल है।

रामकृष्ण बताता है कि उद्यानिकी विभाग की मदद से उसने निर्मल मसाला उद्योग शुरू किया, जिसमें मशीनों के माध्यम से वह 10-12 क्विंटल मसाला प्रतिदिन उत्पादन कर सकता है। उसने बताया कि मसाले के 50 ग्राम, 100 ग्राम, 200 ग्राम और 500 ग्राम के पैकेट तैयार कर हरदा जिले के साथ-साथ आसपास के देवास, बैतूल, खण्डवा, सीहोर जिले के बाजार में बेच रहा है। वह एक वर्ष में लगभग 36 लाख रुपये के मसाले का विक्रय करने लगा है। रामकृष्ण ने बताया कि उसकी मसाला फैक्ट्री में 10 मजदूर कार्यरत है। रामकृष्ण की आर्थिक स्थिति सुधरने से परिवार में समृद्धि आई है, जिससे परिवार के सभी लोग बहुत खुश है।

पॉलिथीन जब्ती अभियानः जोन क्रमांक 2 में 2000 का जुर्माना

सत्ता सुधार ■ खंडवा

नगर निगम द्वारा जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत पॉलिथीन जब्ती अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में नगर निगम की टीम ने विभिन्न दुकानों और ठेलों पर छापेमारी की। अभियान के तहत 2000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान में जोन प्रभारी मनीष पंजाबी के नेतृत्व में जाकिर , अजय पटेल, भट्ट , वार्ड प्रभारी धीरज दुबे और भूवन श्रीमाली शामिल थे। इसके अलावा दरोगा धीरज गुर्जर, नितिन बिवाल और किशन के. जी. ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। नगर निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और पॉलिथीन मुक्त बनाना है। निगम प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें और पॉलिथीन का उपयोग न करें।

कलेक्टर श्री कोचर ने आमखेड़ा, हिण्डोरिया, कुड़ई और कुण्डलपुर विद्यालयों तथा पटेरा सोयाबीन उपार्जन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

रविवार को भी कक्षाएं संचालित की जायेगी

सत्ता सुधार ■ दमोह

शासकीय हाईस्कूल आमखेड़ा, राजेन्द्र पाठक मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल हिण्डोरिया, शासकीय प्राथमिक शाला कुड़ई, शासकीय माध्यमिक शाला कुण्डलपुर का कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा नेशनल अचीवमेंट सर्वे (NAS) की 04 दिसम्बर को परीक्षा आयोजित की जाएगी, इसमें शासकीय-अशासकीय स्कूल दोनों शामिल हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा विद्यार्थियों का स्तर क्या हैं और जो टेस्ट पेपर्स है, उनके आधार पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे, उनका विश्लेषण देखा और आवश्यक निर्देश दिए कि कैसे और बेहतर किया जाए। कलेक्टर ने कहा रविवार को भी इसकी कक्षाएं संचालित की जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो स्कूल इसके लिये चयनित हुये हैं उनमे पूरे समय केवल और केवल नैस की पढ़ाई होगी जिसमें गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिये प्राचार्य और शिक्षक सब रात दिन जुटे हैं। उन्होंने कहा पूरा विश्वास हैं कि हम बेहतर परिणाम दे पाएंगे। आज कलेक्टर श्री कोचर आकस्मिक रूप से आमखेड़ा, हिण्डोरिया, कुड़ई और कुण्डलपुर विद्यालयों तथा पटेरा खरीदी केन्द्र का जायजा लिया।

शासकीय हाईस्कूल आमखेडा शाला (NAS) अंतर्गत कक्षा 09 चयनित है, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर के द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा। साथ ही मॉक टेस्ट के परीक्षा परिणाम एवं परिणाम विश्लेषण के आधार पर शिक्षकों से जानकारी ली। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कोचर ने राजेन्द्र पाठक मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल, हिण्डोरिया में विद्यार्थियों को मॉक टेस्ट 01 एवं 02 टेस्ट के परिणाम को देखा। निरीक्षण के दौरान कक्षा 9 में अध्यापन कार्य करने वाले विद्यार्थियों की स्थिति कमजोर पाए जाने पर कलेक्टर श्री कोचर के द्वारा शाला प्राचार्य एवं कक्षा शिक्षक के द्वारा किये गये शैक्षणिक कार्य पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शैक्षणिक कार्य में प्रगति लाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विकासखंड पटेरा के शासकीय प्राथमिक शाला कुड़ई का निरीक्षण किया गया, इसमें कक्षा 03 चयनित हैं। निरीक्षण के दौरान बरसात के समय पानी भर जाने की शिकायत के संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित इंजिनियर को निर्देश देते हुए कहा शाला में पानी न भरे, इसके लिए स्टीमेट प्रस्तुत किया जाये। इसी प्रकार कलेक्टर श्री कोचर ने शासकीय माध्यमिक शाला कुण्डलपुर का निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की स्थिति विषय गणित में कमजोर पाई। उन्होंने शाला प्रधानाध्यापक एवं पदस्थ शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को लगातार गणित विषय की तैयारी कराई जाये, ताकि विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

सोयाबीन उपार्जन केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री कोचर ने अपने भ्रमण के दौरान पटेरा में सोयाबीन उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया, यहाँ पर किसानों से चर्चा की। उपार्जन केन्द्र पर सोयाबीन की जो खरीदी हो रही है उसकी नमी का भी विश्लेषण किया और वहाँ किसानों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा उपार्जन केन्द्र पर कुछ तकनीकी त्रुटि के कारण भुगतान में समस्या आ रही है, इसको 02 दिन के अंदर निराकृत करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा आज दिन भर के भ्रमण में कुछ चीजें सामने आई है और लगातार इस तरीके के भ्रमण क्षेत्र में जारी रहेंगे।

रोजगार उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

हरदा। स्थानीय शासकीय आदर्श महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत डॉ.कृष्ण कुमार सातनकर ने बताया कि 28 नवंबर को प्राचार्य विजय अग्रवाल के निर्देश में रोजगार उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें सीवी रमन संस्था के प्रोजेक्ट ऑर्डिनेटर उमेश शर्मा द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्टार्टअप और एक आईडिया कैसे आपकी जिंदगी बदल सकता है। किस तरह से एक लोकल आइडिया इंटरनेशनल आइडिया बन सकता है। असिस्टेंट प्रोफेसर स्वाति गुरु द्वारा मार्केटिंग स्किल्स के बारे में बताया गया। बेसिक डिग्री के साथ-साथ व्यक्ति में नॉलेज, पर्सनालिटी, कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर नॉलेज की भी जानकारी होना बहुत आवश्यक है, उन्होंने बताया की सीवी रमन यूनिवर्सिटी में विभिन्न कोर्स संचालित है उन कोर्सेज की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। अंत में उनके द्वारा विद्यार्थियों को अतिरिक्त कौशल एवं व्यक्तित्व विकास करने के लिए कहा, जिससे भविष्य में आप एक अच्छा रोजगार को प्राप्त कर सकते हो। कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती सोनाली ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 3-3 हजार के इनाम घोषित किये

आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 3-3 हजार के इनाम घोषित किये

सत्ता सुधार ■ हरदा

पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने विभिन्न 9 मामलों में शामिल आरोपियों पर 3-3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनमें आरोपी अमन पिता राकेश कौशल निवासी खिरकिया पर फरियादी धर्मेन्द्र सैनी को धमकाने व मारपीट करने के मामले में 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इसके अलावा हरदा आशापुर स्टेट हाईवे को अवरूद्ध करने के मामले में जितेन्द्र राजपूत, भुपेन्द्र राजपूत व उनके साथियों पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इसी तरह एक्सिस बैंक के शाखा प्रबन्धक बालकृष्ण पिता कृपाराम यदुवंशी निवासी तोरन्या हरसूद पर बैंक के उपभोक्ता से धोखाधड़ी के मामले में 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। तहसील खिरकिया के ग्राम सारंगपुर की 10 वर्षीय बालिका के अपहरण मामले में शामिल अज्ञात आरोपी पर भी 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

इसके साथ ही शंकरसिंह राजपूत निवासी प्रतापपुरा, थाना छीपाबड़ के घर से सोने चांदी के आभूषणों की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इसी तरह नर्सिंग वार्ड हरदा निवासी आशु जैन की शिकायत पर नीलेश मीणा के विरूद्ध लाखों रुपये की डामर की चोरी के मामले में 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। फरियादी श्यामलाल सिलाले निवासी ढोलगांव खालवा की शिकायत पर मोटरसायकिल से टक्कर मारने के मामले में आरोपी सुनिल आदिवासी निवासी ग्राम बुट्टीकुशल जिला यमतमाल महाराष्ट्र की गिरफ्तारी के लिये 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इसके अलावा फरियादी मोहित दसौरे निवासी ग्राम मांदला तहसील खिरकिया की सोने चांदी चोरी संबंधी शिकायत पर आरोपी देवा पिता प्रेमसिंह टांक निवासी इनपुल पुनर्वास जिला खण्डवा पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। थाना छीपाबड़ में फरियादी रविशंकर बलाई की शिकायत पर नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया।

श्रीमदभागवत कथा में झूठन ना छोड़ने का दिलाएंगे संकल्प, अध्यक्ष बने जगदीश प्रसाद अग्रवाल, जगतगुरु श्रीजी महाराज आएंगे

सत्ता सुधार ■ खंडवा

श्रीमदभागवत ज्ञान गंगा यज्ञ महापर्व 2025 की पहली बैठक मयूर विहार के महाकाल प्रांगण में हुई. यह कथा 1 से 9 जनवरी तक मयूर विहार में आयोजित होंगी। इस दौरान बैठक में विभिन्न कॉलोनियों से आये भक्तों ने भागवत कथा को लेकर अपने- अपने सुझाव दिए। बनवारी मालाकार, महेंद्र मंडलोई और बसंत शर्मा ने कलश यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत स्टेज लगाने और बच्चों को साथ लेकर बैठकों में लाकर सनातन से जोड़ने की बात कही।

आयोजक सतनामसिंह होरा ने कहा

विगत 18 वर्षों में अभी तक यहां व्यास चरण भागवत कथा में आये लेकिन वर्ष 19 की भागवत कथा में ठाकुर जी का आशीर्वाद है की आचार्य चरण यहाँ आ रहे है. इस वर्ष वैष्णव संप्रदाय के जगतगुरु श्यामदेव जी (श्रीजी महाराज) व्यासपीठ से भक्तों को भागवत कथा का श्रवण कराएंगे। यह सभी भक्तों का सौभाग्य है की जगतगुरु यहाँ आ रहे है. उनका एक प्रोटोकॉल है जो हमें सभी को ध्यान रखना है. वर्ष 2025 के नवीन अध्यक्ष हेतु जगदीश प्रसाद अग्रवाल की घोषणा हुई, पंडित सूर्यांश तिवारी ने तिलक लगाकर स्तुति वाचन किया। सभी भक्तों ने फूल की माला पहनाकर अध्यक्ष का स्वागत किया. इस अवसर पर सभी भक्तों का मुँह मीठा कराया गया। संचालन रमाकांत पाराशर और आभार दीपक श्रीमाली ने किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की घोषणा के बाद जिले में तेजी से बनाए जा रहे हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

बुजुर्ग मरीजों को राहत अब बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज भी निशुल्क हो सकेगा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से

नगर निगम की टीम भी कार्ड बनाने में कर रही है सहयोग, जिले में 17 हजार कार्ड बन चुके हैं

सत्ता सुधार ■ खंडवा

आर्थिक परेशानी के कारण कई बुजुर्ग अपनी बड़ी बीमारी का इलाज नहीं करा पाते थे, बड़ी बीमारी के इलाज के लिए लाखों रुपए खर्च होता है, इस समस्या को समझते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने जाने का निर्णय लिया गया, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत गरीब से लेकर अमीर तक के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, पूरे देश में इन दोनों आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी कोटि की वृद्ध महिला और पुरुषों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। ऐसे वृद्ध को आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल साथ लेकर कार्ड निर्माण स्थल पर जाना होगा। जहां ऐसे वृद्ध का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है सरकार के जारी पत्र के

आलोक में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी वृद्धों का आयुष्मान

कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरे खंडवा जिले में भी चल रही है, आयुष्मान कार्ड बन जाने के बाद शासकीय अस्पताल के साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज का ?5लाख का निशुल्क इलाज किया जाएगा, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में नोडल अधिकारी डॉक्टर रश्मि कौशल मार्गदर्शन जिले के सभी पंचायतो, एवं नगर के वार्डों में नगरीय निकाय द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है, महापौर अमृता अमर यादव एवं निगम आयुक्त प्रियंका सिंह राजावत के मार्गदर्शन में नगर निगम के अमले द्वारा कैंप लगाकर एवं घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बुजुर्गों के बनाए जा रहे हैं, जिले में करीब 17 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, नगर निगम की टीम द्वारा शहर के वार्डों में लगभग 5000 के आसपास कार्ड बनाए जा चुके हैं, इसके अलावा आशा कार्यकर्ता भी घर-घर जाकर वृद्ध लोगों का आयुष्मान कार्ड बना रही है।

गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, नरसिंहगढ़ के विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का किया शैक्षणिक भ्रमण

सत्ता सुधार ■ दमोह

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, नरसिंहगढ़ के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं और आधुनिक उपकरणों के कार्यों को समझने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य टी. के. श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की और उनसे इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में लेथ मशीन, ड्रिलिंग, मिलिंग और वेल्डिंग प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझा। साथ ही, हीट इंजन लैब में बॉयलर्स, गियर्स और ऑटोमोबाइल पार्ट्स के कार्य और उनके उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और कम्युनिकेशन तकनीकों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक एसी-डीसी जनरेटर की कार्यप्रणाली को भी समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने इन तकनीकी प्रक्रियाओं को करीब से देखने और समझने का अनुभव सांझा करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा और उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराना था प्राचार्य टी. के. श्रीवास्तव ने कहा इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने और उनके भविष्य के लिए नई दिशाएं खोलने में सहायक होते हैं।

ब्रीफ न्यूज

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी मिनिमम वैरिएंस फंड लांच

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने एक नया न्यू फंड ऑफर पेश किया है, जिसका नाम आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी मिनिमम वैरिएंस फंड रखा गया है। यह योजना विशेष रूप से उन निवेशकों के लिए है जो लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि चाहते हैं, लेकिन साथ ही बाजार की अस्थिरता को लेकर चिंतित हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का यह एनएफओ एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य निफ्टी 50 टीआरआई के मुकाबले कम अस्थिरता के साथ निवेशकों को लाभ देना है। इसका ध्यान शेयर बाजार की अस्थिरता को कम करने और इक्विटी और संबंधित साधनों में निवेश के माध्यम से पोर्टफोलियो के जोखिम को नियंत्रित करने पर है। इस योजना में एसेट का चयन और पोर्टफोलियो निर्माण कम अस्थिरता की रणनीति पर आधारित है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक और मुख्य निवेश अधिकारी, एस नरेन ने कहा, हम आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी मिनिमम वैरिएंस फंड को पेश करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। शेयर बाजारों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद इस योजना में कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स को प्राथमिकता देने से हमारे रक्षात्मक दृष्टिकोण को दर्शाया गया है।

रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 84.47 डॉलर पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 84.47 प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 84.47 प्रति डॉलर गिर गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.22 पर रहा।

वीएफपी का आयात बढ़कर 21,233 टन प्रति माह हुआ

नई दिल्ली। भारतीय कागज विनिर्माता संघ (आईपीएमए) ने चीन और चिली जैसे देशों से वर्जिन फाइबर पेपरबोर्ड के बढ़ते आयात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि कम लागत वाली आयात खेप स्थानीय उत्पादकों के निवेश को खतरे में डाल रही है। आईपीएमए ने कहा कि मुख्य रूप से दवा, दैनिक उपभोग के सामान और सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले वर्जिन फाइबर पेपरबोर्ड (वीएफपी) का आयात चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में तीन गुना से अधिक बढ़कर 21,233 टन प्रति माह हो गया जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह औसत 6,337 टन प्रति माह था। आईपीएमए ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष के अगस्त और सितंबर महीने में वीएफपी का आयात 30,000 टन प्रति माह से अधिक रहा जो कुल घरेलू मांग का 20 प्रतिशत से अधिक है।

कंपनी ने शहरी यात्रियों और छोटे कारोबारियों के लिए किया तैयार

ओला ने की 40 हजार रुपए से कम कीमत वाले ई-स्कूटर्स की घोषणा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आने वाले कुछ सालों में देश की गिग इकॉनमी यानी ऐसी अर्थव्यवस्था जहां अस्थायी रोजगारों की संख्या अधिक होती है का आकार दोगुना होने और ऐसी अर्थव्यवस्था में काम करने वालों (गिग वर्कर्स) की संख्या एक करोड़ होने की संभावनाओं के बीच ओला स्कूटर ने 40 हजार रुपए से कम शुरुआती कीमत वाले ई-स्कूटर्स पेश करने की घोषणा की। बाजार ने इसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और बंबई स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी के शेयर 5.67 फीसदी बढ़कर 73.47 रुपए प्रति शेयर के मूल्य पर बंद हुए। 39,999 रुपए की शुरुआती कीमत वाला यह स्कूटर गिग वर्कर्स को ध्यान में रखकर पेश किया जा रहा है जो कम दूरी का सफर करते हैं। इसके अलावा 59,999 रुपए की शुरुआती कीमत वाला एस1 जेड श्रृंखला का स्कूटर काफी किफायती है। ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ ने एक्स पर लिखा- भारत की गिग इकॉनमी अगले कुछ सालों में दोगुनी हो जाएगी और इसमें काम करने वालों की तादाद एक करोड़ से ज्यादा होगी। दुर्भाग्यवश इन कर्मचारियों को ज्यादा कीमत देकर भी खराब गुणवत्ता वाले वाहनों पर सफर करना पड़ता है। कंपनी ने चार नए मॉडल- ओला गिग, ओला गिग प्लस, ओला एस1जेड और ओला एस1 जेडप्लस को गिग वर्कर्स से लेकर शहरी यात्रियों और छोटे कारोबारियों के लिए तैयार किया है। ओला गिग और गिग प्लस की बिक्री अप्रैल 2025 से शुरू हो जाएगी। ओला एस1 जेड और एस1 जेड प्लस की बिक्री मई से शुरू हो जाएगी। इन वाहनों को 499 रुपए में बुक किया जा सकता है। ओला इलेक्ट्रिक के डिजाइन प्रमुख ने कहा कि हमने कीमतों को प्रतिस्पर्धी रखा है। ये बाजार में मौजूद विकल्पों से 50-60 फीसदी सस्ते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी मांग में दोगुनी बढ़ोतरी होगी। गिग वर्कर्स की तादाद तेजी से बढ़ने वाली है। आने वाले सालों में यह मौजूदा 50 लाख से बढ़कर एक करोड़ हो जाएगी। ओला के गिग स्कूटर्स के लिए बाजार में तगड़ी प्रतिस्पर्धा मौजूद है। युलू का इलेक्ट्रिक स्कूटर विन 59,999 रुपए का है और वह 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलता है। उसकी रेंज 70 किलोमीटर है। काइनेटिक ग्रीन का जिंग बिग बी 75,990 रुपए का है। उसकी भी रफ्तार 25 किलोमीटर प्रति घंटा है और उसकी रेंज 100 किलोमीटर की है। इसी तरह ओकिनावा का आर30 61,998 रुपए का है। 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाला यह स्कूटर की 60 किलोमीटर रेंज है। ओला गिग आईडीसी प्रमाणित है और 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाला यह ई-स्कूटर 112 किलोमीटर की रेंज देता है। इसमें 1.5 किलोवॉट की रिमूवेबल बैटरी लगी है। 49,999 रुपए कीमत वाला ओला गिग प्लस एक और दो बैटरियां लगाई गई हैं। एक बैटरी पर यह 81 किलोमीटर और दो बैटरियों में 157 किलोमीटर तक चलता है। इसकी अधिकतम गति 45 किलोमीटर है। दोनों मॉडल गिग इकनॉमी वर्कर्स को ध्यान में रखकर तैयार किए हैं।

शेयर बाजार टूटा, सेंसेक्स 1,190 अंक नीचे आया, निफ्टी 360 गिरा

गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई

एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को भारी गिरावट दर्ज की गयी। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा मासिक फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) एक्सपायरी के दबाव में भी बाजार टूटा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,190 अंक करीब 1.48फीसदी टूटकर 79,043.74 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स 80,447.40 के उच्च और 78,918.92 के निचले स्तर तक पहुंचा। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 भी 360.75 अंक तकरीबन 1.49 फीसदी नीचे आकर 23,914.15 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,345.75 के उच्च और 23,873.35 के निचले स्तर पर पहुंचा।जानकारों के अनुसार बाजार में आई गिरावट का एक प्रमुख कारण रूस के यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण बढ़े तनाव और फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस एक्सपायरी से जुड़ी बिकवाली को बताया है। आज कारोबार के दौरान निफ्टी के 46 शेयर गिरावट पर बंद हुए। सबसे ज्यादा नुकसान एसबीआई लाइफ, इंफोसिस, एचडीएफसी लाइफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों को हुआ। इनमें 5.4 फीसदी तक गिरावट रही। वहीं, अदाणी एंटरप्राइजेज, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई और सिप्ला जैसे चार शेयर ही 1.63 फीसदी ऊपर आये। कारोबार के दौरान निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स 0.05 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं आईटी सेक्टर पर सबसे ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा नीचे आया जबकि निफ्टी ऑटो, फाइनेंशियल्स, प्राइवेट बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर इंडेक्स में भी गिरावट रही। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक और मीडिया इंडेक्स में बढ़त आई। इससे पहले आज सुबह कारोबारी सत्र की शुरुआत में हल्की बढ़त देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स 50 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 80,282 पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 50 शुरुआती कारोबार में 20 अंकों की बढ़त के साथ 24,296 पर कारोबार करता दिखा। विदेशी बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स शुरुआत में थोड़ा गिरा, लेकिन बाद में 0.15 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई 0.30 फीसदी गिरा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 बढ़त के साथ खुला और 0.43 फीसदी ऊपर बंद हुआ। वॉल स्ट्रीट पर हल्का कारोबार हुआ और ज्यादातर इंडेक्स नुकसान में रहे। नैस्डैक 0.6 फीसदी गिरा, जबकि डाओ जोन्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 0.31 फीसदी नीचे बंद हुआ।

एचडीएफसी बैंक ने अर्ध-शहरी और ग्रामीण भारत के लिए प्रगति बचत खाता शुरू किया

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने प्रगति बचत खाते के लॉन्च की घोषणा की, जिसे विशेष रूप से भारत भर में ग्रामीण और अर्ध-शहरी लोगों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी 51 प्रतिशत शाखाओं के साथ, एचडीएफसी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना जारी रखता है। एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रगति बचत खाते का उद्देश्य भारत के कृषि क्षेत्र के लिए एक व्यापक बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिसमें किसान (पारंपरिक और मवेशी प्रजनन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और डेयरी फार्मिंग दोनों), स्व-नियोजित व्यक्ति, ग्रामीण निवासी, स्वयं सहायता समूह और सहकारी समितियाँ शामिल हैं। अर्ध-शहरी और ग्रामीण स्थानों में एचडीएफसी बैंक की 4600 से अधिक शाखाएँ भारत की लगभग दो तिहाई आबादी तक पहुँचने के लिए उत्पाद का लाभ उठाने के लिए एक टचपॉइंट के रूप में कार्य करेंगी, जिससे ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, नई पेशकश में कई उद्योग-प्रथम सुविधाएँ शामिल होंगी।

एचडीएफसी बैंक के पराग राव ने कहा एचडीएफसी वित्तीय समावेशन और कृषि सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे प्रगति बचत खाते के माध्यम से, हम कई उद्योग-प्रथमों को पेश कर रहे हैं, जैसे कि बिगहाट के साथ हमारी साझेदारी किसानों और ग्रामीण समुदायों को उत्पादकता में सुधार, ऋण तक पहुंच और बेहतर वित्तीय परिणाम प्राप्त करने के लिए उपकरणों और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए। हमारा लक्ष्य एक समावेशी और टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है जो ग्रामीण विकास का समर्थन करता है और स्थानीय समुदायों का उत्थान करता है।

शेयर बाजार की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत, सेंसेक्स 200 अंक लुढ़का, निफ्टी 24,300 के नीचे

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों की वजह से गुरुवार के कारोबारी सत्र की शुरुआत में हल्की बढ़त देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स 50 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 80,282 पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 50 शुरुआती कारोबार में 20 अंकों की बढ़त के साथ 24,296 पर कारोबार करता दिखा। सेंसेक्स के 30 शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे। वहीं इंफोसिस, एसबीआई और महिंद्रा एंड महिंद्रा हल्की गिरावट में रहे। इसके अलावा मासिक फ्यूचर्स और ऑप्शंस एक्सपायरी, दक्षिण कोरिया के बैंक द्वारा 25 बेसिस प्वाइंट्स की अचानक ब्याज दर वृद्धि, अमेरिका की जीडीपी में अनुमानित वृद्धि और लंबा सप्ताहांत शुरू होने से पहले डॉलर में आई गिरावट आज बाजार की दिशा तय कर सकते हैं। वहीं वैश्विक बाजारों में तेजी का असर बुधवार को भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा। अदाणी ग्रुप और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बढ़त से बाजार में रौनक लौट आई, और 27 नवंबर को बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 100 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ 80,121.03 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 80,511.15 तक चढ़ गया था। अंत में सेंसेक्स 230.02 अंक की बढ़त के साथ 80,234.08 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी-50 भी 80.40 अंक की तेजी के साथ 24,274.90 पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 में से 25 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे, जबकि बाकी 25 लाल निशान में बंद हुए। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स शुरुआत में थोड़ा गिरा, लेकिन बाद में 0.15 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई 0.30 फीसदी गिरा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 बढ़त के साथ खुला और 0.43 फीसदी ऊपर बंद हुआ।

सरस आजीविका मेला ने व्यापार मेले में 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों ने बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी वाले सरस आजीविका मेला-2024 ने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईटीटीएफ) में रिकॉर्ड तोड़ा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इसकी प्रमुखता दी। ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और राज्य समन्वयकों ने इस मेले में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान प्राप्त किया। भारत सरकार द्वारा आयोजित 43वें व्यापार मेले में सरस मेले ने आठ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया, जिससे पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पंचायती राज मंत्रालय के मंडप का विषय पंचायत विकसित भारत 2047 था और यहां ग्रामीण भारत में जारी डिजिटल परिवर्तन का अवलोकन किया गया। यह मेला सशक्त बनाने के लिए कांस्य पदक से सम्मानित था, जो भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा आयोजित व्यापार मेले के दौरान बहुत उपयोगी साबित हुआ।

अपने प्लांट्स से मारुति सुजुकी ने किया 30 लाख कारों का निर्यात

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी कंपनी ने घोषणा की कि उसने अब तक अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स से 30 लाख से ज्यादा कारों का निर्यात किया है। इसमें सेलेरियो, फ्रोंक्स, बलेनो, सियाज, डिजायर और एस-प्रेसो जैसे लोकप्रिय मॉडल्स शामिल हैं।

30 लाखवीं यूनिट 1,053 कारों के एक बैच का हिस्सा थी, जो विभिन्न वैश्विक बाजारों के लिए भेजी गई। मारुति सुजुकी ने 1986 में अपनी निर्यात यात्रा शुरू की थी और उस समय पहला बैच हंगरी भेजा था, जिसमें कुल 500 यूनिट थीं। इसके बाद, 2012-13 में कंपनी ने निर्यात का पहला 10 लाख यूनिट का आंकड़ा पार किया। इसके बाद 2020-21 में कंपनी ने अगला 10 लाख यूनिट का मील का पत्थर हासिल किया। अब, मारुति सुजुकी ने सिर्फ 3 साल 9 महीने में अपने निर्यात में अगले 10 लाख यूनिट जोड़कर तेज़ वृद्धि को दर्शाया है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की नीतियों और व्यापार समझौतों ने कंपनी को निर्यात में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर दिया है। मारुति सुजुकी ने अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में अपने वाहनों का निर्यात किया है, और इन बाजारों में खासतौर पर दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब और चिली में कंपनी के मॉडल्स काफी लोकप्रिय हैं। मारुति सुजुकी ने चार वर्षों में अपने निर्यात को तीन गुना बढ़ा लिया है, और अब कंपनी का लक्ष्य 2030-31 तक अपने निर्यात को 7.5 लाख यूनिट प्रति वर्ष तक बढ़ाने का है। कंपनी ने हाल ही में अपने कुछ नए मॉडल्स जैसे ग्रैंड विटारा और जिम्नी को भी निर्यात सूची में शामिल किया है। इसके अलावा, सुजुकी ने जापान में अपनी नई पेशकश, फ्रोंक्स क्रॉसओवर एसयूवी की शिपिंग शुरू कर दी है।

तकनीक टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया

टीकेएम ने भारतीय सडक़ों पर एक लाखवां अर्बन क्रूजर हाइराइडर होने का जश्न मनाया

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1 लाख गाडियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी-एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है। जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है- सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक [एसएचईवी], नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन। अर्बन क्रूजर हाइडर के केंद्र में इसका 1.5-लीटर का इंजन है जिसमें टीएचएस (टोयोटा हाइब्रिड सिस्टम) और ई-ड्राइव ट्रांसमिशन है, जो 85 केडब्ल्यू का संयुक्त पावर आउटपुट देता है। इस उपलब्धि पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सबरी मनोहर ने कहा अर्बन क्रूजर हाइराइडर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया भारतीय ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप अभिनव गतिशीलता समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं है, यह एसयूवी प्रौद्योगिकी में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देती है जो स्थिरता, प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देती है। हम अपने ग्राहकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीकेएम टी केयर के तहत सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है जो ग्राहकों की खुशी को समृद्ध करने और दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को दर्शाता है। हाल ही में, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाइक्रॉस की 1 लाख यूनिट की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न भी मनाया, जो भारतीय ग्राहकों द्वारा ब्रांड पर किये जाने वाले अपार भरोसे को दिखाता है। टीकेएम हाइराइडर की इस नई उपलब्धि का जश्न मना रहा है, वहीं कंपनी गतिशील भारतीय ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप अभिनव और विश्वसनीय उत्पादों के साथ भारत में स्थायी गतिशीलता को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रीराम फाइनेंस ने राहुल द्रविड़ के साथ प्रेरक कैंपेन एक साथ हम ऊंची उड़ान भरते हैं शुरू किया

ग्वालियर। श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ के साथ एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन एक साथ हम ऊंची उड़ान भरते हैं प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। आज, कई भारतीय तो क्या के सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढने के साधन के रूप में दर्शाना है। संदेश स्पष्ट है, 'टुगेदर, वी सोअर' अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं। कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दर्शाते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। अभियान के प्रभाव को और बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी एड फिल्म हर इंडियन के साथ जुड़ेंगे, उड़ेंगे के संस्करण में अपनी आवाज़ दी है।

ब्रीफ न्यूज

प्रभारी मंत्री श्री वर्मा आज राजस्व अधिकारियों की बैठक लेंगे

मुरैना। प्रदेश के राजस्व विभाग एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा 29 नवम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करेंगे।

कमिश्नर कलेक्टर कॉन्फ्रेंस आज, प्रभारी कलेक्टर ने किया रिव्यू

मुरैना। चंबल एवं ग्वालियर कमिश्नर मनोज खत्री कलेक्टर कॉन्फ्रेंस 29 नवंबर को प्रातः 10 बजे सेएनआईसी के माध्यम से ग्वालियर से जुड़ेंगे। जिसमें सभी जिलाधिकारी एनआईसी केन्द्र मुरैना मौजूद रहेंगे। कमिश्नर कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के निर्धारित बिंदुओं की समीक्षा प्रभारी कलेक्टर मुरैना विवेक कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में की गई। प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में जो बिंदु शामिल किये गये हैं उन बिंदुओं पर अधिकारी पूरी तैयारी के साथ आयें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

सीएमएचओ ने आयुष्मान स्वास्थ्य शिविरों का किया निरीक्षण

मुरैना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागचीनी एवं ग्राम पंचायत भवनपुरा में आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. राधा बल्लभ शर्मा मौजूद थे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागचीनी एवं ग्राम पंचायत भवनपुर आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान पोर्टल एवं आयुष्मान कार्ड हेतु बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की। कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

राठौर कॉलोनी विस्फोट कांड

खाली प्लॉट में आतिशबाजी दबे होने की सूचना पर पुलिस हुई आधा घंटे परेशान

बम डिस्पोजल टीम एवं स्नोफर डॉग से कराई जांच, निकली फे क न्यूज

सत्ता सुधार ■ मुरैना

गुरुवार की सुबह सिटी कोतवाली पुलिस एक खाली प्लॉट में आतिशबाजी दवे होने की सूचना पर बम डिस्पोजल टीम एवं स्नोफर डॉग को लेकर पहुंची और आधा घंटे की मशक्कत के बाद कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद पुलिस फे क न्यूज मानकर वहां से वापस चली आई। वहीं इस विस्फोट कांड में गिरफ्तार सभी 6 आरोपियों को गुरुवार की दोपहर न्यायालय में पेश किया गया और पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए 5 दिन का रिमांड मांगा गया, जिस पर से माननीय न्यायालय ने 4 दिन का रिमाण्ड स्वीकृत किया है।

सिटी कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राठौर कॉलोनी विस्फोट कांड में आरोपी आकाश राठौर के परिवार के खाली प्लॉट जिसमें पेड़ पौधे लगे थे, उसमें आतिशबाजी के दबे होने तथा पानी से बहाए जाने की खबर मिली थी। जिस पर बम डिस्पोजल जांच दल एवं पुलिस बल सभी जांच किट एवं स्नोफर डॉग को लेकर मौके पर पहुंचे तथा आधा घंटे तक पूरे प्लॉट की गहन सर्चिंग की गई और वीडियो ग्राफी कराई गई, परंतु आधा घंटे की मशक्कत के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद पूरी टीम वापस लौट आई है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार 25 नवंबर की रात राठौर कॉलोनी में मुंशी राठौर के एक बने मकान में जबरदस्त विस्फोट हुआ था, जिसमें पांच मकान ध्वस्त हो गए और चार महिलाओं की मौत हो गई, वहीं पांच लोग घायल हो गए थे। इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा बुधवार को मामला दर्ज करते हुए आठ लोगों को आरोपी बनाया गया और छः आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी आरोपियों को गुरुवार की दोपहर माननीय न्यायालय में पेश किया गया और 5 दिन का पुलिस रिमांड पूछताछ के लिए मांगा, जिस पर से माननीय न्यायालय ने 4 दिन का रिमाण्ड स्वीकृत किया है। इधर अभी इस मामले में आरोपी सद्दाम का पिता शौकीन उर्फ पप्पू खान तथा चाचा लाला उर्फ इकबाल फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि आकाश राठौर एवं सद्दाम सहित अन्य लोग सम्मिलित रूप से आतिशबाजी का काम करते थे।

रिठौरा कलां क्षेत्र में हुए झगड़े में चार लोग घायल, झगड़े में पोस्टमैन भी शामिल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

पुलिस थाना रिठौरा कलां क्षेत्र के पढ़ावली गांव में एक पक्ष ने एक राय होकर दूसरे पक्ष पर लाठी और डंडों से हमला कर दिया, जिससे दूसरे पक्ष के चार लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल मुरैना में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पढ़ावली निवासी सूरज शर्मा पुत्र मदनमोहन शर्मा उर्फ पिंकी ने बताया कि कुछ समय पहले मेरे चाचा सत्यनारायण शर्मा उर्फ सत्तो से गांव के ही मुकेश उर्फ मूला से विवाद हो गया था, जिसमें दो तीन लोगों के नाम अपराध दर्ज कराया गया था। उसी समय से आरोपी मूला व अन्य द्वारा सत्यनारायण परिवार के लोगों पर दबाव बनाने के लिए आरोपियों द्वारा मौका ताका जा रहा था। 24 नवंबर 2024 को टोड़े वाले हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन था। फरियादी सूरज शर्मा ने बताया कि मैं अपने घर से भूसा लेकर मुरैना के लिए निकल ही रहा था कि आरोपियों ने अपने रिश्तेदारों सहित पहले से प्लानिंग बनाकर घात लगाकर बैठे लोगों ने मुझे घेर कर मेरी लाठी डंडों से मारपीट करने लगे तो मेरा चाचा, पापा व बाबा आ गए, उन पर भी लाठियों से हमला कर दिया।

विवेकानंद जी को जानो प्रतियोगिता का किया आयोजन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा मुरैना द्वारा गत दिवस विवेकानंद जी को जानो जी.के. प्रतियोगीयता का आयोजन किया गया। जिसके समापन पर विजयी प्रतियोगी को ट्रॉफी और हम फाउंडेशन का लिखा हुआ वैग, जिसमें फिजिक्स कॉन्सेप्ट (संतोष शर्मा) सर की कोचिंग पर, समर्थ सिकरवार, मुस्कान राठौड़, पायल तौमर को प्रमाण पत्र, शील्ड और वैग दिया गया और सभी प्रतियोगी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

वहीं जेएस पब्लिक स्कूल में जूनियर और सीनियर केटेगरी के बच्चों को शील्ड, प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया और जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, उन्हें प्रमाण पत्र के द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा की ओर से जिला अध्यक्ष ललिता दीक्षित, अध्यक्ष राधा राजौरिया, उपाध्यक्ष दया शर्मा, सचिव प्रेरणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा भारद्वाज, महिला सहभागिता जया मित्तल, पूर्वी और जेएस पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती इंद्र गर्ग और विपुल गर्ग उपस्थित रहे। इस मौके पर हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना की जिलाध्यक्ष ललिता दीक्षित ने बताया कि हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा मुरैना द्वारा आगे भी इस तरह के आयोजन कराए जायेगें, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें महान विभूतियों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

ट्रैक्टर को लेकर रेत माफियाओं के बीच हुई फायरिंग में 12 वर्षीय बालक घायल, ग्वालियर रैफर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के महुआ थाना अंतर्गत साडू का पुरा गांव के पास गुरुवार की सुबह रेत माफियाओं के बीच अवैध हथियारों से हुई फायरिंग में एक 12 वर्षीय बालक गोली लगने से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत अभी चिंताजनक है। इस मामले में पुलिस ने देर शाम तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और शेष आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

महुआ थाना प्रभारी पवन सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम करसड़ा निवासी अटले नाई एवं अभिषेक तोमर दोनों ही रेत माफिया का काम करते हैं और चंबल नदी के घाट से अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हैं। इन दोनों के बीच एक ट्रैक्टर का विवाद है, जिसे हिसाब-किताब होने पर नई समाज के लोगों ने ले लिया था। कुछ समय बाद अभिषेक तोमर व उसके साथियों ने अटले नाई एवं उसके साथियों से ट्रैक्टर छीन लिया। इसके बाद दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बन गई। थाना प्रभारी के अनुसार अभिषेक तोमर अपने साथियों के साथ गुरुवार की सुबह 10 बजे महुआ थाने रिपोर्ट दर्ज करने आ रहा था, जब उनकी अर्टिगा गाड़ी साडू का पूरा गांव के पास पहुंची, तभी अटले नाई एवं उसके साथियों ने अवैध हथियार से फायरिंग कर डाली तथा दूसरी ओर से भी फायरिंग की गई स इस दौरान घर के पास सड़क पर खेल रहे 12 वर्षीय अमन सकवार पुत्र देवेंद्र सकवार को कट्टा की गोली पीठ में लगी, जिससे वह घायल हो गया। बच्च को घायल देखकर दोनों पक्ष वहां से भाग लिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल बच्चे को स्थानीय अस्पताल भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद बालक को ग्वालियर रैफर किया गया है, जहां उसकी हालत चिंता जनक है। इधर घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए छापामार कार्रवाई की गई है, जिसमें तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि अटले नाई एवं उसके साथी पूर्व में भी तीन बार पुलिस पर हमला कर चुके हैं, जिसके मामले थाने में दर्ज हैं।

नाई समाज एवं तोमर समुदाय के बीच हुई फायरिंग पूर्व में पुलिस पर तीन बार हमला कर चुके हैं नाई समाज के लोग

जीवात्मा भी जन्म जन्मान्तरों के कार्य बंधन में बंधी है : मेरुदेवा भारती

सत्ता सुधार ■ मुरैना

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक टाऊन हॉल मुरैना में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

गुरुदेव आशुतोष महाराज संस्थापक एवं संचालक डीजेजेएस की शिष्या भागवताचार्या महामनस्विनी सुश्री मेरुदेवा भारती ने गुरुवार को कथा के चतुर्थ दिवस में भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्म महोत्सव का प्रसंग समस्त भक्तजनों के समक्ष रखते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण जी का जन्म कारागार में हुआ तो श्री वासुदेव जी व माँ देवकी जी की बेड़ियाँ अपने आप खुल गयीं थी और तब ही वह उन्हें गोकुल छोड़ कर आ पाए थे। यह घटना हमारे समक्ष आध्यात्मिक रहस्य को उजागर कर रही है। यहाँ प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि आज प्रत्येक जीवात्मा भी जन्म जन्मान्तरों के कार्य बंधन में बंधी है। अच्छे व बुरे कर्मों की जंजीरों में बंधी हुई है और अनेकों ही दुखों को प्राप्त करती हैं। जब प्रभु का प्रगटीकरण होता है, तभी एक जीवात्मा अपने कर्मों के बंधनों से मुक्त हो पाती है। यूँ तो वह ईश्वर कण-कण में विराजमान है परन्तु जब हमें प्यास लगती है, तो हम नल से या कुएं से ही उसे प्राप्त कर अपनी प्यास शांत कर पाते है। ठीक इसी तरह यह मानव देह भी प्रभु की प्राप्ति का एक माध्यम है। परन्तु एक पूर्ण गुरु के द्वारा ही ईश्वर का प्रकटीकरण संभव हो पाता है। अर्थात गुरु ही ईश्वर का साक्षात्कार करा हमें वह युक्ति प्रदान करते हैं जिसके द्वारा हम ध्यान साधना में अपने कर्म संस्कारों को काट पाते हैं। इसलिए आज प्रत्येक जीवात्मा को भी ऐसे ही पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरु की आवश्यकता है जो उन्हें ब्रह्मज्ञान प्रदान कर ईश्वर का साक्षात्कार करा सकें। जिस ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर प्रत्येक जीवात्मा बंधन मुक्त हो सके, वास्तव में यही प्रभु श्रीकृष्ण जी के जन्म महोत्सव का रहस्य है।

डोमपुरा गांव से पांच भैंस खोल कर ले गए अज्ञात चोर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के डोमपुरा गांव में बीती रात अज्ञात चोर गैंग घर के बाहर बंधी एक दलित की पांच भैंस चोरी कर ले गए। सुबह जब पता चला तो ग्रामीण एकत्रित होकर सिविल लाइन थाना पहुंचे और चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार डोमपुरा निवासी अमर सिंह जाटव पुत्र सुघर सिंह जाटव के परिवारीजन रात्रि 11 बजे सर्दी के चलते घर के अंदर सो रहे थे और पांच भैंस घर के बाहर बधी थी। रात्रि 11 बजे से लेकर सुबह 4 के बीच अज्ञात चोर 2 लाख से अधिक कीमत की 5 भैंस खोलकर ले गए। सुबह जब अमर सिंह का परिवार नींद से जागा तो भैंस गायब मिली और घर में भगदड़ मच गई। काफी तलाशने पर जब भैंस नहीं मिली तो ग्रामीण एकत्रित होकर सिविल लाइन थाना पहुंचे और पूरी घटना बताई, जिस पर से पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

खुले बोर के गड्ढ़े में गिरा डॉगी, 24 घंटे से चल रहा है रेस्क्यू ऑपरेशन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस लाइन में निर्मित नवीन डबल स्टोरी क्वार्टर के पास पार्क के बगल से हो रहे बोरवेल के गड्ढे में बुधवार की शाम 5 बजे एक डॉगी गिर गया, जिसे बचाने के लिए नगर निगम की जेसीबी मशीन, एसडीआरएफ की टीम, पुलिस कर्मचारी एवं गौसेवक लगे हुए हैं। गुरुवार की शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। डॉगी अभी जिंदा है और आसपास के लोग ईश्वर से उसके सकुशल जिंदा निकालने की दुआएं कर रहे हैं। अभी तक आपने खुले बोर में बच्चों के गिर जाने के बाद रेस्कयू की कार्रवाही तो खूब सुनी और देखी होंगी, लेकिन एक डॉगी के बच्चे को बचाने के लिए 24 घंटे तक रेस्क्यू चलाया जा सकता है, इसकी कल्पना कोई नहीं कर सकता। मुरैना में यह असंभव बात संभव देखने को मिली, जब लोगों को पता चला तो सभी ने मिलकर उसे बचाने की जिद ठानी। पूर्व पार्षद अर्जुन तोमर एवं गौ सेवक रूद्र सिंह ने सूचना मिलने पर वहां पहुंचकर तत्काल नगर निगम अधिकारियों को जेसीबी मशीन भेजने को कहा और एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। इसके साथ ही पुलिस आरआई कनक सिंह, यातायात प्रभारी संतोष भदौरिया सहित तमाम पुलिस कर्मचारी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए।

बताया जाता है कि बुधवार की शाम 5 बजे करीब पुलिस लाइन की नई मल्टी में बने पार्क के बोरवेल के बगल से हो रहे गड्ढे में डॉगी चला गया था। जिसे बचाने के लिए नगर निगम की जेसीबी मशीन के कर्मचारी एसडीआरएफ की टीम सहित अन्य लोग लगे हुए हैं। 24 घंटे बाद भी सफलता नहीं मिली है, जबकि डॉगी आवाज अंदर से आ रही हैं। इधर लोगों द्वारा उसे जीवित रखने के लिए बोरवेल के अंदर बिस्किट डाले जा रहे हैं, जिससे वह अपना पेट भर सके। स्थानीय लोग ईश्वर से दुआ कर रहे हैं कि बोरवेल में फंसा डॉगी सकुशल सुरक्षित निकल आए। बताया जाता है कि बुधवार की शाम 5 बजे से आरंभ हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन रात्रि 2 बजे बंद हुआ और सुबह 6 बजे से फिर आरंभ हो गया। जेसीबी मशीन से जब सफलता नहीं मिली तो गुरुवार की दोपहर एक बजे बड़ी मशीन एलएनटी बुलाई गई और उससे खुदाई शुरू कराई। अभी रेस्कयू ऑपरेशन चालू है, लोगों को मानना है की डॉगी के बच्चे को जिन्दा बचा लिया जायेगा।

रैली में बाल विवाह पीड़िताओं, सरकारी अफसरों, पंचायत प्रतिनिधियों व शिक्षकों ने ली बाल विवाह के खिलाफ शपथ

बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान पर धरती संस्थ्था ने निकाला जागरूकता मार्च

सत्ता सुधार ■ मुरैना

भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में गैर सरकारी संगठन धरती संस्थ्था ने विजयपुर श्योपुर में बाल विवाह के खिलाफ लगभग 16 स्थानों पर जागरूकता व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए। इस दौरान मशाल जुलूस और कैंडल मार्च में बाल विवाह पीड़िताओं, महिलाओं, बच्चों व पुरुषों सहित 1800 लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस दौरान पुरोहितों, मौलवियों, हलवाइयों, रसोइयों, सजावट, बैंड बाजा वालों व शादी का कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों जैसे विवाह से जुड़े सभी हितधारकों ने शपथ ली कि वे बाल विवाह संपन्न कराने में किसी भी तरह से भागीदारी नहीं करेंगे और इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे।

धरती संस्थ्था 250 से भी अधिक अग्रणी गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) का सहयोगी है, जो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। धरती संस्था केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा शुरू किए गए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का पुरजोर समर्थन करते हुए गैर सरकारी संगठन धरती संस्थ्था के निर्देशक देवेन्द्र भदौरिया ने कहा कि यह अभियान हमारे विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। देश की बच्चियों को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाए बिना हम इस सपने को पूरा नहीं कर सकते और बाल विवाह इसमें सबसे बड़ी बाधा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन होने के नाते हम पहले से ही इस रणनीति पर काम करते आ रहे हैं। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमने इस जिले में जो अभियान शुरू किया था, वह अब राष्ट्रव्यापी अभियान बन गया है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का समर्थन करते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, हमने जब यह अभियान शुरू किया था तो यह समस्या को उसकी जड़ से मिटाने के लिए बाल विवाह की ऊंची दर वाले राज्यों पर केंद्रित एक लक्षित प्रयास था। आज देश सदियों से देश में जड़ें जमाए बैठी इस कुप्रथा के खात्मे के लिए एकजुट है। बाल विवाह के खिलाफ यह सामूहिक लामबंदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में हुई जिसकी शुरुआत 27 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की थी।

ब्रीफ न्यूज

जगतगुरु श्रीजी महाराज और श्रीहित ललित नगार्च जिला जेल में करेंगे भागवत चर्चा

खंडवा। श्रीमदभागवत ज्ञान गंगा यज्ञ महापर्व मयूर विहार भागवत कथा के साथ सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में भी कार्य करती रही है. विगत 18 वर्षों में समिति ने गरीबों को कम्बल वितरण, गरीब कन्या का विवाह, जरुरतमंद लोगों की मदद, गौ माता के लिए प्याऊ और कॉलोनियों में पौधा रोपण, सुदूर ग्रामीण अंचल में भोजन पैकेट और कम्बल, अंध विद्यालय के बच्चों को कम्बल वितरण सहित जेल में कैदियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयोजक सतनामसिंह होरा ने बताया इस वर्ष भी जिला जेल में दो दिन कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भागवत चर्चा रखी गई है. जिसमें जगतगुरु श्यामदेवजी श्रीजी महाराज और श्रीहित ललित नगार्च कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भागवत चर्चा करेंगे। विगत पांच बार से लगातार यहां भागवत चर्चा का आयोजन कर रहे है. इसके लिए जेलर ललित दीक्षित से मुलाक़ात की गई। उन्हें 1 जनवरी से 9 जनवरी के बीच दो दिन जेल में भागवत चर्चा कराने का निवेदन किया गया है. भागवत कथा करवाने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को धर्म की राह से जोड़ना, समाज में जागरण लाना और नशे की लत में डूबे हुए लोगों को धर्म से जोड़ने के लिए काम कर रहे है. जिसमें सफलता भी निरंतर प्राप्त हो रही है। मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया संतो की वाणी का असर कई कैदियों के जीवन पर पड़ा है जो अपराध छोड़कर मुख्य धारा से जुड़े है. यही कारण है की हर वर्ष जिला जेल में सेवा का यह प्रकल्प करने का हमेशा प्रयास रहता है।

माधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को

हरदा। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 दिसम्बर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों में से आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस जैसे विषयों की समीक्षा भी करेंगे। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में इस बार गृह विभाग के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट न लिखना, एफ.आई.आर. विलम्ब से लिखना तथा एफआईआर सही धाराओं में न लिखने संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा समाधान ऑनलाइन में श्रम विभाग की मध्यप्रदेश असंगठित शहरी ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना, राजस्व विभाग के नामातंरण एवं बंटवारे संबंधी मामले, ऊर्जा विभाग के बिजली न आने व वोल्टेज से संबंधित मामले, बिल में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गांवों में साफ-सफाई न होने, शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, नहरों के माध्यम से सिंचाई, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

नहर के ओवर फ्लो होने से फसल बर्बाद

सफाई और मरम्मत में वरती जा रही उदासीनता

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में नहर की साफ-सफाई और मरम्मत में उदासीनता बरती जा रही है, जिसका खामीयाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। 24 व 25 नवंबर को नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़ दिया गया। जिसके कारण उड़ा के राजेंद्र कुमार पिता मनोहर लाल पाठक समेत अन्य किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। साफ-सफाई और मरम्मत की गई होती तो निश्चित रूप से फसल को क्षति नहीं पहुंचती। विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। फलस्वरूप नहर की स्थिति जर्जर है। नहर के क्षतिग्रस्त होने से बड़े हादसे की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। नहर की वर्तमान स्थिति को देखते हुए गंभीरता से जर्जर नहर की मरम्मत और साफ सफाई के कार्य को गंभीरता से लेकर करवाया जाये जिससे आसन्न दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

लंबे समय से नहीं की गई सफाई: नहर की लंबे समय से सफाई नहीं की गई है। गाजर घास सहित अन्य कटीली झाड़ियां, कचरा आदि जगह-जगह इकट्ठा है। जो पानी की निकासी में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। नहर के ओवर फ्लो होने का यह एक प्रमुख कारण भी है। नहर विभाग के अधिकारी आते-जाते देखते-सुनते हैं फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे स्थानीय किसान परेशान है। फसल के नष्ट होने पर काफी आर्थिक नुकसान होता है। मुआवजा क्षतिपूर्ति बीमा आदि का लाभ देने में पारदर्शिता नहीं बरती जाती है। जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है ।

जनसुनवाई में की शिकायतः

नहर के ओवर फ्लो से बर्बाद हुई फसल के संबंध में उड़ा निवासी राजेंद्र कुमार पाठक ने जिला कलेक्टर से जन सुनवाई में मंगलवार को शिकायत कर मरम्मत कार्य पारदर्शिता से करवाने के संबंध में आदेश जारी करने की मांग की है। श्री पाठक ने बताया कि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं करवाया गया तो टिकट भविष्य में अप्रिय घटनाओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकेगा । ओवर फ्लो से कम फसल बर्बाद हुई है। नहर क्षतिग्रस्त हुई तो काफी नुकसान हो सकता है। नहर की जर्जर स्थिति को देखकर नहर के क्षतिग्रस्त होने की आशंका से किसान ग्रस्त है और कारगर कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

मुआवजा दिलाने की मांग

पीड़ित किसानों ने जिला कलेक्टर का ध्यान इस और आकृष्ट करते हुए फसल को हुई क्षति सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की पहल की जाये और ऐसी घटना दोबारा ना हो इसके लिए नहर की साफ सफाई और मरम्मत कार्य में पारदर्शिता बरती जाए। पूर्व की तरह खाना पूर्ति न की जाये पहले जहां-जहां सफाई करवाई गई थी और मरम्मत कार्य करवाया गया था वहां जाकर देखा जाये तो किस तरह से कार्य करवाया गया है। इसका पता चल सकता है। जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।

डायल-100 के जवानों ने बालिका को परिवार से मिलवाया

सत्ता सुधार ■ हरदा

थाना सिविल लाइन क्षेत्र में घर की राह भटकी 02 वर्षीय मासूम बालिका को डायल-100 एफ आर व्ही ने परिजन से मिलाया। हरदा के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अन्नापुरा में 02 साल की बालिका मिली है, जो अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रही है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 26-11-2024 को शाम 06-13 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ प्रधान आरक्षक नवीन चौधरी, महिला आरक्षक रवीना ऊईके तथा पायलेट देवेंद्र बिल्लोरे ने मौके पर पहुँचकर बालिका को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के क्षेत्र में परिजन की तलाश शुरू की। टंकी मोहल्ले में परिजन की जानकारी मिलने पर सत्यापन उपरांत बालिका को परिजन के सुपुर्द किया गया। बालिका को सकुशल मिलाने के लिए परिजन द्वारा डायल-112/100 जवानों का आभार व्यक्त किया गया।

बुधनी में फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 की जानकारी

सीहोर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। पुनरीक्षण के तहत जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के लिए एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 27 नवंबर 2024 को किया गया है।

इसके लिए दावे आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 27 नवंबर 2024 से 12 दिसंबर 2024 तक है। विशेष कैंप की 30 नवंबर 2024 से 08 दिसंबर 2024 तक है। दावे और आपत्तियों का निराकरण 24 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। नामावली का हेल्थ पैरामीटर को जांचना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना तथा डाटाबेस को अपडेट करना और परिशिष्टों को मुद्रित करने का कार्य 01 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की गई हैं। ऑनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप और https://voters.eci.gov.in/ के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका या जानकारी के लिये निर्वाचन हेल्पलाईन के टोल फ्री नं.- 1950 में कार्यालयीन समय पर कॉल करके समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

गति अवरोधक बनाये जाने की मांग

सत्ता सुधार ■ हरदा

टिमरनी नगर के भाजपा नेता पार्षद सुनील दुबे ने सोडलपुर-हरदा मार्ग में हो रहे मरम्मत कार्य में गतिअवरोधक बनाये जाने के संबंध में जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार बडोले को आवेदन सौंपा। जिसमें कहा गया कि पूर्व में 3 जुलाई बुधवार को सोडलपुर-हरदा मार्ग की खराब स्थिति एवं गड्ढे एवं रोड मरम्मत के संबंध में कलेक्टर हरदा को ई-मेल के माध्यम से अवगत कराते हुए मार्ग के निर्माण की मांग की गई थी। जो वर्तमान में उक्त मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। उक्त मार्ग पर पर तीन विद्यालय एवं एक महाविद्यालय सहित अन्य पाँच विभाग संचालित हो रहे हैं। जिसमें विद्यार्थियों का आवागमन रहता है। जिनकी सुरक्षा हेतु उक्त मार्ग पर गति अवरोधक बनाना अति आवश्यक है।

प्रमुख सचिव ने किया डीडीआरसी एवं एनआईएमएचआर का निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ सीहोर

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र तथा संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती वायंगणकर ने संस्थानों द्वारा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव श्री वायंगणकर ने प्रत्येक अनुभाग, दिव्यांगजनों का पंजीयन रजिस्टर, डेली विजिट रजिस्टर, रेल्वे कन्सेशन, सर्टीफिकेट रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने एडिप योजनान्तर्गत शिविर आयोजित कर दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धजनों एवं नशा मुक्ति केंद्र में रहने वाले व्यक्तियों से उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर के उपसंचालक श्री महेश कुमार यादव, श्री राहुल सिंह सहित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बदनाम करने की कोशिश, कैंट थाने में मामला दर्ज

गुना। स्थानीय थाना कैंट में एक महिला द्वारा अपने नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि अनजान व्यक्ति ने उसकी वास्तविक आईडी की नकल कर फर्जी आईडी बनाई और उसमें गलत मंशा से उसका निजी मोबाइल नंबर भी साझा किया। स्थानीय गांधी वकेशनल कॉलेज के पास पाटी कॉलोनी निवासी पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले उसने इंस्टाग्राम पर अपनी हूबहू नकल की गई फर्जी आईडी देखी थी। उस समय उसने इसे नजरअंदाज कर दिया। हालांकि, हाल ही में उसने देखा कि उस फर्जी आईडी का उपयोगकर्ता नाम भी उसकी वर्तमान आईडी से मिलाया गया है।

महिला ने बताया कि इस घटना से उसे यह आशंका हुई कि कोई व्यक्ति उसे बदनाम करने की साजिश रच रहा है और आगे वह कोई अन्य गलत हरकत कर सकता है। पीड़िता ने इस फर्जी आईडी के स्क्रीनशॉट के साथ अपनी शिकायत प्रस्तुत की और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। थाना कैंट पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। साइबर सेल से प्राप्त साक्ष्यों, जिनमें चैट्स और स्क्रीनशॉट शामिल हैं, के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 292 और आईटी एक्ट की धारा 67 एवं 67ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कुंभ को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लिया संकल्प

सत्ता सुधार ■ हरदा

प्रयागराज उत्तर प्रदेश में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक होने वाले महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु डॉ.कृष्ण कुमार सातनकर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे एक थाली एक थैला अभियान के अंतर्गत स्थानीय शासकीय आदर्श महाविद्यालय के स्टॉफ द्वारा 85 थालियां और राष्ट्रीय स्वयं संघ पदाधिकारी अक्षय उपरीत, अजय सिंह तोमर को प्रदान की गई। पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त तथा प्रदूषण से बचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य प्रो. विजय अग्रवाल, डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान, प्रो.अंतिमा कनेरिया,प्रो. सरला माथनकर, प्रो.पूजा आर्य,डॉ. टीआर पटेल डॉ.अंजली जिझौतिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

शिवाजी पार्क और बेगम पार्क के बाहर अतिक्रमण हटाया गया

सत्ता सुधार ■ खंडवा

नगर निगम द्वारा शिवाजी पार्क और बेगम पार्क के बाहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। शिवाजी पार्क के बाहर लगभग 10 गुमटियां और टीन शेड्स लगाए गए थे, जिससे पार्क की सुंदरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। इसके अलावा, बेगम पार्क के बाहर भैंसों को बांधा गया था, जिससे आम जनता को असुविधा हो रही थी। अभियान के तहत दोनों पार्कों से अतिक्रमण हटाकर क्षेत्र को साफ-सुथरा किया गया। इससे लोगों को पार्किंग के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध हो सकेगी। कार्रवाई में प्रभारी बाजार अधिकारी प्रकाश राजपूत के साथ अतिक्रमण दस्ते के सदस्य भी मौजूद थे।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

रविवार से खेली जाएगी बीएसआई मैदान पर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा

सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी शहर की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से स्व. श्री मथुरा प्रसाद केसरिया की स्मृति में टी-20 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें चार टीमों को शामिल किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीनियर खिलाड़ी हेमंत केसरिया ने बताया कि प्रतिवर्ष अपने पिताश्री की स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आगामी रविवार को शहर के बीएसआई मैदान पर होने वाली इस प्रतियोगिता में शहर की चार टीमों को शामिल किया गया है। रविवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह साढ़े नौ बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर, रिकी फैंडस क्लब, पीपीसीए और यंग स्टार शामिल है।

पंचायतकर्मियों की लापरवाही से बने हंसी के पात्र

सत्ता सुधार ■ रहटगांव

सामाजिक एकता व अनुशासन का दिया परिचय जगह-जगह स्वागत हुआ । नगर में बुधवार को बाल स्वयंसेवक ने पथ संचलन कर कदमताल किया संघ की गणवेश पहनकर अनुशासन का पालन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से कदमताल का एकता का परिचय दिया। नागरिकों ने स्वयंसेवकों का खूब स्वागत किया। गणेशधारी बाल स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदमताल मिलाते हुए चलें पथ संचलन में उनके बालकों के साथ साथ नगर के आमजन भी देखने के लिए मौजूद रहे। संचालन के पहले देशभक्ति राष्ट्र प्रेम से परिपूर्ण बौद्धिक हुआ। प्रार्थना के बाद संचालन आरंभ हुआ जो रहटगांव नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से होते हुए निकाला। संचालन से पहले अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा की संघ की शाखों में अच्छे संस्कार की शिक्षा दी जाती है अनुशासन का महत्व बताया जाता है ।

सफाई और गंदगी पर पंचायत का ध्यान नहीं

जब बाल स्वयंसेवकों का संचालन निकल रहा था वहां पर रहटगांव ग्राम पंचायत द्वारा जगह-जगह पर पानी बह रहा था। ग्राम पंचायत को पहले से ही अवगत करा चुके थे मगर फिर भी पंचायत द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई । नगर में साफ सफाई और गंदगी लंबे समय से दिख रही है पंचायत इस और ध्यान भी नहीं दे रही है।

जज्जी बस स्टैंड के पास जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, चार गिरफ्तार

गुना। थाना कोतवाली पुलिस ने नजूल कॉलोनी के पास भूसा की ताल में जुए के फड़ पर छापेमारी कर चार व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। आरोपियों के पास से 3100 रुपये नकद और 52 पत्तों की ताश की गड्डी बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर ने जानकारी दी थी कि भूसा की ताल के पास नजूल कॉलोनी में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम क्रमशः लोकेश पुत्र मोहन सिंह सिंधी (45) निवासी सकतपुर रोड गुना, मनोज पुत्र दिनेशचंद्र जैन (44) निवासी भगवती कॉलोनी गुना, सुनील पुत्र ज्ञानचंद्र जैन (53) निवासी पुरानी छावनी गुना, और अफसर पुत्र मंजीत खान (35) निवासी बूढ़ बालाजी गुना बताए।

बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा प्रतियोगियों ने लिया भाग

चेतन तोरवारे ने जीता मिस्टर निमाड़ श्री का खिताब

सत्ता सुधार ■ खंडवा

श्री पहलवान बॉडी केयर के तत्वाधान एवं जिला बॉडी बिल्डिंग संघ एवं बालाजी ग्रुप के मार्गदर्शन में फिट इंडिया नशा मुक्ति के उद्देश्य से मिस्टर निमाड़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा बॉडी बिल्डर ने भाग लिया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता नशा मुक्ति एवं फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को संदेश देने के उद्देश्य कराई गई।

इस प्रतियोगिता में खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी और खरगोन से 100 युवाओं ने भाग लिया। आयोजक प्रथमेश यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता वजन वर्गों में आयोजित की गई थी। मिस्टर निमाड़ श्री खिताब बुरहानपुर के चेतन तोरवारे ने जीता एवं सनावद के मोंटी ने बेस्ट पोजर तथा बेस्ट मस्कुलर जावर के गणेश पटलारे ने जीता। जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के सचिव चेतन गोहर व उपाध्यक्ष डैनी यादव ने बताया कि 0-50 किलो वजन वर्ग में प्रथम मनीष पीपलदे, द्वितीय देवेंद्र चौधरी, तृतीय सागर ढली, 55 किलो वजन वर्ग गणेश पटलारे, द्वितीय कृष्णा माधव, तृतीय सोनू सवाले, 60 किलो वजन वर्ग प्रथम चेतन तोरवारे, द्वितीय शेख शाकिर, तृतीय अरमान शाह, 65 किलो प्रथम मयंक आसवानी, द्वितीय कमलेश सपकाले, तृतीय हरीश, 70 किलो वजन वर्ग प्रथम फरीद शेख, द्वितीय आशु सोनी, तृतीया आयुष वर्मा, 70 किलो वजन वर्ग ओपन -प्रथम मोंटी, द्वितीय इरफहान, तृतीय कार्तिक भावसार रहे। इस अवसर पर जिला बॉडी बिल्डिंग संगठन के अध्यक्ष रितेश गोयल, मध्य प्रदेश कुश्ती संगठन के उपाध्यक्ष मंगल यादव, पार्षद राजेश यादव, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, समाजसेवी सुनील जैन, पार्षद श्री ओझा, आनंद शुक्ला, राजू बड़वाहे उपस्थित थे। इस अवसर पर धार्मिक यात्रा छह बार अमरनाथ यात्रा मोटरसाइकिल से एवं एक बार पैदल यात्रा वैष्णो देवी करने वाले देवेंद्र यादव का स्वागत सत्कार भी किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राजकुमार सराफ, नेशनल खिलाड़ी बबलू पाल खरगोन सचिव बॉडी बिल्डिंग संघ मनीष गुप्ता बड़वानी, सचिव बॉडी बिल्डिंग संघ तथा अब्दुल रहमान बुरहानपुर, बॉडी बिल्डिंग संघ उपस्थित हुए। स्टेट मार्शल की भूमिका आनंद शुक्ला, प्रथमेश यादव, शहनवाज हुसैन के द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन चेतन गोहर ने किया। आभार डैनी यादव ने माना।

सोयाबीन लिमिट हुई 25 से बढ़कर 40 क्विंटल

सत्ता सुधार ■ हरदा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन उपार्जन हेतु जिले में 21 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए है। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि उपार्जन के लिए 4388 कृषकों द्वारा स्लॉट बुक कराया गया था जिसमें से अब तक 1840 कृषकों से 5444.59 मैट्रिक टन सोयाबीन, उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए किसानों को भुगतान अब शुरू हो गया है। अब तक जिले के 258 कृषकों को कुल 3.16 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उप संचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि शासन द्वारा प्रतिदिन प्रति किसान 25 क्विंटल के स्थान पर 40 क्विंटल सोयाबीन उपार्जन करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। कृषक भाइयों से अनुरोध है कि समयावधि में उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर, सोयाबीन उपज विक्रय करे।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों के दौरान फिजिकल वैलेट सिस्टम शुरू करने की मांग को किया खारिज

फि रोजाबाद : आज सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चुनावों में पेपर वैलेट सिस्टम को फिर से लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता डॉ. के.ए. पाल के ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को खारिज कर दिया, जिसमें उन नेताओं की असंगतता को उजागर किया गया, जो ईवीएम की विश्वसनीयता पर तभी सवाल उठाते हैं, जब वे चुनाव हार जाते हैं। याचिका को खारिज करते हुए पीठ ने टिप्पणी की अगर आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती है। जब आप चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है। इस प्रकार अतंतोगत्वा न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने याचिकाकर्ता डॉ. के.ए. पाल की दलीलों को खारिज करते हुए जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

दिल्ली के प्रशांत विहार में फिर धमाका

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में धमाके की खबर है। दिल्ली पुलिस को सुबह करीब 11.48 बजे धमाके के संबंध में कॉल आई, जिसके बाद तुरंत मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को भेजा गया। वहीं, अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया गया। दमकल की गाड़ियां भी मौके पर भेजी गई हैं। जैसे ही धमाका हुआ, बिना देरी करते हुए इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को दिया है। उन्हें बताया गया कि प्रशांत विहार में बंसी स्वीट्स के पास धमाका हुआ है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. मामले की जांच चल रही है। अभी यह नहीं पता चला है कि यह धमाका किसमें हुआ है और धमाका किस प्रकार का था। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक जैसा धमाका सीआरपीएफ स्कूल की दीवार पर हुआ था, वैसा ही धमाका है लेकिन, ये लो इन्टेन्सिटी का धमाका था। एक शख्स मामूली रूप से घायल हुआ है। इससे जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। धमाका दिन के व्यस्ततम समय में हुआ है। आसपास गाड़ियां गुजर रही हैं। वीडियो में लोगों की भीड़ देखी जा रही है, जबकि पुलिस उन्हें इलाके से हटाने में जुटी हुई है। 40 दिन के भीतर धमाके की यह दूसरी घटना है। इससे पहले अक्टूबर में उत्तर-पश्चिम दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में ही सीआरपीएफ स्कूल के करीब धमाका हुआ था, जिसकी जांच की जिम्मेदारी बाद में एनआईए ने ले ली थी। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था लेकिन मामले की अब तक जांच हो रहा है।

नगर निगम ने केटीएल पर ठोंका जुमार्ना

आगरा : नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सुल्तानगंज पुलिया से मुगलरोड पर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाये गये। क मला नगर में मुगल रोड पर सड़क से कार उठवाकर ले जाती नगर निगम की टीम। केटीएल कार कंपनी द्वारा सर्विस को आई कारें फुटपाथ पर खड़ी कराने पर उससे 25 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला। कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मच गई। प्रवर्तन प्रभारी कर्नल राहुल ने केटीएल कंपनी के संचालक को चेतावनी दी कि यदि पुन: सार्वजनिक स्थल पर वाहनों को खड़ा कराया गया, तो उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। मुगल रोड पर ही नरेश राठौर द्वारा कबाड़ के ठेल धकेल सड़क पर खड़े कर अतिक्रमण किया जा रहा था। इससे पांच हजार और कबाड़ के आटो सड़क किनारे रखने पर तीन हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा श्रीराम चौक कमलानगर में अस्थाई अतिक्रमण करने पर विशाल नाम के व्यक्ति से 11 सौ रुपये शमन शुल्क वसूला। पॉलीथिन मिलने पर बेकरी पर जुमार्ना मुगलरोड पर संचालित संजय बेकरी पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग किये जाने पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाकर पॉलीथिन और गिलासों को जब्त कर लिया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में ठेल धकेले भी हटवाई गयीं। सड़क पर बना ली थी कोचिंग वाले ने पार्किंग कमलानगर सी ब्लॉक स्थित श्रीराम चौक के पास हो राजवानी क्लासेज चलाने वाले ने फुटपाथ पर ही पार्किंग बना रखी थी। पढ़ने के लिए आने वाले स्टूडेंट के वाहनों से सड़क पर जाम को स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस पर नगर निगम प्रवर्तन दल ने सड़क पर अतिक्रमण करने पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए सड़क से वाहनों को हटाये जाने की चेतावनी दी। सीएंडडी वेस्ट भरकर नगर निगम लाये सी ब्लॉक कमला नगर में श्रीराम चौक के पास सड़क पर भवन निर्माण के लिए डस्ट को सड़क पर डाल रखा था। काफी देर तक इंतजार के बाद भी जब भवन स्वामी मौके पर नहीं आया तो तो प्रवर्तन दल की टीम ने जेसीबी से डस्ट को वाहन में भरवा कर नगर निगम भेज दिया।

मिशन शक्ति अभियान: झा क्लासेज में बालक बालिकाओं को किया जागरूक

फिरोजाबाद : थाना दक्षिण की एंटी रोमियो टीम द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के दिशा निर्देश में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 व नशा मुक्ति अभियान फेस 5 के तहत थाना दक्षिण की एंट्री रोमियो टीम द्वारा स्टेशन रोड पर झा क्लासेस में जाकर बालक एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, नारी सम्मान के तहत सरकारी योजनाओं के बारे में तथा विभिन्न आकस्मिक सेवा हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 एंबुलेंस सेवा 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 स्वास्थ्य सेवा 102 आपातकालीन सेवा 112 के साथ-साथ बाल विवाह की रोकथाम एवं गुड टच व बेड ट्च आदि के साथ-साथ लैंगिक समानता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए एवं उनकी समस्या सुनी गई। उक्त अभियान में उप निरीक्षक ओम सिंह, हेड कांस्टेबल शिव कुमार गौतम, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल रेनू, महिला कांस्टेबल डिंपल आदि टीम शामिल रही।

प्रदेश में बंद पड़े अथवा घाटे

फिरोजाबाद : प्रदेश में बंद पड़े अथवा घाटे चल रहे छविगृहों को पूर्ण रूप से तोड़कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमा हॉल सहित व्यावसायिक कॉम्पलेक्स के निर्माण, पुराने बन्द पड़े एवं संचालित सिनेमाघरो के भवन की आंतरिक सरचना में परिवर्तन (रिमॉडल) कर पुन: संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बन्द पड़े एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आन्तरिक संरचना में परिवर्तन किए यथास्थिति में पुन: संचालित करने वाले सिनेमाघरों, व्यावसायिक गतिविधियों सहित / रहित, न्यूनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित / संचालित नहीं है, वहाँ मल्टीप्लेक्स खुलवाने, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित / संचालित है, उन जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर / मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना जारी की गयी है।

बुलंदशहर में दो अलग अलग थाना क्षेत्रो में बुलंदशहर पुलिस की ईनामी बदमाशो से हुई मुठभेड़

सत्ता सुधार संवादाता बुलंदशहर

जहां दो अलग-अलग ठाना क्षेत्रों में बुलंदशहर पुलिस के इनामी बदमाशों से मुठभेड़ हुई देखिए रिपोर्ट बलं शहर में कोतवाली नगर पुलिस की 25000 के इनामी बदमाश अजय उर्फ अज्जू से हुई मुठभेड देहात थाना पुलिस की 15000 के इनामी बदमाश गौ कक्ष शाहनवाज से हुई मुठभेड़ नामी बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की जवाबी

फायरिंग में नामी बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए वहीं देहात थाना पुलिस की हजरत पुल बंबे के पास चेकिंग के दौरान इनामी बदमाश शाहनवाज से मुड़ भेट हुई है कोतवाली नगर पुलिस की बलीपुर नहर के पास मुठभेड़ हुई बता दें इनामी बदमाश अजय उर्फ अज्जू का एक साथ थी मौके से फरार हो गया वहीं बदमाश की तलाश में जुटी है पुलिस नामी में बदमाशों ने तमंचे कारतूस व एक मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है आज रात कोतवाली नगर द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी लल्ला बाबू चौराहे के पास एक मोटरसाइकिल बहुत तेजी से आती हुई दिखी गई पुलिस का बैरियर देख के उन्होंने

अपनी मोटरसाइकिल उल्टी दिशा में घुमा ली सारी चौकियों का अलर्ट किया गया तो बलीपुर नहर के पास कोतवाली नगर की टीम और एसओजी ने उनको रोकने का प्रयास किया उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाही ने पुलिस की गोली लगने से मोटरसाइकिल जो व्यक्ति चला रहा था उसके पैर में गोली लगी और दूसरे व्यक्ति फरार हो गया जब उस व्यक्ति से पूछताछ हुई तो उसने अपना नाम अजय उर्फ अज्जू बताया यह व्यक्ति एक रिटायर्ड फौजी की हत्या के केस में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है अपनी पेशी के दौरान यह कचहरी से भाग गया था इस व्यक्ति पर ₹2500000 [संगीत] बनाया गया फिरोजाबाद में 27 नवंबर को छात्राओं व महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि और जागरूकता लाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 0.5 के तहत जिला फिरोजाबाद में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासी विद्यालय कक्षा आठ की छात्रा निहारिका यादव को जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे के दर्शन निर्देशन में एक दिन के लिए बनाया गया डीसी निहारिका यादव ने डीसी पद को जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए वि विद्यालय व सभी अभिलेखों सहित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया मेरा नाम नका यादव है मैं कस्त गांधी अवा वालका विद्यालय नगर सिविल लाइन प्र की छात्रा हूं क्लास एथ की मुझे आज डीसी बनने का एक सौभाग्य हुआ और मैंने यहां खाने की व्यवस्था देखी और रक्ष किया रेस्टर वगैरह सारे सही थे और और आज मैंने देखा कि बीस बीस बीएस सर को और डीसी सर और मैम को धन्यवाद कहना चाहती कि ये सारे अधिकारी सभी सभी अधिकारी कार्य करते व बड़ी अच्छी तरह से करते हैं और मुझे पता चला कितनी कितनी मेहनत से करते मैड क्या कार्यक्रम किया गया आपके विद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति 0.5 के तहत कस्तूर गांधी आवासी बालिका विद्यालय में डीएम सर एवं बीएसए सर के निर्देश अनुसार कक्षा छ कक्षा आठ की छात्रा निहारिका यादव को एक दिन का डीसी बनाया गया डीसी बनने के उपरांत छात्रों द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया उसने अभिलेखों का अभिलेख किया विद्यालय की व्यवस्था देखी भोजन देखा उसके छात्रा के डीसी बनने के उपरांत स और छात्र उसके अंदर गौर वांत एवं अपने आप के अंदर आत्मविश्वास की वृद्धि हुई

एसएन के डाक्टरों ने जटिल सर्जरी कर गुर्दे से निकाली चार सौ ग्राम की पथरी

आगरा : सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में एक 60 वर्षीय मरीज के गुर्दे की जटिल शल्य चिकित्सा गई। इस मरीज के गुर्दे से चार सौ ग्राम वजनी पथरी निकाली गई। मरीज पिछले 2 सालों से गुर्दे की बीमारी से ग्रसित था । विभिन्न परीक्षणों के बाद पाया गया कि मरीज के बायें गुर्दे में स्टेगहॉर्न केल्कुलस था, जो एक प्रकार का किड्नी स्टोन है, जो बार-बार मूत्र मार्ग में संक्रमण (यूटीआई) के कारण बन सकता है। शल्य चिकित्सा विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.ऋचा जैमन, डॉ.पुनीत श्रीवास्तव एवं डॉ. भावना वर्मा द्वारा यह जटिल सर्जरी की गई। लगभग दो घंटे चली सर्जरी के पश्चात 8 बाई 8 एवं 40ॅ की पथरी को सम्पूर्णत्या सफलतापूर्वक निकाला गया। डॉ. ऋचा जैमन ने बताया कि यह एक जटिल प्रकार की बीमारी है। मरीज अस्पताल में गंभीर अवस्था में आया था। उचित समय पर सही निदान न होने से यह बीमारी जानलेवा हो सकती है। मरीज के मुताबिक 40 साल पहले भी उसका एक गुर्दे का ऑपरेशन हो चुका है। संक्रमण व पुनरावृत्ति को रोकने के लिये ऑपरेशन आवश्यक होता है। डॉ ऋचा जैमन के अनुसार आमतौर पर यह सर्जरी पीसीएनएल प्रक्रिया से की जाती है, परंतु पथरी का आकार काफी बडा होने के कारण उन्हें ओपन सर्जरी का सहारा लेना पडा, जो एक चुनौतीपूर्ण जटिल सर्जरी थी। चिकित्सा दल में डॉ. प्रियंका ,डॉ. ललित व डॉ.मनू भी शामिल रहें।

निधिवन का असली रहस्य कैमरे में क्या कैद हुआ वैज्ञानिक भी नहीं जान पाए असली सच्चाई

सत्ता सुधार संवादाता फिरोजाबाद

चाहे जगन्नाथ चाहे तिरुपति बालाजी मंदिर लेकिन आज हम ऐसे रहस्य के बारे में जानकारी देने वाले हैं जिसे देखने के बाद आप उस पर यकीन नहीं करेंगे भले ही वह आस्ता का केंद्र हो फिर भी उस स्थान पर जाने की तो छोड़ो उसकी ओर देख भी नहीं सकते अगर गलती से कोई देख ले यह क्या तो वह अंधा हो जाता है मानसिक रूप से पागल हो जाता है वह जगह और नहीं वृंदावन का निधिवन है कहा जाता है श्री कृष्ण ने अपने बचपन के भी दिन बिताए थे तो निधिवन ऐसा रहस्य में बगीचा है जहां पर

तुलसी के सैकड़ों वृक्ष लगे हैं कोई और नहीं बल्कि यह गोपियां हैं इनके बारे में यह बताया जाता है कि शाम होते ही इनके साथ श्री कृष्ण रास लीला करने आते हैं यहां के न्य लोगों का कहना है कि शाम की आरती होने के बाद किसी भी को भी मंदिर या निधिवन के आसपास फटक नहीं चाहिए अगर कोई ऐसा करता है तो वह अंधा हो जाता है या अपना मानसिक संतुलन खो देता है अथवा पागल होकर कुछ दिनों बाद अपना दम तोड़ देता है इन रहस्यों के आगे तो वैज्ञानिकों ने भी अपने उठने ते टेक दिए हैं दोस्तों आज हम उस भगवान की बात करेंगे जो रोज साक्षात आते हैं और गोपियों संग रासलीला रचाते हैं फिर

भी हम उन्हें देख नहीं सकते और ना ही दृश्यों को कैमरे में कैद कर सकते हैं यहां तक कि कई बार न्यूज चैनल की टीम भी पहुंची और चुपके से कैमरा लगाने की कोशिश की लेकिन दूसरे दिन उन्हें कैमरे की मेमोरी क्रैश हुई मिली कैमरा तो सही था मेमोरी कैसे साफ हो जाती है दोस्तों इस वीडियो में हम निधिवन का पूरा राज खोलकर आपके सामने रख देंगे और यह भी बता देंगे कि उस न्यूज चैनल की टीम के साथ क्या हुआ जब आप एक-एक करके इन रहस्यों को जानेंगे तो आपके भी होश उड़ जाएंगे क्योंकि जो चीज हम बताने वाले हैं उसे पहले कभी नहीं सुना होगा इसलिए दोस्तों

वीडियो को अंत तक जरूर देखें और सब्सक्राइब करना ना भूले नमस्कार दोस्तों आप देख रहे हैं न्यूज आर्य वर्थ टाइम्स चैनल तो सबसे पहले हम निधिवन के बारे में जान लेते हैं कि आखिर यह इतना चर्चा में क्यों है तो निधिवन भारत उत्तर प्रदेश के वृंदावन में स्थित है जहां श्री कृष्ण ने अपनी अनेकों लीलाएं की थी और उन्हीं लीलाओं में से एक लीला श्री कृष्ण ने 16108 गोपियों के साथ रचाई थी और उसी रासलीला को पूरा करते करते सभी गोपियों की इच्छाएं पूरी की थी दोस्तों जैसा कि कि हमने पहले ही बताया कि निधिवन में तुलसी के अनेकों पेड़ हुए हैं जो कुछ इस प्रकार दिखाई देते हैं

लेकिन यह पेड़ कोई मामूली पेड़ नहीं यह वही गोपियां हैं जो रात होते ही अपने वास्तविक रूप में आ जाती हैं और श्री कृष्ण के साथ रासलीला करती है इस बात को अगर पुजारी सहित वहां के निवासियों से भी पूछते हैं तो वे भी आपको इसकी सच्चाई से रूबरू करा देंगे क्योंकि वृंदावन का बच्चा बच्चा इस सच्चाई सेपिक है और जब वहां के निवासियों ने इस बात के इस बारे में पूछा उन्होंने बताया कि शाम की आरती होने के बाद श्री कृष्ण और राधा जी यहां पर रोज रास लीला रचाने आते हैं जिस कारण रात के समय निधिवन में आना वर्जित है कहते हैं इंसान तो क्या पशु पक्षी भी वहां फटक नहीं

सकते क्योंकि ऐसा बताया जाता है कि रात के समय श्री कृष्ण अपनी गोपियों के साथ रास लीला रचाते हैं और जो इस लीला को गलती से भी अपनी आंखों से देख लेता है वह या तो अंधा हो जाता है

किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिये प्रत्येक राजस्व ग्राम में कैम्प लगाये जायेगें

फिरोजाबाद। : कैम्प लगाने के कार्य लेखपाल, एवं कृषि विभाग में कर्मचारियों के द्वारा किया जायेगा एवं सहायक मोड में पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बीसी सखी एवं कृषि सखी को समस्त ग्रामों में तैनात किया जा रहा है। कैम्प ग्राम सचिवालय अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर प्रात: 9:00 बजे से लगाये जायेगें। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु भारत सरकार द्वारा राजस्व विभाग के भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषकों को समेकिम करते हुये ऑनलाइन बकेट तैयार कर उपलब्ध करायी गयी है। लेखपाल द्वारा इन बकेट का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। इस योजना में समस्त कृषकों के सभी गाटों को सम्मिलित करते हुये कृषक के आधार से लिंक कराया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री में किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले गाटा संख्या, सहखातेदार के होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नम्बर, आधार संख्या, ई०के० वाई०सी० विवरण दर्ज होगा। फार्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों को कैम्प में अपना आधार कार्ड और आधार पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं खतौनी का प्रिंट आउट लेकर आना होगा। सबसे पहले वह कृषि विभाग की टीम के पास अपना आधार लेकर जायेगें जहां पर उनका ई०के०वाई०सी० एवं मोबाइल नम्बर का ओ०टी०पी०बेस्ड सत्यापन होगा। इसके बाद किसान लेखपाल के पास अपनी खतौनी और आधार लेकर जायेगें जहां पर कृषक के भूलेख विवरण को हटाने अथवा जोडने का कार्य लेखपाल के द्वारा करके फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। दिसम्बर 2024 से पी०एम०. किसान योजना अन्तर्गत मिलने वाली किस्त हेतु फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य होगा इसलिये सभी कृषक की फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण हेतु किसान स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकेगें। जिलाधिकारी महोदय, द्वारा राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की टीम बनाते हुये समस्त उपजिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिये है। कृषि विभाग के अधिकारियों को तहसील से समन्वय स्थापित करने हेतु लगाया गया है। समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला पंचायतीराज अधिकारी ग्राम प्रधानों के माध्यम से डुग्गी-मुनादी करवाकर कृषकों को कैम्प की तिथि की बारे में जानकारी प्रदान करेगें।

प्रमुख सड़कों के किनारे विकसित करें ढाबे और फूड कोर्ट: ठा. जयवीर सिंह

फिरोजाबाद : राज्य में पर्यटन बढ़ाने के लिए सड़क किनारे अच्छी पर्यटक सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए प्रदेश के सभी 12 टूरिस्ट सर्किट स्थित गंतव्य स्थलों तक प्रमुख सड़कों के किनारे ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट आदि विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के तहत दी जा रही 25 से 30 प्रतिशत तक की छूट पाने के लिए जो आवेदक योग्य है, उन्हें इस योजना का लाभ अवश्य मिले। पर्यटन एवं संस्कृक्ति मंत्री ठाकुर जयबीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में वे साइड एमिनिटीज जैसे डाबों, मोटल, फूड कोर्ट बनाने के लिए जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क, स्टांप ड्यूटी फो की सुविधा दी जा रही है। इकाइयों के निर्माण पर 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा, वर्तमान में संचालित वे साइड एमिनिटी में ओपन रेस्टोरेंट, फैमिली रेस्टोरेंट, एसी रूम, शौचालय, बच्चों के लिए प्ले एरिया, आरओ सिस्टम, माहयूलर किचन, फीजर, सोलर लाइट आदि लगाने पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग सभी मोटल, डाबा आदि का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार भी करेगा।

भाजपा में जिलाध्यक्ष के लिए मचा हुआ है घमासान

आगरा :भाजपा का पूरा तंत्र इन दिनों संगठन चुनावों में व्यस्त है। आज लखनऊ में चुनावों को लेकर बृहद स्तर पर बैठक हो रही है. जिसमें मंडल और जलि के चुनाव कार्यक्रम तय होने की उम्मीद है। भले ही अभी जिलाध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है, पर दावेदारों ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। बड़े नेता भी लामबंदी में जुटे हुए हैं। यूपी में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बार चुने जाने वाले जलिाध्यक्ष के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ा जाना है। इसलिए सभी बड़े नेता संगठन चुनाव में विशेष रुचि ले रहे हैं। सांसद, विधायकों के साथ ही चुनाव मैदान में उतरने की मंशा रखने वाले नेता भी अपने अपने दावेदार के लिए लामबन्दी करने में जुटे हुए हैं।

उनकी नजर जिलाध्यक्ष के चुनाव से पहले होने वाले मंडल अध्यक्ष के चुनाव पर भी है मण्डल अध्यक्ष इसलिए है महत्वपूर्ण संगठन के कार्यक्रम और सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ले जाने में मंडल अध्यक्ष सर्वाधिक महत्वपूर्ण कड़ी है। साथ ही चुनाव के वक्त भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार से लेकर प्रबंधन तक में मंडल अध्यक्ष महती भूमिका अदा करता है। इसके अलावा जलाध्यक्ष के चुनाव में मंडल अध्यक्षों की राय काफी मायने रखती है। यही बजह है कि क्षेत्र के बड़े नेताओं से लेकर जलिाध्यक्ष पद के दावेदार भी अपनी पसंद के मंडल अध्यक्ष बनवाने की फिराक में लगे हुए हैं। आगरा जलि में 26 मंडल हैं। हर मंडल में अध्यक्ष पद के लिए चार से लेकर पांच दावेदार है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए बैठकों का दौर लगातार चल रहा है। जिले के चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने मंडल के चुनाव अधिकारी भी घोषित कर दिए हैं। मंडल चुनाव अधिकारी अपने अपने मंडलों में जाकर बैठकें भी कर चुके हैं। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। प्रदेश संगठन की और से चुनाव की तिथि आते ही चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिलाध्यक्ष की दौड़ में दर्जनभर से ज्यादा नाम भाजपा में सबसे ज्यादा मारामारी जिलाध्यक्ष पद को लेकर चल रही है। बड़े नेता भी अपने-अपने खास नेता के लिए लाविंग कर रहे हैं। इसके लिए लंच व डिनर पॉलिटिक्स चल रही है। नेताओं ने जातिवार अपने अपने समर्थकों के नाम तय कर लिए हैं। अपने समर्थक को जलिाध्यक्ष पद बिठवाने के लिए वे कोई कसर नाहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा नेतृत्व के रुख को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार भी जलि की कमान किसी ओबीसी या एससी के हाथों में सौंपी जाएगी। हालांकि भाजपा में सक्रिय ब्राह्मण लाबी जलाध्यक्ष पद हासिल करने के लिए जी जान से जुटी है। ब्राह्मण छोमे का तर्क है कि जिले में संगठन से लेकर सरकार तक में क्षत्रियों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिला हुआ है। साथ ओबीसी में जाट समाज से सांसद व विधायक हैं। अन्य ओबीसी में कुशवाह समाज से विधायक होने के साथ ही वर्तमान जिलाध्यक्ष भी है। एससी समाज के भी दो विधायक व मंत्री है। जलि मेंकेवल ब्राह्मण समाज को कुछ नहीं मिला है। इसी आधार पर ब्राह्मण समाज के दावेदार नेतृत्व के सामने दमदारी से दावा ठोंक रहे हैं। यह तो वक्त ही बताएगा कि जिलाध्यक्ष का ताज किसके सिर पर बंधेगा पर दावेदार अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़नें ।

दक्षिण पुलिस टीम की जारी ताबड़तोड़ कार्यवाहियां, दहेज अधिनियम में अभियुक्त दबोचा

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम की ताबड़तोड़ कार्यवाहियां जारी है। इसी क्रम में दहेज अधिनियम मामले में वांछित अभियुक्त सुहागनगर चैराहा से थाना दक्षिण पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। थाना दक्षिण पुलिस टीम की थाना प्रभारी दक्षिण योगेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में ताबड़तोड़ कार्यवाहियां जारी हैं। इसी क्रममें मंगलवार दोपहर दो बजे करीबन सुहागनगर चैराहा से मुखबिर खास की सूचन पर दहेज अधिनियम में वांछित अभियुक्त राहुल उर्फ राजा पुत्र पुष्पेंद्र सिंह निवासी कौरारी थाना फरिहा को गिरफ्तार कर लिया। उसका मेडिकल सरकारी ट्रामा सेंटर में कराने के साथ ही अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

सांसद कंगना आज आगरा के कोर्ट में हो सकती है पेश, अभद्र टिप्पणी का है आरोप

आगरा : मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कगना रनौत अ ज कुमार सिंह की आगरा कोर्ट में पेश हो सकती है। कोर्ट द्वारा भेजा गया कंगना रनौत को दिल्ली के उनके पते दिनांक 19 नवंबर 24 को तथा दूसरा कुल्लू मनाली कंगना के स्थाई पते पर दिनांक 22 नवंबर 24 रिसीव हो चुके हैं। कुलू मनाली वाले पते पर भेजा गया नोटिस स्वयं कंगना को व्यक्तिगत रूप से रिसीव हुआ है। ट्रेक रिपोर्ट के मुताबिक आइटम डिलीवर दू कंगना की रिपोर्ट दर्शाई गई है। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा एडवोकेट ने कंगना रनौत के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में एक बाद दायर किया है जिसमें कंगना द्वारा अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक केंद्र सरकार द्वारा बनाए काले कानूनोंके विरोध में धरने पर बैठे लाखों किसानों के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी कि जो किसान धरने पर बैठे थे वहां हत्याएं हो रही थी बलात्कार हो रहे थे। और अगर उस समय देश का नेतृत्व मजबूत नहीं होता तो बांग्लादेश जैसे हालात पैदा हो जाते। इस तरह कंगना रनौत ने(किसानों को हत्यारा बलात्कारी और अलगाववादी कहकर अपमान किया है। बादी अधिवक्ता रमाशंकर शमां ने अपने बाद पत्र में आरोप लगाया है के कंगना ने 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति एक अपमानजनक टिप्पणी की थी जो दिनांक 17 नवंबर 2021 के सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई जिसमें कंगना ने कहा था कि गाल पर चांय खाने से भीख मिलती है आजादी नहीं। और कंगना ने यह भी कहा था कि 1947 में जो आजादी मिली वह महात्मा गांधी के भीख के कटोरा मिली थी। इस तरह कंगना ने स्वतंत्रता आंदोलन में हजारों देशभक्त शहीदों भगत सिंह राजगुरु सुखदेव चंद्रशेखर आजाद अशफाक अब खान जैसे शहीदों जो आजादी की लड़ाई में फांसी के फंदे पर झूल गए का अपमान किया है। वहीं सुभाष चंद्र बोस महात्मा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू सरदार वाक्भभाई पटेल मौलाना अब्दुल कलाम आजाद जैसे लाखों स्वतंत्रता सेनानियों जिन्होंने जेल की यातनाएं सही, उनका भी अपमान किया है।

भारतीय टीम अभ्यास मैच के लिए कैनबरा पहुंची

हर्षित को लॉलीपॉप देते दिखे ऋषभ

एजेंसी ■ कैनबरा

भारतीय क्रिकेट टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में शानदार जीत के बाद अब एडीलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए तैयारी कर रही है। दूसरा टेस्ट दिन-रात का होने के कारण आसान नहीं रहेगा। ऐसे में अपनी तैयारी को और बेहतर करने के लिए भारतीय टीम कैनबरा में दिन-रात का दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी।

जब भारतीय टीम पर्थ से कैनबरा के लिए रवाना हुई, तो खिलाड़ी मस्ती करते दिखे।ऋषभ पंत को हर्षल पटेल को लॉलीपॉप देते हुए भी देखा गया। इसका एक वीडियो भी बीसीसीआई ने जारी किया है। इसमें एयरपोर्ट पर भारतीय टीम को देखा जा सकता है।

कप्तान रोहित शर्मा भी टीम के साथ थे। वह दूसरे टेस्ट से एक बार फिर कप्तानी करेंगे। गुलाबी गेंद का अभ्यास मैच उनके लिए भी और भी अहम है क्योंकि वे अभी-अभी भारत से लौटे हैं और वे जल्द से जल्द अभ्यास करके ऑस्ट्रेलियाई हालातों के अनुसार ढ़लना चाहेंगे। बीसीसीआई के वीडियो में शुभमन गिल भी हैं पर उंगली की चोट के कारण उनके अभ्यास मैच से बाहर रहने की संभावना है। उनका दूसरे टेस्ट में खेलना भी संदिग्ध है और चूंकि रोहित शर्मा फिर से पारी शुरु करने की स्थिति में आ गए हैं, इसलिए राहुल दूसरे टेस्ट में नंबर 3 पर खेलेंगे। भारतीय टीम ने पहला टेस्ट मैच 295 रनों के बड़े अंतर से जीता था और अब वह एडिलेड ओवल में उसी लय को जारी रखना चाहेगी।

लीवरपूल में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में लीवरपूल और रियल मैड्रिड के बीच मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

ब्रीफ न्यूज़

आईएलटी 20 क्रिकेट लीग 11 जनवरी से शुरु होगा

दुबई। आईएलटी 20 क्रिकेट लीग के तीसरे सत्र का कार्याक्रम घोषित कर दिया गया है। इसमें पहला मुकाबला गत चैंपियन एमआई अमीरात और दुबई कैपिटल्स के बीच 11 जनवरी को होगा। इस टूर्नामेंट में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पंद्रह मैच खेले जाएंगे जबकि अबू धाबी में 11 मैच होंगे। शेष आठ मैचों का आयोजन प्रतिष्ठित शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट में कुल 34 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल 9 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। आईएलटी20 में छह फ्रेंचाइजी टीम एमआई अमीरात, दुबई कैपिटल्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स, डेजर्ट वाइपर, गल्फ जाइंट्स और शारजाह वारियर्स भाग लेंगी। आंद्रे रसेल, सुनील नारायण (अबू धाबी नाइट राइडर्स), डेविड वार्नर, निकोलस पूरन, जेसन रॉय, लॉकी फर्ग्यूसन जैसे विश्व के शीर्ष क्रिकेटर इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

रोनाल्डो, मेसी के 100 गोल वाले क्लब में शामिल हुए लेवांडोव्स्की

रोम। पोलैंड के पेशेवर फुटबॉलर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में 100 गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले ये उपलब्धि केवल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के नाम थी। लेवांडोव्स्की ने ब्रेस्ट के खिलाफ बार्सिलोना की 3-0 से जीत के दौरान ही चैंपियंस लीग में अपने 100वां गोल पूरे किये। इस स्टार स्ट्राइकर ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में प्रतियोगिता में अपना 101वां गोल दागा। चैंपियंस लीग में सबसे अधिक 140 गोल रोनाल्डो के नाम हैं जबकि मेसी के नाम 129 गोल दर्ज हैं। लेवांडोव्स्की ने 100 गोल करने पर कहा, 'यह बहुत अच्छी संख्या है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं चैंपियंस लीग में इतने गोल कर पाऊंगा। मैं क्रिस्टियानो और मेसी के क्लब में शामिल होकर उत्साहित हूं। लेवांडोव्स्की चैंपियंस लीग में अपने 125वें मैच में यहां तक पहुंचे हैं। मेसी ने 123 और रोनाल्डो ने 137 मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी। बार्सिलोना इस जीत के साथ ही लीग में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है।

आईपीएल नियमों के कारण धोनी और ऋषभ की कमाई में आया भारी अंतर

एजेंसी ■ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी से जहां कई खिलाड़ी रातो रात करोड़पति बन गये। वहीं कई की कीमतें घटी हैं। लीग के नये रिटेंशन नियमों से भी कई खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को आईपीएल के पहले सीजन में जितने पैसे मिले थे। उससे कहीं कम इस बार मिले हैं। धोनी अपनी ही टीम में कीमत के मामले में नौवें नंबर पर आ गये हैं। वहीं अगर धोनी की तुलना 2025 के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत से की जाती है तो जितनी धोनी की साल भर की कमाई है उतनी ऋषभ की दो मैचों की कमाई है।

नीलामी में ऋषभ पंत पर सबसे बड़ी बोली लगी और उन्हें लखनऊ पर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं धोनी को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 4 करोड़ रुपए में रीटेन किया है। सीएसके ने आईपीएल के लिए 5 खिलाड़ी रीटेन किए, जिसमें सबसे कम पैसे धोनी को ही मिले हैं। इसका कारण आईपीएल का नया नियम है जिसमें धोनी को अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर रीटेन किया जाना था और इसमें 4 करोड़ से अधिक नहीं दिये जा सकते। आईपीएल 2025 से पहले अनकैप्ड प्लेयर को लेकर कुछ नियम बदले थे, जिसमें 5 साल पहले संन्यास ले चुके क्रिकेटर को अनकैप्ड मानने पर सहमति बनी थी। इसी कारण ऋतुराज गायकवाड़, रवींद्र जडेजा, मथीशा पथिराणा और शिवम दुबे जैसे नये खिलाड़ियों को भी धोनी से ज्यादा पैसे देकर रीटेन किया गया है।

वहीं सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ और धोनी की कमाई में अंतर देखा जाये तो ऋषभ की टीम यदि फाइनल खेलती है तो वह पूरे सीजन में 16 या 17 मैच खेलेगी. अगर हम इसे 17 मैच मान लें कि पंत को एक मैच के औसतन 1.80 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसी तरह अगर चेन्नई सुपरकिंग्स फाइनल में पहुंचे और धोनी 17 मुकाबलों में उतरें तो उनकी प्रति मैच कमाई 23.52 लाख रह जाएगी। धोनी और पंत की इस कमाई में मैच फीस शामिल नहीं है। आईपीएल में पहले मैच फीस नहीं मिलती थी। साल 2025 से अब खिलाड़ियों को मैच फीस भी मिलेगी. इसी तरह यदि सीएसके नॉकआउट राउंड में पहुंचने में नाकाम रहे और धोनी ग्रुप स्टेज के सारे मुकाबले खेलें तो उनकी प्रति मैच फीस 28.57 लाख रुपए रहेगी। अगर लखनऊ नॉकआउट राउंड से बाहर हो जाए और पंत सारे ग्रुप मैच खेलें तो उनकी प्रति मैच फीस 1.92 करोड़ रुपए रहेगी। यदि लखनऊ सुपर जायंट्स नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो जाती है तो ऋषभ को दो मैच में औसतन 3.84 करोड़ रुपए मिलेंगे। यह धोनी के पूरे साल के वेतन से थोड़े ही कम होंगे।

वेंकटेश को महंगे दामों पर खरीदने के फैसले का ब्रावो ने बचाव किया

जेद्दा। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने बड़ी नीलामी के जरिये वेंकटेश अय्यर को मोटी कीमत पर टीम से जोडने के फैसले का बचाव किया है। ब्रावो ने कहा कि हमारा लक्ष्य खिताब जीतने वाली टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखना था जिसमें हम सफल रहे। ये भी माना जा रहा है कि वेंकटेश को कप्तानी भी दी जा सकती है। वहीं आलोचकों को कहना है कि अगर उन्हें नेतृत्व दिया जाना टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा था तो उन्हें रिटेन किया जाना था पर ऐसा नहीं किया गया। वहीं ब्रावो ने कहा, ' वेंकटेश जोड़ना हमारे लिए मुख्य प्राथमिकताओं में से एक था, जैसा कि आप देख सकते हैं हमने उसके लिए पूरा जोर लगा दिया। उन्होंने कहा, 'यह अच्छा है हमारे पास चैंपियनशिप जीतने वाली टीम के 90 प्रतिशत खिलाड़ी हैं। यह अपने आप में सकारात्मक संकेत है। जब आप शुरू से टीम तैयार करते हैं तो यह अहम है कि आप अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखें क्योंकि संयोजन तैयार करना आसान नहीं होता है। वेंकटेश को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वह दो दिवसीय आईपीएल नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। ब्रावो तेज गेंदबाज उमरान मलिक के केकेआर से जुड़ने को लेकर भी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'वह जिस गति से गेंदबाजी करता हैं, मैं हमेशा उसकी सराहना करता रहा हूं।

विलियम्सन की शानदार वापसी पर 33वां शतक पूरा नहीं कर पाये



एजेंसी ■ नई दिल्ली

क्राइस्टचर्च (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियम्सन ने चोट से उबरकर टेस्ट क्रिकेट में अच्छी वापसी करते हुए. इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच में 93 रन बनाये पर वह अपना 33 वां शतक पूरा नहीं कर पाये। इस मैच में दबाव के बीच ही विलयम्सन ने अच्छी बल्लेबाजी की। वह तेज गेंदबाज गट एटकिंसन का शिकार बने। विलियम्सन की पारी से उनकी टीम अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। ये साल 2018 के बाद पहला मौका है जब विलियम्स टेस्ट में नर्वस नाइंटीज का शिकार बने। इससे पहले वह पिछली पारियों में 90 रनों से ऊपर पहुंचने के बाद शतक लगाने में सफल रहे थे। विलियम्सन ने 197 गेंदों में 93 रन बनाए जिसमें 10 चौके शामिल थे। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की पर विलियम्सन की अच्छी पारी से मेजबान टीम पांच विकेट पर 225 रन बनाने में सफल रही।

वं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने इस मैच में उतरते ही अपना 150वां टेस्ट मैच खेला। रूट 150 टेस्ट खेलने वाले इंग्लैंड के चौथे बल्लेबाज हैं! इससे पहले इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन ने 188 जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड ने 167 टेस्ट खेले हैं। विलियम्सन इस बार आईपीएल नीलामी में नहीं बिके। वहीं पिछले साल वह गुजरात टाइटंस की टीम में थे पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला।

आईपीएल में इस बार सबसे अधिक विदेशी खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के होंगे

एजेंसी ■ मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में सबसे अधिक रकम तीन भारतीय खिलाड़ियों को मिली है और सबसे अधिक बोली भी भारतीय खिलाड़ियों पर लगी। नीलामी में कुल 182 खिलाड़ियों पर बोली लगी, इनमें 120 खिलाड़ी भारत के हैं। वहीं बाकी 62 खिलाड़ी विदेशी हैं। विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा बोली दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों पर लगी। आईपीएल की तमाम फ्रेंचाइजी ने दक्षिण अफ्रीका के 14 खिलाड़ियों को खरीदा जबकि ऑस्ट्रेलिया के 13 और इंग्लैंड के 12 खिलाड़ियों पर बोली लगी। इसके अलावा न्यूजीलैंड के 7 जबकि अफगानिस्तान और श्रीलंका के 6-6 खिलाड़ियों पर दांव लगा। वहीं हैरान की बात है कि वेस्टइंडीज के 4 खिलाड़ियों पर ही इस बार बोली लगी जबकि पहले इंडीज खिलाड़ियों को काफी अवसर मिलते थे।

नीलामी में खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से भले ही दक्षिण अफ्रीका आगे निकल गया हो पर जहां तक पैसों की बात वह ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से पीछे है। दक्षिण अफ्रीका के 14 खिलाड़ियों पर कुल मिलाकर 47.5 करोड़ की बोली लगी जबकि इंग्लैंड के 12 खिलाड़ी ही 70.25 करोड़ रुपए में बिक गये। वहीं ऑस्ट्रेलिया के 13 खिलाड़ियों पर ही कुल 66.7 करोड़ रुपए की बोली लगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के तीन-तीन खिलाड़ियों पर 10 करोड़ से ज्यादा की बोलियां लगीं। इंग्लैंड के जॉस बटलर ऑक्शन में सबसे महंगे बिकने वाले विदेशी खिलाड़ी रहे। गुजरात टाइटंस ने जॉस बटलर पर 15.75 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी जबकि दक्षिण अफ्रीका के केवल एक खिलाड़ी कैगिसो रबाडा पर ही 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की बोली लगी।

दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया ऑलराउंडर वेबस्टर को शामिल

एडीलेड। ऑस्ट्रेलिया ने यहां भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए चोटिल मिचेल मार्श के विकल्प के तौर पर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल किया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरुा होगा। पर्थ में खेले गए शुरुआती टेस्ट के दौरान मार्श की मांसपेशियों में खिचांव आ गया था। इस कारण उनका दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। वेबस्टर ने हाल में ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया था। वेबस्टर ने टीम में बुलाये जाने पर कहा, 'ऑस्ट्रेलिया ए के लिए कुछ रन और विकेट हासिल करना सुखद रहा। जब भी आप 'ए' टीम के लिए खेलते हैं, तो यह टेस्ट से एक स्तर नीचे होते हैं, इसलिए यह आपको अच्छी स्थिति में रखता है। मैच खत्म होने के बाद चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली का फोन कॉल आना मेरे लिए सुखद था। मैं टीम से जुड़ने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।'वेबस्टर ने अब तक अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है पर पिछले दो साल में शेफील्ड शील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच शतक और 9 अर्द्धशतक की सहायता से 1788 रन बनाए हैं। ब्यू वेबस्टर ने इस सप्ताह के शुरू में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया के शेफील्ड शील्ड मैच में शानदार प्रदर्शन किया था।

मीराबाई विश्व चैंपियनशिप से बाहर रहेगी, ज्ञानेश्वरी करेंगी भारतीय दल का नेतृत्व

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मीराबाई चानू अगले सप्ताह 6 दिसंबसर से बहरीन के मनामा में होने वाली भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगी। चानू ने कहा है कि उन्होंने ये फैसला अपना 'रिहैबिलिटेशन जारी रखने के लिए लिया है। चानू ने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 49 किग्रा श्रेणी में चौथे स्थान पर रहने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक के बाद से ही मीरा अभी भी रिहैबिलिटेशन में हैं। वह इस विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेगी। कोच के अनुसार चानू के नहीं रहने से राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव छह दिसंबर से शुरू होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी।

पिछले साल एशियाई खेलों में चोट लगने के बाद से ही मीराबाई की फिटनेस को लेकर पेरिस ओलंपिक के दौरान भी चर्चा होती रही। एशियाई खेलों में पदक जीतने का उनका सपना पिछले साल टूट गया था क्योंकि वह सिर्फ यही ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। कोच ने कहा, ' चानू के लिए स्वस्थ होना अहम है क्योंकि हमें 2026 राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की तैयारी शुरू करनी होगी।

चानू के नहीं रहने से राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव छह दिसंबर से शुरू होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी। ज्ञानेश्वरी 49 किलो वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी 55 किग्रा और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और खेलो इंडिया भारोत्तोलन लीग की स्वर्ण विजेता दितिमोनी सोनोवाल 64 किग्रा अन्य दो भारतीय भारोत्तोलक हैं जो विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

महिला टीम : ज्ञानेश्वरी यादव (49 किग्रा), बिंदिरानी देवी (55 किग्रा), दितिमोनी सोनोवाल (64 किग्रा)।

प्रतिभाओं को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, एक्सपर्ट कोचिंग स्टाफ और उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए जाएंगे

पंजाब में फुटबॉल को बढ़वा देने मिनर्वा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरु

एजेंसी ■ चंडीगढ़

अब पंजाब से भारतीय फुटबॉल को प्रतिभाएं मिलेंगी। अब शेरगिल सॉकर अकादमी के सहयोग से पंजाब के फगवाड़ा में मिनर्वा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरु हुई है। मिनर्वा एकेडमी में मिलने वाली अत्याधुनिक सुविधा से जमीनी स्तर पर फुटबॉल का विकास होगाहै। मिनर्वा एकेडमी में प्रतिभाओं को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, एक्सपर्ट कोचिंग स्टाफ और उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए जाएंगे जिससे फुटबॉल की एक नई पीढ़ी निकलेगी।

अकादमी के प्रमुख रंजीत बजाज ने कहा,÷मिनर्वा एकेडमी एफसी जमीनी स्तर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह उत्कृष्टता केंद्र पंजाब के युवाओं को शीर्ष-गुणवत्ता वाली कोचिंग और सुविधाओं तक पहुँच प्रदान करके सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उनके पास राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उपकरण हों। इससे पंजाब का फुटबॉल आगे आएगा और कुल मिलाकर देखा जाये तो भारतीय फुटबॉल को सहायता मिलेगी।

वहीं अकादमी से जुड़े ऋषभ नागपाल ने कहा,÷यह पहल दोआबा क्षेत्र की फुटबॉल विरासत को फिर से जीवंत करने के बारे में है। मिनर्वा की विशेषज्ञता और शेरगिल सॉकर अकादमी की जमीनी स्तर पर पहुंच के साथ हमारा लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करना है।

मिनर्वा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक व्यापक प्रशिक्षण ढांचा प्रदान करता है जो तकनीकी, सामरिक, शारीरिक और मानसिक विकास पर जोर देता है। मिनर्वा अकादमी एफसी, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को तैयार करने के अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय प्रतियोगिता और पेशेवर कोचिंग के नियमित प्रदर्शन से लाभान्वित करता है। रंजीत बजाज और मिनर्वा एफसी के नेतृत्व में यह पहल आशा और उत्कृष्टता की किरण के रूप में खड़ी है, जिससे पंजाब में फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा।

शमी जमकर पिटे, श्रेयस की शानदार बल्लेबाजी, पृथ्वी फिर शून्य पर आउट हुए

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वापसी अच्छी नहीं रही है। शमी की गेंदों को एक नये बल्लेबाज मोहित जांगड़ा ने जमकर पीटा है। बंगाल की ओर से खेलते हुए शमी इस मैच में मिजोरम की टीम के खिलाफ 4 ओवर में 46 रन देकर एक भी विकेट नहीं ले पाये। बंगाल टीम इसके बाद भी इस मैच को जीतने में सफल रही। मिजोरम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 157 रन बनाए। मोहित जांगड़ा ने 80 रन जबकि अग्नि चोपड़ा ने 13 रन बनाए। वहीं बंगाल की ओर से कनिष्क सेठ, सयान घोष और करन लाल ने एक-एक विकट लिए। इसके बाद 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल की टीम ने आसानी से मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने 45 गेंद में 81 रन बनाये। इस दौरान उन्हें साथी सलामी बल्लेबाज करन लाल का भी अच्छा साथ मिला। करन ने 67 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद हबीब गांधी और ऋत्विक रॉय चौधरी ने 16वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। वहीं एक अन्य मैच में मुंबई ने महाराष्ट्र को 5 विकेट से हराया। इस मैच में मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 39 गेंद में 71 रन बनाये। वहीं अजिंक्य रहाणे ने 34 गेंद में 52 रन बनाए। आईपीएल नीलामी में नहीं बिके पृथ्वी शॉ इस मैच में भी शून्य पर ही आउट हो गये।

गाजीपुर। कोहरे को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन वाराणसी मंडल की ओर से चार ट्रेनों का विभिन्न तिथियों में निरस्तीकरण किया गया है। इनमें अप व डाउन में छपरा एक्सप्रेस व दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस शामिल है। निरस्तीकरण की तिथियों के अलावा अन्य तिथियों में इन ट्रेनों का संचालन पूर्ववत किया जाएगा।

बरेली पुल हादसे की मुख्यमंत्री तक जाएगी फाइल, जिम्मेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ बरेली

बरेली-बदायूं जिले की सीमा पर बने अधूरे पुल से कार गिरने पर तीन लोगों की मौत के मामले में जिम्मेदारों पर गाज गिरेगी।

घटना की जांच रिपोर्ट सीएम योगी तक जाएगी। इसके बाद ही विभागीय जांच और कार्रवाई होगी। मुख्य अभियंता अजय कुमार ने प्रांतीय खंड बदायूं के अधिशासी अभियंता नरेश कुमार, सहायक अभियंता मोहम्मद आरिफ व अभिषेक कुमार, अवर अभियंता अजय गंगवार और महाराज सिंह के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के साथ जांच रिपोर्ट प्रमुख अभियंता को भेज दी है। अप्रोच रोड बहने के बाद भी आवागमन बाधित करने के लिए प्रभावी अवरोधक न लगाए जाने के लिए अभियंताओं को जिम्मेदार माना गया गया है। इधर, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ उप्र की बरेली और बदायूं इकाई के अभियंता उन चार अभियंताओं का पक्ष लेकर मुख्य अभियंता से मिले, जिन पर प्रशासन ने एफआईआर कराई है। जो काम रनिंग में है, उसके लिए जेई व एई को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जवाबदेही तय करने से पहले स्पष्टीकरण मांगना चाहिए था।

पीडब्ल्यूडी के पांच इंजीनियरों पर गिरेगी योगी की गाज

सवाल-क्यों कराई एफआईआर

हादसे में तीन लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार अभियंता अब सवाल उठा रहे हैं कि उन पर एफआईआर क्यों कराई गई। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अभियंता से मिलकर इसे एकतरफा कार्रवाई बताते हुए नाराजगी जाहिर की। सवाल उठाया कि कार्रवाई से पहले अभियंताओं का पक्ष क्यों नहीं सुना गया। मुख्य अभियंता अजय कुमार ने कहा कि प्राथमिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की संस्तुति की गई है। विस्तृत जांच में अभियंताओं का पक्ष सुना जाएगा।

अधूरे पुल से गिरी थी कार

दातागंज से बरेली के फरीदपुर जाने वाले मार्ग पर मुड़ा गांव के पास में पुल बना हुआ है। सितंबर 2023 में बाढ़ आने पर फरीदपुर की ओर पुल का एप्रोच रोड वह गया था, तभी से इस पुल पर आवागमन बंद चल रहा था, लेकिन अधूर पुल पर जाने के लिए कोई अवरोधक व संकेतक नहीं लगाए गए थे। दूसरी ओर गूगल मैप पर इस रास्ते को सही दिखाया जा रहा था। इसकी वजह से रविवार तड़के कार सवार तीन लोग हादसे का शिकार हो गए। वह गूगल मैप के सहारे आगे चलते चले गए और पुल खत्म होते ही उनकी कार 20 फुट नीचे जा गिरी, जिससे तीनों लोगों की मौत हो गई थी।

ब्रीफ न्यूज

महाकुंभ में हिंदू परिषद के 90 हजार कार्यकर्ता करेंगे सेवा

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के काशी महानगर की बैठक अस्सी स्थित श्री रामानुज कोट प्रांगण में हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश के प्रभारी राजू भारद्वाज ने बताया कि डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देशानुसार महाकुंभ में 90 हजार राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता सेवा के लिए मौजूद रहेंगे। परिषद महाकुंभ में थ्री लेयर के टेंट में 10 हजार लोगों के रहने की व्यवस्था के साथ ही दो लाख लोगों को प्रतिदिन भोजन कराएगी। प्रभारी ने बताया कि एक लाख लोगों के लिए कंबल, दवा, मेडिकल, चेकअप की व्यवस्था की गई है। बैठक में महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही 16 दिसंबर को डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के काशी आगमन की तैयारियों की समीक्षा हुई।

पूर्व विधायक शाहनवाज राना किए गए गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। कोर्ट से गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने बिजनौर के पूर्व विधायक शाहनवाज राना को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सरकार बनाम शाहनवाज राना की पत्रावली में पिछले महीने ही गैर जमानती वारंट जारी हुए थे। नोटिस के बावजूद राना कोर्ट में पेश नहीं हुए। मंसूरपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पूर्व विधायक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया।

जालौन में बंधक बना नर्स के साथ किया दुष्कर्म

जालौन। उरई में शहर के एक मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय महिला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात है। उसने पुलिस को बताया कि वह प्रतिदिन की तरह गुरुवार को स्कूटी से सुबह के समय ड्यूटी के लिए निकली थी। मुसमरिया मोड़ से पहले सुहाखर खेड़ा के पास सूनसान इलाके में आरोपी गोविंद, राममिलन, जयंती देवी, और उसकी मां इन चारों ने स्टाफ नर्स को रोक लिया। उसको पकड़ लिया और जंगल में ले गए। जंगल में ले जाकर उसको बंधक बना कर मारापीटा और उसके साथ दुष्कर्म किया। जंगल में काम कर रहे किसानों ने जब उसका शोर सुना तो बचाव के लिए दौड़े, इसी बीच आरोपित वहां से भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी जयंती देवी उस पर शक करती हैं कि उसके पति का मेरा मिलना जुलना है। उसके बाद जयंती देवी ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। उसने बदला लेने के लिए दो लोगों को साथ लेकर उसके साथ गलत काम कराया और उसका मोबाइल, नकदी लूट ली और मारपीट की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सर्वे के दौरान फरहत ने ही फैलाई थी अफवाह

संभल हिंसा का साजिशकर्ता गिरफ्तार

आरोपियों के पोस्टर जारी होने के बाद पुलिस का बड़ा एक्शन, अब तक 27 की गिरफ्तारी, सात पर एफआईआर दर्ज

हिंसा में शामिल उपद्रवियों पर होगी सख्त कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ संभल

संभल में 24 नवंबर को हुए पथराव और हिंसा के मामले में पुलिस ने अफवाह फैलाने के आरोप में एक साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसकी पहचान फरहत के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दावा किया था कि हिंसा के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क, एसपी मीडिया सेल और ज्ञानवापी मस्जिद समिति के सचिव पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया। जैन ने स्पष्ट किया कि उन्होंने मौके पर कोई नारेबाजी नहीं की और एएसआई सर्वे के बाद पुलिस के संरक्षण में वहां से लौटे थे। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए कि मैं जय श्रीराम के नारे लगाते हुए वहां भीड़ लेकर गया और हिंसा भड़काई, जबकि यह पूरी तरह गलत है। मैं प्रशासन और अधिकारियों के साथ वहां गया था।

तीन नाबालिग भी थे शामिल

मुरादाबाद मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने पुष्टि की कि इस घटना में तीन नाबालिग भी शामिल थे। यह हिंसा मस्जिद पर किए गए सर्वे के दौरान हुई। पुलिस ने हिंसा के संबंध में अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 25 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। घटना को लेकर सात एफआईआर दर्ज की गई हैं।

मृतकों और घायलों की स्थिति- इस पथराव में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पुलिस- प्रशासन और स्थानीय लोग घायल हुए हैं। संभल में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार सुरक्षा बल तैनात हैं।

पुलिस-प्रशासन की अपील: पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने इलाके में किसी भी अफवाह या गलत जानकारी को रोकने के लिए कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है।

पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए पत्थरबाजी की घटना के बाद संभल पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। अतिरिक्त एसपी श्रीशचंद ने कहा, हमने सुरक्षा को सख्त किया है। आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हम सभी कार्यक्रमों को सुरक्षित रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फिलहाल हिंसा का कोई संकेत नहीं है। पुलिस ने सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित की है।

संभल हिंसा के पीछे पुलिस -सपा सांसद बर्क बोले

इधर, संभल हिंसा को लेकर सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि संभल का माहौल पहले शांतिपूर्ण था, लेकिन पुलिस की कार्रवाई के कारण हिंसा भड़क गई। सांसद ने आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद पुलिस ने सर्वे करवाने में जल्दबाजी की जिससे लोग भड़क उठे। बर्क ने कहा, मैं यूं ही कुछ नहीं कह रहा, सबूतों के आधार पर कह रहा हूं कि इस हिंसा के पीछे पुलिस है। कोर्ट का आदेश आने के बाद एक घंटे के भीतर सर्वे शुरू कर दिया गया। बाहर खड़े लोग सिर्फ यह जानना चाहते थे कि सर्वे क्यों हो रहा है। उन्हें मौखिक जवाब चाहिए था, लेकिन पुलिस ने लाठियों और गोलियों से जवाब दिया। सांसद ने कहा कि संभल हमेशा से सभी धर्मों के लोगों के बीच भाईचारे और शांति का प्रतीक रहा है। प्रशासन ने स्थिति को संभालने के बजाय और बिगाड़ दिया।

सांसद के पिता के भी गंभीर आरोप - सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलुकुर्रहमान बर्क ने भी बवाल का जिम्मेदार पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को बताया है। भीड़ को पुलिस प्रशासन द्वारा उकसाया गया। इसके बाद ही भीड़ उग्र हो गई। इसमें पांच लोगों की जान चली गई। इस मामले में शासन द्वारा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके।

ईवीएम के फुटेज और वीडियोग्राफी रखें सुरक्षित

अलीगढ़ लोकसभा चुनाव केसः हाईकोर्ट ने कहा

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को अलीगढ़ लोकसभा चुनाव की ईवीएम के फुटेज और वीडियोग्राफी सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और विपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने अलीगढ़ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार चौधरी बिजेंद्र सिंह की याचिका पर दिया है। लोक सभा चुनाव 2024 में सपा उम्मीदवार बिजेंद्र सिंह ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनावों में भाजपा ने बेईमानी की है। मतगणना के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी कर उन्हें हराया गया है। इसे लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनके अधिवक्ता महमूद प्राचा व उमर जामिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दलील दी कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की गई है। ईवीएम के मौजूदा सेट में हैकिंग, छेड़छाड़ और नकली वोट नहीं डाले जा सकते, इसकी कोई प्रमाणित गारंटी नहीं है।

27 जनवरी को सुनवाई

न्यायालय ने पक्षों को सुनने के बाद चुनाव से संबंधित वीडियोग्राफी सीसीटीवी फुटेज, फॉर्म 17-सी व अन्य दस्तावेज चुनाव आयोग को सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने चुनाव आयोग से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 27 जनवरी, 2025 को होगी।

सपा उम्मीदवार ने लगाए आरोप

बिजेंद्र सिंह ने ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर पर मतदान कराने और दोबारा मतगणना करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा के सतीश कुमार गौतम ने 5,01,834 वोट हासिल किए और 15,647 वोटों से जीत हासिल की। आरोप लगाया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने 11 ईवीएम के वोट नहीं गिने। 23वें से 28वें चरण की मतगणना में धांधली कर उन्हें हराया गया। इसकी जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखित शिकायत की थी।

राम और निषादराज की गले मिलते प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे

पहली बार प्रधानमंत्री गंगा पूजन कर महाकुंभ का करेंगे आगाज

13 दिसंबर को आएंगे मोदी, तैयारियों की समीक्षा कर चुके योगी

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को खुद गंगा पूजन कर महाकुंभ-2025 की शुरुआत करेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री महाकुंभ आयोजन की शुरुआत करेंगे। इससे पहले आमतौर पर डीएम या मेलाधिकारी ही गंगा पूजन कर माघ मेला या कुंभ की शुरुआत करते रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी महाकुंभ एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर चुके हैं। संगम से पहले उनका

शृंग्वेरपुर धाम में कार्यक्रम प्रस्तावित है। वहां निषादराज पार्क, भगवान राम एवं निषादराज की गले मिलते प्रतिमा, घाट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद अरैल पहुंचेंगे और वहां से निषादराज क्रूज से संगम आएंगे। संगम नोज पर आयोजित सभा में प्रधानमंत्री साढ़े छह हजार करोड़ रुपए लागत की 150 से अधिक निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री गंगा पूजन करेंगे।

मोदी ने की क्विज की घोषणा

मोदी ने युवाओं के लिए क्विज की घोषणा की है। क्विज के जरिये युवा ऐतिहासिक विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का हिस्सा बन सकेंगे। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह उनका अमिट योगदान होगा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में युवाओं से कहा, यह आपके विचारों को सरकार के सर्वोच्च स्तर तक सुनने का एक बहुत ही विशेष अवसर है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन अगले साल 11-12 जनवरी को होना है।

लोकार्पण के तीसरे साल ताजा होंगी समारोह की यादें

काशी विश्वनाथ धाम...शिव बरात में दिखेगी महाकुंभ की झांकी

गीत-संगीत के साथ ही बाबा विश्वनाथ का होगा अभिषेक

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

श्री काशी विश्वनाथ धाम के तीसरे लोकार्पण समारोह में सांगीतिक अनुष्ठान के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। शास्त्रीय गीत-संगीत और लोकगीत के साथ ही नामचीन कलाकार भी बाबा के धाम में स्वर साधना करेंगे। धाम में 13 दिसंबर को होने वाले लोकार्पण समारोह के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर न्यास के साथ ही शहर की संस्थाओं की ओर से भी आयोजन होंगे। 13 दिसंबर को श्री काशी विश्वनाथ धाम का तीसरा लोकार्पण समारोह मनाया जाएगा। मंदिर चौक पर होने वाले सांस्कृतिक आयोजन में शास्त्रीय गायन और वादन के साथ लोकगीत का भी आयोजन होगा। कलाकारों की सूची तैयार की जा रही है। सुबह धाम में बाबा विश्वनाथ रुद्राभिषेक, बिल्वार्चन और षोडशोपचार पूजन होगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि शास्त्रीय गायन, वादन और लोकगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

शोभा यात्रा भी निकलेगी

शिव बरात समिति की ओर से मैदागिन से चितरंजन पार्क दशाश्वमेध तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बनारस के धार्मिक संगठन सहभाग करेंगे। इसमें भगवान के स्वरूप और झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इसके अलावा परंपरागत ढंग से बैंड, ढोल, डमरू दल और शंखवादकों की टोली भी रहेगी।

कवायद 1.2 किमी के दायरे में प्रतिबंधित हुए वाहन, ट्रैफिक मैनेजमेंट बड़ी चुनौती

इमामबाड़ा-रूमी गेट का इलाका बनेगा हेरिटेज जोन

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

टीले वाली मस्जिद से छोटा इमामबाड़ा तक हेरिटेज जोन बनेगा। यहां पर सभी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से पाबंदी होगी। पैदल या गोल्फ कार्ट में इस 1.2 किमी के हेरिटेज जोन में घूमा जा सकेगा। इसको लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने संबंधित विभाग के अफसरों संग बैठक की। हालांकि हेरिटेज जोन बनने के बाद ट्रैफिक मैनेजमेंट करना बड़ी चुनौती होगी। मंडलायुक्त ने कहा कि चार पहिया, दो पहिया समेत अन्य वाहनों का हेरिटेज जोन में स्थायी रूप से प्रवेश बंद किया जाएगा। पर्यटक पैदल या गोल्फ कार्ट के जरिये यहां घूम सकेंगे। अगर वाहन चलेंगे तो पर्यटकों को दिक्कत होगी। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को स्थायी पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस काम में नगर निगम भी मदद करेगा। पार्किंग उनके लिए बनाई जाएगी, जो लोग स्थल पर भ्रमण करने आएंगे। मंडलायुक्त ने दोनों पटरियों पर जो वाहन स्थायी रूप से खड़े हैं, उनको चिह्नित कर क्रेन की मदद से हटवाने के निर्देश दिए।



बढ़ेगी पार्किंग की क्षमता

हेरिटेज जोन के मद्देनजर घंटाघर के पीछे की पार्किंग की क्षमता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ पॉइंट चिह्नित करके गोल्फ कार्ट व ई-रिक्शा के लिए स्टैंड विकसित किए जाएं। जरूरत के हिसाब से गोल्फ कार्ट और ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा ताकि हेरिटेज जोन की सुंदरता कायम रहे।

रास्तों में बदलाव पर मंथन

जहां पर हेरिटेज जोन बनाया जा रहा है, उस मार्ग से काफी वाहन गुजरते हैं। खासकर पुराने लखनऊ का ट्रैफिक इधर से ही गुजरता है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने प्लान बनाना शुरू कर दिया है। शहीद स्मारक की तरफ से चौक और ठाकुरगंज की तरफ जाने वाले वाहनों को कन्वेंशन सेंटर, मेडिकल कॉलेज की तरफ डायवर्ट किया जाएगा जिससे ये वाहन चौक चौराहे होते हुए आगे जा सकेंगे। उधर से आने वाले वाहन ठाकुरगंज की तरफ से मेडिकल कॉलेज चौराहा होते हुए लिंब सेंटर व शहीद स्मारक की तरफ जा सकेंगे। बंधे की तरफ जाने वाले वाहन टीले वाली मस्जिद के पीछे की तरफ से आ-जा सकेंगे। इस तरह के डायवर्जन पर अफसर विचार कर रहे हैं।

हवा में आदेश...बिना वर्दी दौड़ा रहे रोडवेज बस

रिमांडर के बाद भी चालक-परिचालक नहीं सुधरे

सत्ता सुधार ■ मथुरा

मथुरा परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक का आदेश चालक-परिचालकों के लिए कोई मायने नहीं रखता है। तभी को कई बार के रिमांडर के बाद भी चालक-परिचालक वर्दी में ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। मथुरा डिपो में कुल 399 चालक-परिचालक हैं जो कि अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं।

परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने 2023 में चार्ज संभालने के बाद चालक-परिचालकों को वर्दी में ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्हें अपनी शर्ट पर नेम प्लेट लगाने के भी निर्देश दिए, लेकिन आज तक



अधीनस्थ उनके आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। चालक-परिचालक अपनी मर्जी के कपड़े पहनकर ड्यूटी कर रहे हैं। मथुरा डिपो में 264 परिचालक और 135 चालक हैं। इनमें से कुछेक को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी बिना वर्दी के ड्यूटी करते हैं। नेम प्लेट तो कोई चालक-परिचालक नहीं लगाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताया कि समय-समय पर सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया जाता है कि वह वर्दी में आने वाले चालक-परिचालकों को ही ड्यूटी पर भेजें। इसके बाद भी यदि कोई चालक परिचालक वर्दी पहनकर नहीं आ रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

कार्रवाई का प्रावधान

बिना वर्दी में पाए जाने पर पहली बार में 100 रुपये, दूसरी बार में 200 रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। इसके बाद तीसरी बार बिना वर्दी के पकड़े जाने पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाती है। वहीं, परिवहन निगम चालक-परिचालकों को वर्दी के लिए 18 सौ रुपए देता है, ताकि वह अपनी वर्दी बनवाएं और उसे पहनकर ड्यूटी करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100।
भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।